हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 11 खेल



**सिक्सर किंग बने अभिषेक शर्मा, इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 में सबसे तेज 100 छक्के**

Page 09 देश

**हिंदू मंदिरों के पैसे से नहीं बनेंगे मॉल और हॉल, सीएम थलापति विजय ने रद्द किए 46 प्रोजेक्ट्स**



कृष्ण पक्ष, धनिष्ठा, विक्रम संवत् 2083 • औरंगाबाद • शुक्रवार • 03 जुलाई 2026 • वर्ष 28 • अंक 211 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 1,31,800 | ₹ 2,40,000 |

## आज का इतिहास

**1979 :** दूसरा हावड़ा ब्रिज का निर्माण जिसे विद्यासागर सेतु के नाम से जाना जाता है, का निर्माण शुरू हुआ। विद्यासागर पुल भारत के पश्चिम बंगाल राज्य में हुगली नदी पर बना एक टोल ब्रिज है। यह कोलकाता के शहरों को जोड़ता है। कुल आठ सौ तेईस मीटर की लंबाई के साथ, विद्यासागर सेतु भारत का सबसे लंबा केबल स्टे ब्रिज है और एशिया में सबसे लंबा है।

**1754 :** फ्रेंच और भारतीय युद्धः किले की आवश्यकता की लड़ाई - जॉर्ज वॉशिंगटन ने फ्रांसीसी कैप्टन लॉयस कूलन डी विलियर्स को फोर्ट के सामने आत्मसमर्पण किया।

### सीएम ने बिहार सतर्कता जागरूकता दिवस एवं सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उद्घाटन समारोह में कहा

# सभी प्रमंडलों में बनेंगे स्पेशल विजिलेंस कोर्ट

## भ्रष्टाचारियों की जब्त संपत्ति में खुलेंगे स्कूल, दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई : मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी

निज संवाददाता | पटना

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बिहार को भ्रष्टाचार मुक्त राज्य बनाने के संकल्प को दोहराते हुए भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का बड़ा ऐलान किया है। गुरुवार को सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र स्थित ज्ञान भवन में आयोजित बिहार सतर्कता जागरूकता दिवस एवं सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उद्घाटन समारोह में उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। चाहे मंत्री, विधायक, वरिष्ठ अधिकारी हों या निचले स्तर के कर्मचारी, सभी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, स्पेशल विजिलेंस यूनिट (एसवीयू) तथा आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध सीधे कार्रवाई करें। भ्रष्टाचार कर अर्जित की गई संपत्तियों को जब्त कर उनमें विद्यालय संचालित किए जाएंगे, ताकि समाज को स्पष्ट संदेश मिले कि भ्रष्टाचार का परिणाम कठोर होगा। उन्होंने कहा कि गरीबों को न्याय दिलाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से राज्यभर में 'सहयोग शिविर' कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। न्याय के साथ विकास तभी संभव है, जब सरकार की योजनाओं का लाभ बिना किसी भ्रष्टाचार के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज को शॉर्टकट की संस्कृति छोड़कर ईमानदारी, पारदर्शिता और कर्तव्यनिष्ठा को अपनाना होगा। विद्यालयों में भ्रष्टाचार विरोधी जागरूकता अभियान चलाकर बच्चों में नैतिक मूल्यों का विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत के निर्माण के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं, जबकि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्ध बिहार की मजबूत नींव रखी है। राज्य सरकार उसी विकास यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि 'ट्रिपल टी' यानी पारदर्शिता, तकनीक और विश्वास के आधार पर बिहार को भ्रष्टाचार मुक्त बनाया जाएगा, जिससे सुशासन को नई मजबूती मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि भ्रष्टाचार के मामलों के त्वरित निपटारे के लिए बिहार के सभी नौ प्रमंडलों में स्पेशल विजिलेंस कोर्ट स्थापित किए जाएंगे। इसके अलावा भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत प्रत्येक जिले में निगरानी थाना तथा सभी अनुमंडलों में निगरानी ओपी स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अपराध एवं आर्थिक अपराध से जुड़े मामलों में सरकारी गवाहों को गवाही देने के लिए यात्रा करनी पड़े तो उन्हें परिवहन भत्ता उपलब्ध कराया जाएगा।



### सतर्कता की दिलाई गई शपथ

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, निगरानी विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. बी. राजेंदर तथा निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के महानिदेशक जितेंद्र सिंह गंगवार ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान उपस्थित मंत्रियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सतर्कता शपथ लेते हुए अपने सभी दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और निष्पक्षता से करने तथा कानून और नियमों का पालन करते हुए जनहित को सर्वोपरि रखने का संकल्प लिया।

## पटना मेट्रो का मलाही पकड़ी तक शुरू हुआ परिचालन, सीएम ने किया उद्घाटन



निज संवाददाता | पटना

राजधानीवासियों के लिए गुरुवार को बड़ी सौगात मिली। पटना मेट्रो का दायरा बढ़ाते हुए मेट्रो सेवा का परिचालन अब मलाही पकड़ी स्टेशन तक शुरू कर दिया गया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मलाही पकड़ी और खेमनीचक मेट्रो स्टेशन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर दोनों उपमुख्यमंत्री भी मौजूद रहे। उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री ने मलाही पकड़ी स्टेशन से भूतनाथ स्टेशन तक मेट्रो में सफर किया। यह यात्रा लगभग पांच मिनट में पूरी हुई। मेट्रो सेवा के विस्तार के साथ अब आईएसबीटी से मलाही पकड़ी तक की कुल दूरी लगभग 6.2 किलोमीटर हो गई है। इस पूरे मार्ग की यात्रा महज 15 मिनट में पूरी की जा सकेगी। इस रूट पर आईएसबीटी से मलाही पकड़ी तक यात्रा के लिए 30 रुपये किराया निर्धारित किया गया है। विस्तारित कॉरिडोर में फिलहाल मेट्रो ट्रेनें आईएसबीटी, जीरो माइल, भूतनाथ और मलाही पकड़ी स्टेशनों के बीच संचालित होंगी। हालांकि खेमनीचक मेट्रो स्टेशन का निर्माण कार्य अभी पूरी तरह पूरा नहीं हुआ है। इसलिए फिलहाल वहां मेट्रो का ठहराव नहीं होगा।

निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद इस स्टेशन पर भी यात्रियों को चढ़ने और उतरने की सुविधा उपलब्ध होगी। रूट के विस्तार के साथ मेट्रो संचालन के समय में भी बदलाव किया गया है। पहले जहां प्रतिदिन 24 फेरे लगाए जाते थे, वहीं अब मेट्रो 22 फेरे लगाएगी। एक राउंड ट्रिप पूरी करने में लगभग 35 मिनट का समय लगेगा और यात्रियों को हर 35 मिनट पर मेट्रो सेवा उपलब्ध होगी। पटना मेट्रो के इस विस्तार से राजधानी के हजारों दैनिक यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा।

## बेंगलुरु खदान हादसे में बिहार के सात मजदूरों की मौत, सीएम ने जताया शोक



- चट्टान गिरने से हुआ दर्दनाक हादसा, कई श्रमिक घायल; बचाव अभियान जारी

एजेंसी | नई दिल्ली

कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के मदपट्टना क्षेत्र स्थित एक पत्थर खदान में गुरुवार सुबह हुए भीषण हादसे में बिहार के सात प्रवासी मजदूरों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य श्रमिक घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब खदान में कार्य के दौरान करीब 40 फीट ऊंचाई से विशाल चट्टान का हिस्सा मजदूरों पर आ गिरा। आशंका जताई जा रही है कि कुछ अन्य श्रमिक भी मलबे में दबे हो सकते हैं। प्रशासन ने राहत एवं बचाव अभियान तेज कर दिया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार घटना से एक दिन पहले खदान में ब्लास्टिंग की गई थी। गुरुवार सुबह मजदूर खदान के भीतर खुदाई और ड्रिलिंग का कार्य कर रहे थे, तभी अचानक ऊपर से भारी चट्टान टूटकर गिर गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसा इतना अचानक हुआ कि मजदूरों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। कई श्रमिक चट्टानों के नीचे दब गए, जबकि कुछ जान बचाकर भागने में सफल रहे। हादसे में खदान में लगी खुदाई मशीनें और अन्य उपकरण भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

मृतकों की आधिकारिक पहचान की प्रक्रिया जारी है, लेकिन प्रारंभिक जानकारी के अनुसार सभी मृतक बिहार के प्रवासी श्रमिक थे। हादसे में घायल मजदूरों को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस और बचाव दल मलबा हटाकर अन्य संभावित फंसे मजदूरों की तलाश में जुटे हैं। इस हादसे पर बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि बेंगलुरु में बिहार के प्रवासी श्रमिकों के असामयिक निधन की खबर अत्यंत हृदयविदारक है। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति तथा शोकाकुल परिवारों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। वहीं कर्नाटक के मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने भी घटना पर दुख जताते हुए कहा कि खदानों में कार्यरत मजदूरों की सुरक्षा सुनिश्चित करना खदान संचालकों की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले खदान संचालकों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज बाइट्स

### नीट-जेईई प्रवेश परीक्षा में हो सकता है बड़ा बदलाव, बोर्ड अंकों को मिल सकता है 50% वेटेज

**नई दिल्ली (ए.)।** देश की दो सबसे बड़ी प्रवेश परीक्षाओं नीट और जेईई के परीक्षा एवं प्रवेश प्रणाली में बड़े बदलाव की तैयारी चल रही है। प्रस्तावित सुधारों के तहत प्रवेश के लिए तैयार होने वाली मेरिट में बोर्ड परीक्षा के अंकों को 50 प्रतिशत तक वेटेज दिए जाने पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। हालांकि अभी इस संबंध में कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है और यह प्रस्ताव विचाराधीन है। सूत्रों के अनुसार, इस बदलाव का उद्देश्य छात्रों पर केवल एक परीक्षा का अत्यधिक दबाव कम करना है।

### बिहार शिक्षा विभाग का अवर सचिव गिरफ्तार

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत गुरुवार को एक और कार्रवाई देखने को मिली। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने पटना में तैनात शिक्षा विभाग के अवर सचिव (वेतन सत्यापन कोषांग) अमोद मिश्रा को 20 हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया। आरोपी अधिकारी राजधानी के गर्दनीबाग इलाके में मंत्रियों के बंगले के पास से पकड़ा गया। अमोद पर शिक्षा विभाग के एक कर्मचारी की बकाया राशि का भुगतान करने की एवज में रिश्वत मांगने का आरोप है।

## 20 साल बाद लालू परिवार ने सरकारी बंगला किया खाली

निज संवाददाता | पटना

बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी ने करीब दो दशक बाद पटना स्थित 10 सर्कुलर रोड का चर्चित सरकारी आवास खाली कर दिया। गुरुवार को लालू परिवार ने बंगले से अपना सामान हटाकर भवन निर्माण विभाग को औपचारिक रूप से आवास खाली करने की सूचना दे दी। फिलहाल परिवार पटना के कौटिल्य नगर स्थित अपने निजी आवास में रहेगा। 39 हार्डिंग रोड स्थित नए सरकारी आवास में मरम्मत और आवश्यक निर्माण कार्य पूरा होने के बाद वहां स्थानांतरित होगा।

राबड़ी देवी मुख्यमंत्री रहने के दौरान 10 सर्कुलर रोड स्थित इस सरकारी बंगले में रहने आई थीं। सत्ता परिवर्तन के बाद भी लालू परिवार पिछले लगभग 20 वर्षों से इसी आवास में रह रहा था। बिहार सरकार ने पिछले वर्ष नवंबर में विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष होने के नाते राबड़ी देवी को 39 हार्डिंग रोड स्थित सरकारी आवास आवंटित किया था। इसके बाद भवन निर्माण विभाग की ओर से कई बार आवास खाली करने के लिए नोटिस जारी किए गए। अब करीब सात महीने बाद परिवार ने यह बंगला खाली कर दिया। सूत्रों के अनुसार, राबड़ी देवी ने भवन निर्माण विभाग को पत्र लिखकर नए सरकारी आवास में लालू प्रसाद यादव की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को देखते हुए रैंप, लिफ्ट और एक आउटहाउस के निर्माण की मांग की थी।

### 14 अगस्त तक एक करोड़ टीबी स्क्रीनिंग का लक्ष्य

## मिशन मोड में काम करें सभी विभाग : मुख्य सचिव

- टीबी मुक्त बिहार अभियान की समीक्षा, सभी जिलाधिकारियों को साप्ताहिक मॉनिटरिंग और समन्वय के निर्देश

निज संवाददाता | पटना

बिहार को टीबी मुक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने सभी विभागों एवं जिलाधिकारियों को मिशन मोड में कार्य करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि 14 अगस्त 2026 तक राज्य में एक करोड़ लोगों की टीबी स्क्रीनिंग का महत्वाकांक्षी लक्ष्य हर हाल में पूरा किया जाए। इसके लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय और नियमित निगरानी सुनिश्चित करनी होगी। मुख्य सचिव ने बताया कि राज्य की 2.76 करोड़ लक्षित आबादी में अब तक केवल 0.39 करोड़ (39 लाख) लोगों की ही टीबी स्क्रीनिंग हो सकी है, जो कुल लक्ष्य का लगभग 14 प्रतिशत है। उन्होंने चिंता जताई कि अधिकांश जिले अभी भी 20 प्रतिशत से कम स्क्रीनिंग कवरेज पर हैं और अभियान की गति तेज करने की आवश्यकता है। उन्होंने राज्य में उपलब्ध 674 मोबाइल हेल्थ टीमों का अधिकतम उपयोग करते हुए स्कूलों, छात्रावासों, महादलित टोलों एवं जेलों में विशेष टीबी स्क्रीनिंग शिविर आयोजित करने तथा इसके लिए विस्तृत माइक्रोप्लान तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी जांच संबंधी आंकड़ों की प्रतिदिन निक्षय पोर्टल पर ऑनलाइन प्रविष्टि अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने को कहा। मुख्य सचिव ने अभियान को सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियां भी तय कीं।

### प्रत्येक प्रखंड में होंगे नोडल पदाधिकारी

मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि प्रत्येक प्रखंड के लिए एक वरीय उपसमाहर्ता अथवा नोडल पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की जाए, जो दैनिक एवं साप्ताहिक स्क्रीनिंग लक्ष्य की नियमित निगरानी करेंगे। राज्य का साप्ताहिक स्क्रीनिंग लक्ष्य 9.42 लाख निर्धारित किया गया है।

## प्राथमिक चीनी मिल सहकारी समितियों की सदस्यता के लिए ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च

निज संवाददाता | पटना



बिहार सरकार ने गन्ना उत्पादक किसानों को सहकारी व्यवस्था से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए प्राथमिक चीनी मिल सहकारी समितियों की सदस्यता के लिए ऑनलाइन वेब पोर्टल का शुभारंभ किया है। गुरुवार को मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने सकरी (मधुबनी) एवं रैयाम (दरभंगा) में प्रस्तावित सहकारी चीनी मिलों के स्तर पर गठित होने वाली प्राथमिक चीनी मिल सहकारी समितियों की सदस्यता हेतु विकसित पोर्टल का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर सहकारिता विभाग के सचिव धर्मेंद्र सिंह, निबंधक सहयोग समितियां रजनीश कुमार सिंह तथा अपर निबंधक विकास कुमार बरियार भी उपस्थित रहे।

सहकारिता विभाग द्वारा विकसित ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से इच्छुक एवं पात्र किसान घर बैठे आवेदन कर प्राथमिक चीनी मिल सहकारी समिति के सदस्य बन सकेंगे। सदस्य बनने वाले किसानों को गन्ना उत्पादन के लिए कृषि आदानों की उपलब्धता, तकनीकी मार्गदर्शन, मिट्टी परीक्षण, कृषि एवं गन्ना विकास से जुड़ी सरकारी योजनाओं का लाभ, राज्य सरकार की नीति के अनुरूप गन्ने की खरीद तथा गन्ना मूल्य भुगतान में पारदर्शिता जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

## बिहार में वीबी-जीरामजी मिशन लागू, अब 125 दिन रोजगार और 300 रुपये दैनिक मजदूरी की गारंटी

निज संवाददाता | पटना



बिहार में ग्रामीण रोजगार और आजीविका को नई दिशा देने के उद्देश्य से गुरुवार को 'विकसित भारत–रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (वीबी-जीरामजी)' का औपचारिक शुभारंभ किया गया। पटना स्थित मुख्य सचिवालय परिसर के अधिवेशन भवन में आयोजित समारोह में ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने मिशन का शुभारंभ किया। ग्रामीण विकास विभाग का दावा है कि इस नई पहल से ग्रामीण रोजगार, आर्थिक सुरक्षा और आजीविका सुदृढ़ीकरण को नई गति मिलेगी। विभाग के अनुसार, इस योजना के लागू होने के साथ बिहार ऐसा पहला राज्य बन गया है, जिसने ग्रामीण श्रमिकों को अधिक रोजगार, बेहतर मजदूरी और स्थायी आजीविका उपलब्ध कराने की दिशा में व्यापक कदम उठाया है। वीबी-जीरामजी मिशन को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के उन्नत स्वरूप के रूप में लागू किया गया है। इसके तहत दो बड़े बदलाव किए गए हैं।

पहला, अब ग्रामीण परिवारों को वर्ष में 100 दिनों के स्थान पर 125 दिनों के रोजगार की गारंटी मिलेगी। इससे प्रत्येक परिवार को 25 दिनों का अतिरिक्त सुनिश्चित रोजगार प्राप्त होगा।

## बिहार में स्टेट हाईवे और प्रमुख पुलों पर फिर लगेगा टोल टैक्स

**पटना (नि.सं.)।** बिहार सरकार ने राज्य के स्टेट हाईवे (एसएच) और प्रमुख पुलों पर दोबारा टोल टैक्स लागू करने का निर्णय लिया है। इसके लिए 'बिहार सड़क उपयोगकर्ता शुल्क नीति-2026' को राज्य मंत्रिमंडल की मंजूरी मिल गई है। नई नीति के तहत राज्य राजमार्गों और महत्वपूर्ण पुलों पर उपयोगकर्ता शुल्क (टोल टैक्स) वसूला जाएगा। सरकार का अनुमान है कि इससे प्रतिवर्ष 500 करोड़ रुपये से अधिक राजस्व प्राप्त होगा, जिसका उपयोग सड़कों और पुलों के रखरखाव एवं विकास कार्यों में किया जाएगा। पथ निर्माण विभाग के प्रस्ताव को कैबिनेट से स्वीकृति मिलने के बाद अधिसूचना जारी होने के तीन महीने के भीतर टोल वसूली के लिए एजेंसी का चयन कर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

### 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती हैं तेज हवाएं, अगले 4-5 दिन मौसम रहेगा सक्रिय

## बिहार में मानसून पूरी तरह सक्रिय, कई जिलों में बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट

निज संवाददाता | पटना



बिहार में मानसून पूरी तरह सक्रिय हो गया है, जिससे राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम का मिजाज बदल गया है। बारिश और बादलों की आवाजाही से लोगों को उमस भरी गर्मी और हीट वेव से राहत मिली है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना ने 3 जुलाई के लिए राज्य के कई जिलों में येलो अलर्ट जारी करते हुए आंधी, बारिश और वज्रपात की चेतावनी दी है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर-पूर्व, दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-पूर्व बिहार के जिलों में आंधी-तूफान के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने और खुले मैदान, पेड़ों तथा बिजली के खंभों से दूर रहने की अपील की है।

पूर्वानुमान के अनुसार उत्तर-पश्चिम, उत्तर-मध्य, उत्तर-पूर्व, दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-मध्य बिहार के एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। वहीं जमुई, मुंगेर, बांका, खगड़िया और भागलपुर सहित दक्षिण-पूर्व बिहार के कई इलाकों में भी वर्षा होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले चार से पांच दिनों तक मौसम में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा और मानसूनी गतिविधियां जारी रहेंगी। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर-पश्चिम, उत्तर-मध्य, उत्तर-पूर्व और दक्षिण-पूर्व बिहार में अधिकतम तापमान 32 से 34 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 24 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। वहीं दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-मध्य बिहार के बक्सर, भोजपुर, रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद, अरवल, पटना, गया, नालंदा, शेखपुरा, नवादा, बेगूसराय, लखीसराय और जहानाबाद जिलों में अपेक्षाकृत अधिक गर्मी महसूस हो सकती है। इन क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 34 से 36 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 24 से 28 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने किसानों और आम लोगों से मौसम की ताजा जानकारी पर नजर रखने तथा वज्रपात और तेज हवाओं के दौरान आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी है।

BAYC Institute स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th
DEMS Electrohomeopathy Medicine | DNYS Naturopathy Yoga — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture — अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2
BEMS Electrohomeopathy Medicine | MBAS Medicine in ALT Science — अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट
MD (EH) — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS


PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES


डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।


डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

## संक्षिप्त समाचार

### कटिहारः चिलचिलाती धूप एवं भीषण गर्मी से कटिहार वासी का जनजीवन अस्त-व्यस्त



**कटिहार।** भीषण गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। आग उगलते सूरज, लू और बिजली कटौती ने कूलर-पंखे फेल कर दिये हैं। जिससे दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। लोग पसीना-पसीना होकर बीमार पड़ रहे हैं। पानी की किल्लत और कामकाजी लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। बड़ा बाजार निवासी पंकज तम्बाखूवाला ने सुबह उठकर जैसे ही बाहर देखा,आसमान से आग बरस रही थी। जून की भीषण गर्मी में सूरज आग उगल रहा था। हवा में इतनी तपन थी कि घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया था। पंकज तम्बाखूवाला ने अपनी पत्नी से कहा, "इस बार तो गर्मी ने हद कर दी है, न बाहर चैन है और न घर के अंदर"।लोग गर्मी से इतने परेशान थे कि दिन भर कूलर और पंखे भी फेल हो रहे हैं। बिजली की अघोषित कटौती ने जीना दूभर कर दिया था। बाहर काम करने वाले मजदूर और किसान चिलचिलाती धूप में पसीना-पसीना हो रहे थे। अघोषित बिजली कटौती के कारण लोगों का बुरा हाल है। खासकर रात में सो पाना मुश्किल हो गया है।गर्मी के कारण सिरदर्द,थकान,निर्जलीकरण और मांसपेशियों में ऐंठन जैसी समस्याएं आम हो गई हैं। धूप के कारण दिन में काम करना मुश्किल है। रेहड़ी-पटरी वालों और दिहाड़ी मजदूरों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।नदी-नाले सूखने की कगार पर हैं और पानी की कमी ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है।बचाव के उपायःलोग घर से निकलते समय पूरे शरीर को ढक रहे हैं, ताकि तेज धूप से सुरक्षा हो सके। कुछ लोग दिन के बजाय सुबह-सुबह काम निपटाने की कोशिश कर रहे हैं।यह कहानी भीषण गर्मी के प्रकोप को दर्शाती है,जो न केवल इंसानों को बल्कि जानवरों को भी प्रभावित कर रही है।

जून के महीने में लोगों का जीना मुहाल हो गया है। गर्मी के कारण लोग पसीना-पसीना हो रहे हैं। ऊपर से बिजली की लगातार आंख मिचौनी और अघोषित कटौती अलग सितम ढा रही है। कुछ देर को भी लाइट चली जाए तो सांस लेना मुश्किल हो जाता है। ऐसे हालात में लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मई के महीने में कभी बारिश तो कभी बूंदाबांदी के बीच मौसम सुहावना लगने लगा था। लेकिन, महीना खत्म होते-होते गर्मी अपने पूरे रंग में नजर आने लगी थी। अब जून शुरू होने के बाद भी कोई राहत मिलती दिखाई नहीं दे रही है। चिलचिलाती गर्मी के कारण रात हो या दिन पसीना नहीं सूख पा रहा है। मंगलवार को आसमान से बरसती आग के साथ ही धधकती सड़कों से निकलती गर्मी राहगीरों को दिन भर परेशान करती रही। वैसे तो सड़कों पर कम ही लोग नजर आ रहे थे। लेकिन, जितने भी थे वे अपने चेहरे को पूरी तरह ढंके हुए थे। उधर, बाइक सवारों को गर्म हवा ने बहुत परेशान किया। सामने से पड़ते लू के थपेड़े उन्हें परेशान करते रहे। दुकानों पर बैठे दुकानदार भी पंखा चलने के बावजूद पसीना-पसीना नजर आ रहे थे। ऐसा ही हाल घरों में भी रहा। लोग कमरे के अंदर भी गर्मी से परेशान हैं। हालत यह है कि रात को लोगों की नींद भी ठीक से नहीं हो पा रही है।

### 13.98 ग्राम स्मैक और 200 ग्राम गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**सुपौल।** जिले के निर्मली थाना क्षेत्र में पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 13.98 ग्राम स्मैक एवं 200 ग्राम गांजा के साथ दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की। इस दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर उनकी तलाशी ली गई, जिसमें उनके पास से 13.98 ग्राम स्मैक और 200 ग्राम गांजा बरामद किया गया। बरामद मादक पदार्थों को जब्त कर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने उनके विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि तस्करों का संबंध किसी बड़े नेटवर्क से तो नहीं है और वे मादक पदार्थों की आपूर्ति कहां से कर रहे थे। सुपौल पुलिस ने कहा है कि जिले में नशा एवं मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इस तरह के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# प्रस्तावित छह डिग्री महाविद्यालयों की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**नवादा।** समाहरणालय सभा कक्ष में आज जिला पदाधिकारी श्री रवि प्रकाश की अध्यक्षता में सात निश्चय-3 के चतुर्थ संकल्प "उच्च शिक्षा–उज्ज्वल भविष्य" के अंतर्गत प्रस्तावित छह डिग्री महाविद्यालयों की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी ने प्रस्तावित छह डिग्री महाविद्यालयों में की जा रही तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महाविद्यालयों के संचालन हेतु भवनों की मरम्मत, रंग-रोगन, विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, गृह-व्यवस्था (हाउसकीपिंग) तथा अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। छात्राओं के सुरक्षित एवं सुगम आवागमन के लिए चार महाविद्यालयों में पिंक बस की सुविधा उपलब्ध करा दी तथा सुरक्षा एवं रख-रखाव के लिए चौकीदारों की प्रतिनियुक्ति भी की गई है।

♦ **महाविद्यालयों के संचालन हेतु भवनों की मरम्मत, रंग-रोगन, विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, गृह-व्यवस्था (हाउसकीपिंग) तथा अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही**

समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि महाविद्यालयों में उपलब्ध कराई जा रही सभी सामग्रियों, फर्नीचर एवं अन्य संसाधनों की गुणवत्ता की विधिवत जांच एवं सत्यापन के उपरांत ही उनका अधिष्ठापन/उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी प्रस्तावित डिग्री महाविद्यालयों में शत-प्रतिशत बेंच-डेस्क की उपलब्धता समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाए, ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि शेष कार्यों एवं औपचारिकताओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करते हुए सभी व्यवस्थाएं गुणवत्ता मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं।

उन्होंने कहा कि सात निश्चय-3 के अंतर्गत "उच्च शिक्षा–उज्ज्वल भविष्य" राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को उनके निकट गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए प्रस्तावित महाविद्यालयों के संचालन की दिशा में सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया।

बैठक में गोपनीय शाखा प्रभारी,जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (शिक्षा), संबंधित विभागों के पदाधिकारी, प्रस्तावित डिग्री महाविद्यालयों के प्राचार्य तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### अनुमंडलीय अस्पताल में कुप्रबंधन का खुलासा

## एनआरसी की बदहाली पर भड़के बिहार राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष



बिना रेगुलेटर लगे पाइप को दिखाते अध्यक्ष

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** बिहार राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष प्रहलाद सरकार ने रजौली के 75 शैय्या अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) की बदहाल व्यवस्था उजागर हुई। कुपोषित बच्चों के लिए संचालित रसोईघर में गैस सिलेंडर का रेगुलेटर तक नहीं मिला। वहीं, अध्यक्ष के पहुंचने की सूचना पर आनन-फानन में बेड लगाकर व्यवस्था दुरुस्त दिखाने की कोशिश भी सामने आई। स्थिति पर नाराजगी जताते हुए अध्यक्ष ने प्रभारी डीएस डॉ. दिलीप कुमार और अस्पताल प्रबंधक को पिछले पांच वर्षों में एनआरसी में भर्ती सभी कुपोषित बच्चों की सूची, पारिवारिक विवरण और आधार संख्या सहित विस्तृत रिपोर्ट आयोग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि कई परिवारों के भर्ती के अगले ही दिन लौट जाने के पीछे अस्पताल की खराब व्यवस्था या कर्मियों का व्यवहार कारण हो सकता है। इसकी विशेष जांच कराई जाएगी और जरूरत पड़ने पर मामला न्यायालय तक ले जाया जाएगा। निरीक्षण के दौरान एनआरसी में चिकित्सकों एवं विशेषज्ञों की कमी, पीकू वार्ड के बंद रहने तथा अस्पताल की अन्य अव्यवस्थाओं पर भी अध्यक्ष ने गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि सभी कमियों की रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजी जाएगी। साथ ही वर्ष 2026 में एनआरसी में भर्ती बच्चों की वास्तविक संख्या की रिपोर्ट भी तलब की गई है। अध्यक्ष ने जदयू प्रखंड अध्यक्ष को समय-समय पर अस्पताल का निरीक्षण कर रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया। इस दौरान अस्पताल के स्वास्थ्यकर्मी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### शव पहुंचते ही गांव में मचा कोहराम

## सड़क हादसे में युवक की मौत से पसरा मातम

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र के मधुरापुर गांव निवासी करीब 48 वर्षीय रामलखन यादव उर्फ पुरैल यादव की हरियाणा (बहादुरगढ़) में हुई सड़क दुर्घटना में मौत के बाद गुरुवार को जैसे ही उनका शव गांव पहुंचा,परिजनों में कोहराम मच गया। स्वजनों के चीत्कार से माहौल गमगीन हो उठा और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार रामलखन यादव दिल्ली में रहकर ट्रक चालक का काम करते थे। बुधवार को हरियाणा के बहादुरगढ़ में वाहन चलाने के दौरान हुई सड़क दुर्घटना में उनकी दर्दनाक मौत हो गई थी। घटना की सूचना मिलने के बाद परिजन शव लाने के लिए घटनास्थल रवाना हुए थे।गुरुवार को शव गांव पहुंचते ही पत्नी,बच्चों समेत अन्य स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे। उनके परिवार में दो पुत्र और दो पुत्रियां हैं। बताया जाता है कि छोटी पुत्री का विवाह करीब दो माह पूर्व ही हुआ था,जिसके बाद वह दोबारा परिवार के भरण-पोषण के लिए दिल्ली कमाने गए थे। अचानक हुई इस घटना से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। ग्रामीणों ने इसे परिवार पर टूटा बड़ा दुख बताते हुए शोक व्यक्त किया है।

## घर में निकला विषैला सांप, वन विभाग ने 10 मिनट में किया रेस्क्यू, परिजनों ने जताया आभार

### रेंजर बोले- बारिश में घरों में घुसते हैं सांप, सूचना मिलते ही करें कॉल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



सांप का रेस्क्यू करते वन विभाग की टीम

**रजौली।** रजौली नगर पंचायत के माहुरी टोला में बुधवार रात उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब एक घर में विषैला सांप घुस आया। सांप देखकर परिजन चीख-पुकार करने लगे। हल्ला सुनकर मोहल्ले के दर्जनों लोग घर के बाहर जुट गए, लेकिन सांप के डर से कोई भी अंदर जाने की हिम्मत नहीं जुटा पाया। इसी बीच घरवालों ने बाजार में मौजूद राहुल कुमार को पूरी घटना की जानकारी दी। राहुल ने तुरंत वन विभाग के अधिकारियों को फोन कर सांप के रेस्क्यू की गुहार लगाई। मामले की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग की टीम महज 10 मिनट के अंदर माहुरी टोला स्थित घर पहुंच गई। रेंजर नारायण लाल सेवक ने बताया कि सूचना मिलते ही उन्होंने वनपाल आदर्श कुमार के नेतृत्व में वनरक्षी रवि कुमार, संजय कुमार, सुनील कुमार एवं अक्षय कुमार को स्नेक कैचर, थैला व अन्य जरूरी उपकरणों के साथ मौके पर भेजा। टीम ने बेहद सावधानी और सूझबूझ से बिना किसी नुकसान के विषैले सांप का सफल रेस्क्यू किया। बाद में सांप को सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया।

**बारिश में बढ़ जाता है खतराः रेंजर** :- रेंजर नारायण लाल सेवक ने बताया कि बारिश के मौसम में सांप समेत अन्य जहरीले जीव बिलों में पानी भर जाने के कारण भटककर रिहायशी इलाकों में आ जाते हैं। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि घनी आबादी में कहीं भी सांप दिखे तो उसे मारने या खुद पकड़ने की कोशिश न करें। तुरंत वन विभाग को सूचना दें, ताकि समय रहते रेस्क्यू कर किसी भी अनहोनी से बचा जा सके। माहुरी टोला निवासी राहुल कुमार व पीड़ित परिवार ने वन विभाग की त्वरित कार्रवाई के लिए आभार जताया। राहुल ने कहा कि अगर वन विभाग की टीम समय पर नहीं पहुंचती तो बड़ा हादसा हो सकता था। विभाग ने रात में भी तत्परता दिखाई, इसके लिए सभी अधिकारी व कर्मचारी बधाई के पात्र हैं।

**वन विभाग ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर** :- वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि सांप दिखने पर वन्यजीव हेल्पलाइन 1926 टोल फ्री नंबर या नजदीकी वन कार्यालय को सूचना दें। बारिश के मौसम में घर के आसपास साफ-सफाई रखें और रात में जमीन पर सोने से बचें।

## रजौली में भू-मापक अमीन सर्वे प्रशिक्षण के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

♦ **युवाओं को मिलेगा कानूनी अधिकार और रोजगार का सुनहरा अवसर**
♦ **अंचल कार्यालय में 15 जुलाई तक जमा होंगे आवेदन, 17 जुलाई से रजौली इंटर विद्यालय में संचालित होगी 50 दिवसीय विशेष तकनीकी कार्यशाला**

**रजौली।** स्थानीय युवाओं एवं रैयत किसानों को आत्मनिर्भर बनाने और भूमि संबंधी तकनीकी ज्ञान से समृद्ध करने के उद्देश्य से रजौली प्रखंड में भू-मापक अमीन सर्वे तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत नामांकन की प्रक्रिया एक जूलाई से आधिकारिक तौर पर शुरू हो गई है।

अंचल अधिकारी गुफरान मजहरी द्वारा जारी आधिकारिक पत्र के आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी रजौली से प्राप्त निर्देशों के तहत इस 50 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें इच्छुक युवाओं और जमीन मालिकों को भू-मापक सर्वेक्षण नियम, किश्तवार, खानापूरी, चकबंदी तथा भूमि मापने की वैज्ञानिक प्रणालियों का विस्तृत व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।इस रोजगारपरक तकनीकी कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस को भूमि से जुड़े विभिन्न तकनीकी पहलुओं जैसे जमीन का प्रकार, खाता, खेसरा, जमाबंदी और खतियान की गहन जानकारी उपलब्ध कराना है ताकि वे वर्तमान में चल रहे राजस्व एवं भूमि सुधार कार्यक्रमों में सक्रिय सहयोग कर अपनी भूमि का कानूनी अधिकार सुदृढ़ता से प्राप्त कर सकें। इस प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक अथवा समकक्ष के साथ उच्च योग्यताधारी होना अनिवार्य निर्धारित किया गया है, जिसके लिए इच्छुक अभ्यर्थी 1 जुलाई से 15 जुलाई 2026 तक अंचल कार्यालय रजौली के सीएसपी सेंटर एवं सिरदला के बहुउद्देशीय सभागार भवन में अपना नामांकन फॉर्म एक पासपोर्ट साइज फोटो एवं अपनी शैक्षणिक योग्यता के प्रमाणपत्रों की स्व-अभिप्रमाणित छायाप्रतियों के साथ जमा करा सकते हैं। अमीन अनुदेशक मुकेश कुमार ने बताया कि रजौली में बुधवार तक करीब दस लोगों ने नामांकन के लिए आवेदन किया है। सफल नामांकन के उपरांत इस प्रशिक्षण कार्यशाला का विधिवत संचालन 17 जुलाई 2026 से रजौली इंटर विद्यालय में किया जाएगा, जिसके तहत सामान्य, पिछड़ा तथा अति पिछड़ा वर्ग के संवर्गों के लिए प्रशिक्षण शुल्क 250 रुपये और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं महिला अभ्यर्थियों के लिए मात्र 200 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। लिखित परीक्षा के उपरांत उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को संस्थान द्वारा मान्यता प्राप्त प्रमाण-पत्र भी निर्गत किया जाएगा और इस संबंध में विशेष जानकारी या सहायता के लिए अभ्यर्थी प्रशिक्षण प्रभारी श्याम कुमार के मोबाइल नंबर 7033191902 अथवा अमीन अनुदेशक मुकेश कुमार के मोबाइल नंबर 8969578927 पर सीधे संपर्क स्थापित कर मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं।

## एसपी ने किया दम्पति आत्महत्या मामले की जाँच

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**नारदीगंज, नवादा।** नारदीगंज थाना क्षेत्र के परमा गांव में पारिवारिक विवाद के चलते एक दम्पति द्वारा जहर खाकर आत्महत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतक सुबोध सिंह (50 वर्ष) और उनकी पत्नी सुंदरी देवी का शव बृहस्पतिवार को पोस्टमार्टम के बाद जब गांव पहुंचा, तो पूरे इलाके में सन्नाटा पसर गया। गांव के श्मशान घाट में दोनों का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया, जहां मृतक के छोटे भाई पिंटू सिंह ने नम आंखों से दोनों को मुखाग्नि दी। घटना में पारिवारिक कलह सामने आई है। पुलिस के अनुसार, 29 जून को सुबोध सिंह ने अपने पिता बच्चू सिंह के साथ मारपीट की थी, जिससे उनका हाथ टूट गया था। इसके बाद 30 जून को सुबोध ने अपने 10 वर्षीय पुत्र दिलखुश के साथ भी मारपीट की और उसे संदिग्ध कोल्डड्रिंक पीने को दी। डरा-सहमा मासूम घर से भागकर राजगीर चला गया था। बुधवार को जब दम्पति के घर का दरवाजा नहीं खुला, तो पुलिस ने पड़ोसी की छत के सहारे दाखिल होकर बरामदे से दोनों के शव बरामद किए। मामले की गंभीरता को देखते हुए नवादा के एसपी अभिनव धीमान और थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। एफएसएल (FSL) की टीम ने मौके से जहरीला पाउडर और अन्य साक्ष्य एकत्र किए हैं। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का है और अनुसंधान जारी है।

इस हृदयविदारक त्रासदी के बीच मृतक के छोटे भाई पिंटू सिंह ने अनाथ हुए भतीजे दिलखुश को गोद लेते हुए मानवता की मिसाल पेश की। दिल्ली में कार्यरत पिंटू सिंह ने भावुक होकर कहा, "मेरे दो बेटे अमित और सुमित हैं, और आज से बड़ा भाई का बेटा दिलखुश भी मेरा तीसरा पुत्र है। इसकी शिक्षा-दीक्षा और भरण-पोषण की पूरी जिम्मेदारी अब मेरी है।"

## रजौली में 51 लाभुकों के बीच अनुदानित दर पर बकरियों का वितरण

### 80-90% अनुदान पर मिली 3-3 बकरियां, डीपीओ बोले- स्वरोजगार को मिलेगा बढ़ावा



रजौली में लाभुकों को बकरी सौंपते जिला पशुपालन पदाधिकारी व अन्य

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** राज्य योजनांतर्गत समेकित बकरी एवं भेड़ विकास योजना के तहत गुरुवार को रजौली प्रखंड मुख्यालय में पशुपालन विभाग द्वारा 51 चयनित लाभुकों के बीच बकरियों का वितरण किया गया। प्रत्येक लाभुक को तीन-तीन बकरियां 80 से 90 प्रतिशत अनुदानित दर पर उपलब्ध कराई गईं। योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि करना तथा स्वरोजगार को बढ़ावा देना है। वितरण कार्यक्रम में रजौली प्रखंड के 39, सिरदला के 09 एवं गोविंदपुर के 03 लाभुकों को बकरियां दी गईं। कुल 51 लाभुकों में 45 अनुसूचित जाति तथा 06 सामान्य/पिछड़ी जाति से हैं। कार्यक्रम में जिला पशुपालन पदाधिकारी नवादा डॉ. दीपक कुमार कुशवाहा ने लाभुकों को बकरी पालन के महत्व एवं वैज्ञानिक तरीके से पशुपालन करने की जानकारी दी। पशु शल्य चिकित्सक डॉ. संजय कुमार ने बकरी पालन को व्यवसाय का रूप देने के तौर-तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। जिला नोडल पदाधिकारी बकरी विकास डॉ. जे.के. दीपक ने योजना के उद्देश्यों एवं विभाग द्वारा दी जा रही सुविधाओं पर प्रकाश डाला। भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी रजौली डॉ. रेषु कुमार एवं अंधरवारी के डॉ. अभय कुमार ने लाभुकों को बकरियों के स्वास्थ्य प्रबंधन, समय पर टीकाकरण एवं संतुलित पोषण संबंधी आवश्यक जानकारी दी। कार्यक्रम में जीविका रजौली के बीपीएम मनीष कुमार तथा एरिया कोऑर्डिनेटर चंदन कुमार भी मौजूद रहे। बकरियां पाकर लाभुकों के चेहरे खिल उठे। लाभुकों ने सरकार एवं पशुपालन विभाग के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इस योजना से उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी और स्वरोजगार के नए अवसर मिलेंगे। कई लाभुकों ने इसे आत्मनिर्भर बनने की दिशा में बड़ा कदम बताया। कार्यक्रम में सभी लाभुकों सहित पशुपालन विभाग एवं जीविका के पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## सवैयाटांड़ में सामान्य सुविधा केंद्र का शुभारंभ, मुखिया ने किया उद्घाटन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

♦ **आधे दाम में मिलेंगे कृषि उपकरण, टेंट-पंडाल व रसोई के बर्तन, आय बढ़ाने का उद्देश्य**



सामान्य सुविधा केंद्र का उद्घाटन करते मुखिया नारायण सिंह व अन्य

**रजौली।** रजौली प्रखंड अंतर्गत सवैयाटांड़ पंचायत के सिमरातरी गांव में गुरुवार को सामुदायिक सशक्तिकरण परियोजना के तहत भारतीय जन उत्थान परिषद द्वारा स्थापित सामान्य सुविधा केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंचायत के मुखिया नारायण सिंह, प्रखंड के उप प्रमुख विनोद राजवंशी तथा सामान्य सुविधा केंद्र समिति के सचिव सुधीर कुमार एवं कोषाध्यक्ष उमा देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। भारतीय जन उत्थान परिषद के परियोजना कार्यकर्ता इंद्रजीत कुमार ने संस्था की जानकारी देते हुए केंद्र के मुख्य उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस सुविधा केंद्र में कृषि उपकरण, रसोई के बर्तन, टेंट-पंडाल तथा डेकोरेशन से जुड़ी सभी सामग्री उपलब्ध रहेगी। ग्रामीण अपने छोटे-बड़े किसी भी कार्यक्रम में इन सामग्रियों का उपयोग कर सकेंगे। खास बात यह है कि सभी सामग्री बाजार मूल्य से आधे दाम पर उपलब्ध होगी। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों के खर्च को कम कर आय में बढ़ोतरी करना है, ताकि जीवन शैली में सकारात्मक बदलाव आ सके। मुखिया नारायण सिंह ने कहा कि भारतीय जन उत्थान परिषद द्वारा पंचायत में अलग-अलग स्तर पर किए जा रहे कार्य वाकई सराहनीय हैं। सामान्य सुविधा केंद्र से ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा और शादी-विवाह व अन्य आयोजनों में होने वाले खर्च में कमी आएगी। सामान्य सुविधा केंद्र समिति के सचिव सुधीर कुमार ने बताया कि केंद्र से होने वाली आय एवं बचत से सामग्रियों की संख्या बढ़ाई जाएगी, ताकि गांव के सभी लोगों तक लाभ पहुंच सके। वहीं कोषाध्यक्ष उमा देवी ने कहा कि पैसे का सही उपयोग करना हम सभी की जिम्मेदारी है। संस्था के उद्देश्य को पूरा करने के लिए सभी को मिलकर योगदान देना होगा। इस मौके पर संस्था के सामुदायिक कार्यकर्ता ऋतुराज कुमार समेत अन्य स्वयंसेवक व दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने सुविधा केंद्र को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# महिला से गैंगरेप-मुंह में कपड़ा ठूंसा, आंखों पर पट्टी बांधी दरिंदगी के बाद अर्धनग्न हालत में 1.5 किमी पैदल चली

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

## मोबाइल रिचार्ज-दवा का लालच दिया

**नालन्दा।** नालंदा में 35 साल की विधवा महिला के साथ गैंगरेप हुआ है। पुलिस ने बताया कि आरोपी उसे मोबाइल रिचार्ज और दवा दिलाने का भरोसा देकर अपने साथ ले गया था। वहां उसके 2 दोस्त पहले से मौजूद थे, तीनों ने उसके साथ गैंगरेप किया। दरिंदगी के बाद सभी उसे वहीं अर्धनग्न हालत में खेत में छोड़कर फरार हो गए। पीड़िता करीब डेढ़ किलोमीटर तक उसी हालत में मदद से लिए भटकती रही। एक युवक ने 112 पर कॉल कर के मामले की जानकारी दी। पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

**मुंह में कपड़ा ठूंसा, आंखों पर पट्टी बांधी:** पुलिस ने बताया कि 30 जून को आरोपी विकास गोप ने मोबाइल रिचार्ज और दवा दिलाने का लालच देकर महिला को मिलने के लिए बुलाया था। पीड़िता बिना किसी को बताए चण्डी थाना क्षेत्र के रामपुर हॉल्ट के पास पहुंची। वहां विकास गोप बाइक लेकर खड़ा था। विकास ने महिला को बाइक पर बैठाया और कुछ दूर सुनसान जगह मक्के के खेत में ले गया। खेत में विकास के दो साथी नीतीश और शैलेष भी थे। तीनों ने पीड़िता के साथ गाली-गलौज की, उसके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया और आंखों पर पट्टी बांधकर गैंगरेप किया। दरिंदगी के बाद तीनों आरोपियों ने पीड़िता का मोबाइल छीन लिया और उसे अर्धनग्न हालत में खेत में छोड़कर फरार हो गए। इसी स्थिति में पीड़िता डेढ़ किमी तक मदद के लिए भटकी। उसे एक युवक मिला, फिर पुलिस को जानकारी दी गई। मामला 30 जून का है।

**पीड़िता बोली- धमकी दी, किसी को बताया तो कहीं का नहीं छोड़ेंगे:** पांच दिन पहले एक महिला ने मेरी पहचान विकास गोप से कराई थी। विकास ने झांसा दिया कि फोन रिचार्ज करा देगा और दवा भी दिला देगा। उसने 30 जून की शाम मुझे रामपुर हॉल्ट के पास बुलाया। वहां से वह मुझे बाइक पर बैठाकर सुनसान जगह पर ले गया। कॉल कर अपने दो साथियों को बुला लिया। तीनों ने बारी-बारी से दुष्कर्म किया। मेरे कपड़े-मोबाइल भी लेते गए। धमकी दी कि किसी को बताया तो कहीं का नहीं छोड़ेंगे। बदमाश मुझे निर्वस्त्र छोड़कर फरार हो गए।

**आरोपियों का कबूलनामा- मोबाइल, कपड़े छीने ताकी मदद ना मांग सके:** गिरफ्तार आरोपियों विकास कुमार, नीतीश कुमार और शैलेश कुमार ने पुलिस



पूछताछ में अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। मुख्य आरोपी विकास के इकबालिया बयान के अनुसार, उसने महिला को मदद का झांसा देकर रामपुर हॉल्ट के पास बुलाया और मोटरसाइकिल से सुनसान स्थल पर ले गया। इसके बाद उसने फोन कर अपने दोनों साथियों को भी वहां बुला लिया। तीनों ने मिलकर वारदात को अंजाम देने की बात कबूली। आरोपियों ने माना कि उन्होंने पीड़िता का मोबाइल और कपड़े इसलिए छीने ताकि वह तुरंत किसी से मदद न मांग सके।

**पति की मौते के बाद 4 बच्चों की है जिम्मेदारी:** पीड़िता के पति की मौत दो साल पहले हो गई थी। चार बच्चे हैं। 3 बेटियां और 1 बेटा। महिला अकेले इन बच्चों को पाल रही है। वो घरों में झाड़ू-पोछा लगाने के साथ प्राइवेट स्कूलों में खाना बनाने का काम करती है। पीड़िता के साथ स्कूल में विकास की फुफेरी भाभी भी खाना बनाती थी। उसी ने विकास गोप का नंबर पीड़िता को दिया था। पीड़िता को कहा गया था कि वो तुम्हारी कुछ मदद कर सकता है।

नालंदा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष जांच दल का गठन किया गया। चंडी थाना की टीम ने घटना के मात्र 6 घंटे में सभी तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों का पहले भी आपराधिक इतिहास रहा है। विकास गोप पर चंडी थाना में हत्या सहित अन्य गंभीर मामले दर्ज हैं, जबकि नीतिश कुमार पर भी चंडी थाना में आर्म्स एक्ट और अन्य धाराओं के तहत मामले दर्ज हैं। थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार झा ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ चंडी थाना में मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### मनोरंजन कुमार ने बीपीएससी की परीक्षा में सफलता हासिल कर जिला नियोजन पदाधिकारी बने





**कटिहार।** जिले के बरारी प्रखंड अंतर्गत सेमापुर थाना के अमीनाबाद,मील टोला निवासी बालकिशोर सिंह के पुत्र मनोरंजन कुमार ने बीपीएससी की परीक्षा में सफलता हासिल कर जिला नियोजन पदाधिकारी बने। मनोरंजन कुमार वर्तमान में कटिहार कंट्रोल ऑफिस में कार्यरत है। मनोरंजन कुमार ने रेलवे में 2018 में चयन हुआ।2019 से 2022 तक मुकुरिया रेलवे स्टेशन पर स्टेशन मास्टर का कार्य 3 वर्षों तक किया।2023 में कटिहार कंट्रोल ऑफिस में कार्य करते-करते बीपीएससी की तैयारी किया और पहले प्रयास में सफल होकर जिला नियोजन पदाधिकारी बनकर अपने परिवार एवं रेलवे परिवार का नाम रोशन किया है। मनोरंजन कुमार के जिला नियोजन पदाधिकारी बनने की खबर मिलते ही उनके परिवार में काफी खुशी की लहर दौड़ पड़ी। माता अनीता देवी, पिता बाल किशोर सिंह, भाई विवेक कुमार,बहन ज्योति कुमारी ने मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। मामा वीरेंद्र सिंह, विनोद सिंह सहित कई लोगों ने बधाई दिया है। मनोरंजन कुमार के माता अनीता देवी, पिता बाल किशोर सिंह,भाई विवेक कुमार, बहन ज्योति कुमारी ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि बीपीएससी परीक्षा का परिणाम आने पर हम लोग काफी खुश हुए और हम सभी को विश्वास था कि मनोरंजन कुमार बीपीएससी की परीक्षा में सफलता हासिल कर पदाधिकारी बनेंगे। क्योंकि बचपन से ही यह पठन-पाठन में काफी मेधावी रहा है।

जिला नियोजन पदाधिकारी मनोरंजन कुमार ने बताया कि वर्ग 1 से 6 तक आदर्श मध्य विद्यालय सेमापुर, वर्ग 7 से मैट्रिक तक की पढ़ाई जेएनसी उच्च विद्यालय बरेटा से किया है। मैट्रिक 2007 में उत्तीर्ण किया हूं।मैट्रिक में 65.2% अंक प्राप्त किया हूं।2009 में आई.एस.सी की पढ़ाई सुर तुलसी इंटर कॉलेज से पढ़ाई किया है। इंटरमीडिएट में 65% अंक प्राप्त हुआ है। 2009 से 2013 तक बी.टेक की डिग्री बीए कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग,जमशेदपुर से किया। 2014 से घर पर रहकर समाज के वर्ग 9 और 10 के छात्र-छात्राओं को ट्यूशन पढ़ाना शुरू किया और अपनी तैयारी भी शुरू किया। दिसंबर 2015 में रेलवे का वैकेंसी आया। 2016 में एनटीपीसी परीक्षा दिये।2017 में एनटीपीसी का परीक्षा का मेरिट लिस्ट आया। ट्रैफिक अप्रेंटिस पद पर मेरा चयन हुआ। इसी कड़ी में 2016-17 में एसएससी सीजीएल, आईबीपीएस क्लर्क, आईबीपीएस पीओ,ग्रामीण बैंक क्लर्क एवं एसएससी एमटीएस परीक्षा में उत्तीर्ण हुए लेकिन योगदान नहीं किया। रेलवे ट्रैफिक अप्रेंटिस पद 2018 में ट्रेनिंग लेकर 2019 में ट्रेनिंग के बाद मुकुरिया रेलवे स्टेशन में स्टेशन मास्टर के रूप में 3 वर्षों तक कार्य किया। 2023 में कटिहार कंट्रोल ऑफिस में चीफ कंट्रोलर के सहायक के रूप में अब तक कार्य कर रहा हूं। मार्च 2024 से बीपीएससी की तैयारी प्रारंभ किया। जिला नियोजन पदाधिकारी मनोरंजन कुमार कहते हैं कि स्वयं अध्ययन कर पहले प्रयास में सफलता हासिल करते हुए जिला नियोजन पदाधिकारी बन गए हैं। रेलवे में नौकरी करते हुए बीपीएससी की तैयारी विभिन्न पुस्तकों , चैट GPT एवं यूट्यूब का उपयोग कर हिंदी मीडियम से बीपीएससी की परीक्षा दिया है।

सफलता का श्रेय माता-पिता भाई-बहन को देते हैं। जिला नियोजन पदाधिकारी मनोरंजन कुमार का रुचि संगीत सुनना एवं क्रिकेट खेलना है। जिला नियोजन पदाधिकारी मनोरंजन कुमार ने छात्र-छात्राओं को अपने संदेश में कहा है कि अलग-अलग बुक ना पढ़ें, एनसीईआरटी की बुक को फॉलो करें और विस्तार से पढ़ाई करें। स्टैंडर्ड का बुक पढ़ सकते हैं। समाचार पत्र हिंदी या अंग्रेजी में नियमित रूप से पढ़ना चाहिए। इसी प्रयास में सफलता हासिल होगी।तो यह सोच कर की यह परीक्षा मेरे लाइफ का सबसे अंतिम परीक्षा है, पूरे मन लगाकर परीक्षा की तैयारी करेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी। जिला नियोजन पदाधिकारी मनोरंजन कुमार ने कहा कि हम बिहार के लिए अच्छा कार्य करेंगे। समाज, राज्य, देश के लिए बढ़-चढ़कर योगदान करेंगे।पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखेंगे। सरकार की योजनाएं गरीबों तक पहुंचाने का अथक प्रयास करेंगे।

# नालंदा में दो ट्रकों के बीच टक्कर, 2 घायल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालन्दा।** नालंदा में गुरुवार की सुबह दो ट्रकों के बीच टक्कर हो गई। हादसे में दोनों ट्रकों के ड्राइवर घायल हुए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना गुरुवार तड़के हुई। बताया जा रहा है कि एक ट्रक तिलैया से फतुहा की ओर जा रहा था, जबकि दूसरा बिहार शरीफ की तरफ आ रहा था। झपकी आने के कारण हादसा हुआ। टक्कर के बाद एक ट्रक दूसरे के ऊपर चढ़ गया, जिससे स्थिति काफी भयावह हो गई। घटना बिहार शरीफ-दनियावां मुख्य मार्ग पर हुई है।



**पुलिस और स्थानीय लोगों ने की मदद:** घटना की सूचना मिलते ही नूरसराय थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने आनन-फानन में दोनों घायल चालकों को निकालकर नूरसराय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। हादसे के बाद सड़क पर भारी जाम लग गया था, पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को किनारे कर सुचारू कराया। एएसआई शंभू कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने राहत-बचाव कार्य शुरू किया। नूरसराय थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची थी। फिलहाल घायलों का इलाज चल रहा है। जैसे ही पीड़ित पक्ष से आवेदन मिलेगा, उसके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# कार की टक्कर से 20 फीट दूर जा गिरी महिला, मौत, हिरासत में ड्राइवर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गया।** गयाजी के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में नौरंगा मोड़ के पास फोरलेन पर एक सड़क हादसा हुआ। गुरुवार को एक तेज रफ्तार कार ने बुजुर्ग महिला को कुचल दिया। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। देखते ही देखते ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई।

**सुबह की सैर बन गई आखिरी सफर:** मृतका की पहचान नौरंगा गांव की रहने वाली 65 साल की देववंती देवी के रूप में हुई है। वह गांव के ही रामदेव साहू की पत्नी थीं। देववंती देवी हर दिन की तरह गुरुवार को घर से पैदल ही निकली थीं। वह फोरलेन मुख्य मार्ग के किनारे मॉर्निंग वॉक कर रही थीं। इसी दौरान सामने से एक अनियंत्रित कार बेहद तेज गति में आई। चालक गाड़ी पर से संतुलन खो बैठा। इससे पहले कि बुजुर्ग महिला कुछ भी समझ पाती कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने बताया कि कार की रफ्तार बहुत ज्यादा थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि देववंती देवी करीब 20 फीट दूर जा गिरीं। उनके सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। मौके पर ही अत्यधिक खून बह जाने के कारण उन्होंने घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया। आसपास के





खेतों और गांवों से बड़ी संख्या में लोग घटना स्थल की तरफ दौड़े।

हादसे की खबर आग की तरह पूरे इलाके में फैल गई। इसके बाद आसपास के गांवों से भी सैकड़ों लोग मौके पर जुट गए। ग्रामीणों ने बताया कि मृतका देववंती देवी इलाके के जाने-माने व्यक्ति और पूर्व मुखिया प्रत्याशी संजय साहू की रिश्ते में मामी थीं।

**पुलिस ने कार को किया जब्त, ड्राइवर हिरासत में:** स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी तुरंत स्थानीय मुफस्सिल थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम दलबल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने सबसे पहले आक्रोशित लोगों को शांत कराया। इसके बाद शव को अपने

**◆ गयाजी में पैदल चल रही बुजुर्ग को गाड़ी ने मारी टक्कर**

कब्जे में लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दुर्घटना में शामिल कार को जब्त कर लिया है। साथ ही कार के चालक को भी हिरासत में ले लिया गया है।

मुफस्सिल थाना प्रभारी देवराज इंद्र ने मामले की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए वाहन और चालक दोनों को पकड़ लिया है। ड्राइवर से थाने में पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी के मुताबिक, पुलिस दुर्घटना के सभी पहलुओं की बारीकी से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और प्रारंभिक जांच पूरी होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने परिजनों को निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई का भरोसा दिया है।

# रजरप्पा जाने के दौरान नालंदा के युवक की मौत, नशा खुरानी की आशंका



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालन्दा।** नालन्दा के राजगीर थाना क्षेत्र के पिलखी गांव निवासी 38 साल के सोनू रविदास की झारखंड के बरही में संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। वह अपने 20-25 अन्य साथियों के साथ टूरिस्ट बस से रजरप्पा (झारखंड) पिकनिक मनाने और पूजा-पाठ के लिए निकले थे। परिजनों और रिश्तेदारों के अनुसार, बरही के एक होटल में खाना खाने के बाद अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और इलाज के लिए हजारीबाग ले जाने के दौरान रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक राजगीर में एक डॉक्टर के यहां कंप्यूटर ऑपरेटर का काम करते थे। उनका एक 10 साल का बेटा लाला कुमार है।

**बरही के होटल में खाया था खाना, फिर बिगड़ी तबीयत:** मृतक के साढ़ू वीरेंद्र कुमार रवि और पड़ोसी मुन्ना शर्मा ने बताया कि राजगीर से सभी लोग टूरिस्ट बस (स्टार बस) से रजरप्पा के लिए बुधवार को निकले थे। रात करीब 11:30 बजे फोन पर सोनू से बात हुई थी, तब तक सब ठीक था। बरही से कुछ किलोमीटर पहले स्थित 'शिवम होटल' में पूरे ग्रुप ने खाना खाया। मुन्ना शर्मा के मुताबिक, ग्रुप के 25 लोगों ने खाना खाया, लेकिन अचानक सिर्फ सोनू की ही तबीयत बिगड़ने लगी। रात करीब 1:30 बजे साढ़ू वीरेंद्र कुमार को फोन पर तबीयत खराब होने की सूचना मिली।

**मुंह से आ रहा था झाग, पेट गया था फूल:** वीरेंद्र कुमार तुरंत बाइक से बरही के सदर अस्पताल पहुंचे, जहां सोनू को भर्ती कराया गया था। उन्होंने बताया कि अस्पताल में ऑक्सीजन और पंप दिया गया, तब वे थोड़ा ठीक लग रहे थे। लेकिन डॉक्टरों ने पेट फूला होने और नशीला पदार्थ शरीर में जाने की बात कहते हुए उन्हें हजारीबाग रेफर कर दिया। हजारीबाग ले जाने के दौरान रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। उन्होंने आशंका जताते हुए कहा कि उनके मुंह से झाग निकल रहा था। ऐसा लग रहा है कि किसी ने उन्हें खाने में जहर या नशीला पदार्थ खिला दिया है। हालांकि, शराब पीने के सवाल पर उन्होंने साफ तौर पर कुछ भी कहने से इनकार किया।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलेगा मौत का राज:** घटना की सूचना मिलते ही राजगीर पुलिस मौके पर पहुंची। राजगीर थानाध्यक्ष रमन कुमार ने बताया कि घटना झारखंड के बरही इलाके में हुई है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया है। उन्होंने कहा कि मौत के असली कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। परिजनों की ओर से लिखित आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले के हर पहलू की जांच कर रही है और ग्रुप में साथ गए अन्य लोगों से भी पूछताछ की जा सकती है।

# जंक्शन पर ट्रेन से गिरकर बुजुर्ग घायल, वेस्ट बंगाल संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में चढ़ते समय हादसा

**गया।** गया जंक्शन पर गुरुवार सुबह एक हादसा हुआ। गाड़ी संख्या 12330 आनंद विहार–सियालदह वेस्ट बंगाल संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में चढ़ने के दौरान एक बुजुर्ग यात्री ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच बने गैप में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना प्लेटफॉर्म संख्या-3 पर हुई। वेस्ट बंगाल संपर्क क्रांति एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म से खुल चुकी थी और धीरे-धीरे आगे बढ़ रही थी। इसी दौरान बुजुर्ग यात्री ने चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास किया। ट्रेन की गति और संतुलन बिगड़ने के कारण वह ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच बने गैप में जा गिरा।

**रेलवे कर्मियों ने तुरंत ट्रेन रुकवाई:** यात्री कुछ दूरी तक ट्रेन के साथ घिसटता चला गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना देखते ही प्लेटफॉर्म पर मौजूद यात्रियों ने शोर मचाया, जिसके बाद लोको पायलट और रेलवे कर्मियों ने तुरंत ट्रेन रुकवाई। ट्रेन लगभग 15 मिनट तक प्लेटफॉर्म संख्या-3 पर रुकी रही।

बिहार सरकार
**समाहरणालय, औरंगाबाद**
(जिला योजना कार्यालय)
Phone No:-06186-222096
Email:aurangabad.dpo-bih@gov.in
–: अति अल्पकलीन निविदा आमंत्रण सूचना :–
मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत श्री अमरेन्द्र कुमार, माननीय स0वि0स0 गोह द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026–27 में अपने विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न महाविद्यालयों में तकनीकी उपकरणों/उपस्करों की क्रय एवं आपूर्ति हेतु अनुशंसा की गई है। उक्त के आलोक में तकनीकी उपकरणों/उपस्करों की क्रय एवं आपूर्ति के निमित निविदादाताओं/अपूर्तिकर्त्ताओं से निविदा आमंत्रित की जाती है। Double Bid System के अन्तर्गत निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि दिनांक **09.07.2026** को **03:00** बजे अप0 तक जिला योजना कार्यालय, औरंगाबाद में प्राप्त की जाएगी। तकनीकी एवं वित्तीय निविदा दो अलग–अलग मुहरबंद लिफाफों में एवं दोनों एक बड़े मुहरबंद लिफाफों में स्वीकार की जाएगी। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त प्राप्त निविदा को किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जायेगा। तकनीकी निविदा संबंधित समिति के सदस्यों के समक्ष अध्यक्ष, निविदा समिति के कार्यालय में दिनांक **09.07.2026** को **03:30** बजे अप0 में खोली जाएगी, जिसमें निविदादाता तथा उसके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति भाग ले सकते है। आमंत्रित करने हेतु निविदा की विस्तृत विशिष्टियाँ जिला के वेबसाईट www.aurangabad.nic.in पर देखा जा सकता है या कार्यालय अवधि में अपने निजी खर्च पर निविदा से संबंधित कागजात/सामग्रियें की सूची प्राप्त किया जा सकता है।
PR- 006873 ( Planning ) 2026-27
**जिला योजना पदाधिकारी, औरंगाबाद।**
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार
**समाहरणालय औरंगाबाद**
(जिला योजना कार्यालय)
अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना
सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना अन्तर्गत, माननीय सांसद श्री राजा राम सिंह द्वारा औरंगाबाद जिला अंतर्गत प्रखंड दाउदनगर स्थित कस्तुरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय एकौनी में जिम सामग्री आपूर्ति एवं अधिष्ठापन हेतु अनुशंसा की गयी है।
उपरोक्त अनुशंसा के आलोक में अनुशंसित विद्यालय मे नियमानुसार जिम सामग्री का क्रय/निर्माण एवं आपूर्ति हेतु दिनांक **09.07.2026** को अपराह्न **03.00** बजे तक निर्माता कम्पनी/फर्म व ख्याति प्राप्त एजेंसीयों से तकनीकी एवं वित्तीय निविदा (अलग–अलग मुहर बंद लिफाफा में) नीचे अंकित शर्तो के अधीन आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा को दिनांक **09.07.2026** को अपराह्न **03.30** बजे जिला क्रय समिति के समक्ष खोला जायेगा। जिसमें निविदादाता स्वयं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है।
माननीय द्वारा अनुशंसित जिम सामग्री की विशिष्टियों सहित सूची जिला योजना कार्यालय अथवा www.aurangabad.nic.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। जिससे प्राप्त किया जा सकता है।
**अविनाश प्रकाश**
**जिला योजना पदाधिकारी**
**औरंगाबाद**
PR- 006925 (Planning) 2026-27
विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

बिहार सरकार
**समाहरणालय, औरंगाबाद**
(जिला योजना कार्यालय)
Phone No:-06186-222096
Email: aurangabad.dpo-bih@gov.in
–: अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :–
मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत श्री अमरेन्द्र कुमार, माननीय स0वि0स0 गोह द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026–27 में अपने विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न महाविद्यालयों में प्रायोगिक उपकरणों/ उपस्करों की क्रय एवं आपूर्ति हेतु अनुशंसा की गई है। उक्त के आलोक में प्रायोगिक उपकरणों/ उपस्करों की क्रय एवं आपूर्ति के निमित निविदादाताओं/अपूर्तिकर्त्ताओं से निविदा आमंत्रित की जाती है। Double Bid System के अन्तर्गत निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि दिनांक **09.07.2026 को 03:00** बजे अप0 तक जिला योजना कार्यालय, औरंगाबाद में प्राप्त की जाएगी। तकनीकी एवं वित्तीय निविदा दो अलग–अलग मुहरबंद लिफाफों में एवं दोनों एक बड़े मुहरबंद लिफाफों में स्वीकार की जाएगी। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त प्राप्त निविदा को किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जायेगा। तकनीकी निविदा संबंधित समिति के सदस्यों के समक्ष अध्यक्ष, निविदा समिति के कार्यालय में दिनांक **09.07.2026 को 03:30** बजे अप0 में खोली जाएगी, जिसमें निविदादाता तथा उसके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति भाग ले सकते है। आमंत्रित करने हेतु निविदा की विस्तृत विशिष्टियाँ जिला के वेबसाईट **www.aurangabad.nic.in** पर देखा जा सकता है या कार्यालय अवधि में अपने निजी खर्च पर निविदा से संबंधित कागजात/सामग्रियें की सूची प्राप्त किया जा सकता है।
निविदा की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
PR- 006871 ( Planning ) 2026-27
**जिला योजना पदाधिकारी, औरंगाबाद**
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

बिहार सरकार
**समाहरणालय, औरंगाबाद**
(जिला योजना कार्यालय)
–: अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :–
Phone No:-06186-222096, Email:aurangabad.dpo-bih@gov.in
मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत, श्री ललन राम माननीय स0वि0स0 कुटुम्बा द्वारा औरंगाबाद जिला अंतर्गत जनता महाविद्यालय लभरी–परसावां अम्बा में भौतिकी, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान तथा भूगोल एवं मनोविज्ञान शास्त्र विषयों के प्रायोगिक उपकरणो के आपूर्ति एवं अधिष्ठापन हेतु अनुशंसा की गयी है।
उपरोक्त अनुशंसा के आलोक में अनुशंसित महाविद्यालय मे नियमानुसार प्रायोगिक उपकरणों का क्रय/निर्माण एवं आपूर्ति हेतु दिनांक **09.07.2026 को अपराह्न 03:00** बजे तक निर्माता कम्पनी/फर्म ख्याति प्राप्त एजेंसीयों से तकनीकी एवं वित्तीय निविदा (अलग–अलग मुहर बंद लिफाफा में) निम्नलिखित शर्तों के अधीन आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा को दिनांक **09.07.2026 को अपराह्न 03:30** बजे बजे जिला क्रय समिति के समक्ष खोला जायेगा, जिसमें निविदादाता स्वंय या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है।
माननीय द्वारा अनुशंसित भौतिकी, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान तथा भूगोल एवं मनोविज्ञान शास्त्र विषयों के अलग–अलग अनुशंसा एवं प्रायोगिक उपकरणों की विशिष्टियाँ सहित सूची जिला के वेबसाईट www.aurangabad.nic.in पर उपलब्ध है, जिससे प्राप्त किया जा सकता है अथवा कार्यालय अवधि में अपने निजी खर्च पर निविदा से संबंधित कागजात या सामग्रियों की सूची प्राप्त किया जा सकता है।
**जिला योजना पदाधिकारी, औरंगाबाद**
उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।
PR. No. 006907 (Planning) 2026-27
नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्य बाजार गोडारी से बुलेट बाइक चोरी, प्राथमिकी दर्ज कराने को दिया आवेदन

**काराकाट (रोहतास)।** काराकाट थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार गोडारी स्थित बुढ़वल रोड से एक बुलेट बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद आज गुरुवार को पीड़ित ने काराकाट थाना में लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर बाइक बरामद करने की मांग की है। गोडारी गांव निवासी गौरी शंकर तिवारी के पुत्र सुभाष कुमार तिवारी ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि उनकी रॉयल एनफील्ड क्लासिक-350 (रजिस्ट्रेशन संख्या BR 24 AA 9875) बुधवार की रात बुढ़वल रोड स्थित संतोष साहू की दुकान के पास खड़ी थी। वह बाइक खड़ी कर अपने घर चले गए थे। गुरुवार सुबह जब वह वापस पहुंचे तो बाइक वहां से गायब थी। आसपास काफी खोजबीन करने और स्थानीय लोगों से पूछताछ के बावजूद बाइक का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने काराकाट थाना पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित आवेदन दिया। पीड़ित का कहना है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनकी बाइक चोरी कर ली गई है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द बाइक बरामद करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। इधर, काराकाट थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि बाइक चोरी से संबंधित आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। घटनास्थल के आसपास उपलब्ध साक्ष्यों एवं अन्य बिंदुओं के आधार पर पुलिस छानबीन कर रही है। जांच के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य तकनीकी साक्ष्यों की भी जांच कर रही है, ताकि चोरी में शामिल लोगों का पता लगाया जा सके।

### घर से दो घंटे पहले निकला था परिवार, तभी छत पर गिरी आकाशीय बिजली; बड़ा हादसा टला



**करगहर (रोहतास)।** करगहर प्रखंड में गुरुवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक परिवार बाल-बाल बच गया। करगहर निवासी मिथलेश कुमार पाण्डेय उर्फ टुनटुन के मकान की छत पर अचानक बिजली गिर गई, जिससे छत, पानी की टंकी और टंकी का पाइप पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बिजली गिरने की आवाज काफी तेज थी, जिससे आसपास के लोग दहशत में आ गए और तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। राहत की बात यह रही कि घटना के समय घर में कोई मौजूद नहीं था। परिवार करीब दो घंटे पहले ही किसी काम से सासाराम के लिए निकल गया था। घर मालिक मिथलेश कुमार पाण्डेय उर्फ टुनटुन ने बताया, "भगवान की कृपा से हमारे पूरे परिवार की जान बच गई। अगर हम लोग घर में होते, तो यह हादसा जानलेवा साबित हो सकता था।" इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन मकान को आर्थिक नुकसान पहुंचा है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता दिलाने और बरसात के मौसम में आकाशीय बिजली से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक करने की मांग की है।

### राजस्व अधिकारी के अंचलाधिकारी पद पर पदोन्नति होने पर किया सम्मानित



**कटिहार।** प्रमुख कार्यालय में राजस्व अधिकारी के अंचलाधिकारी पद पर पदोन्नति होने पर फूल का गुलदस्ता एवं शाल ओढ़ाकर प्रमुख एवं अन्य लोगों ने सम्मानित किया। प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रमुख कार्यालय में गुरुवार को राजस्व अधिकारी अजय कुमार सिंह का तबादला आजमनगर अंचल में अंचलाधिकारी के पद पर होने पर प्रमुख अमित कुमार साह, भाजपा नेता निपम उपाध्याय, मुखिया प्रमोद कुमार सिंह, दिनेश पासवान, समिति सदस्य रंजीत सिंह, शुभम कुमार, अभिनव आनंद, सुरेंद्र केवट सहित दर्जनों ने फूल का गुलदस्ता देकर एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रमुख अमित साह ने कहा कि राजस्व अधिकारी ने अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए सरकार द्वारा निर्धारित लक्षण को प्राप्त ही नहीं किया बल्कि प्राणपुर की तमाम समस्याओं एवं जनप्रतिनिधियों का सम्मान करते हुए नियमानुसार वर्षों पुराना विवादित भूमि से संबंधित समस्याओं का निदान भी किया। इनके तबादला होने से जनप्रतिनिधियों एवं अंचल कर्मी के अलावा ग्रामीणों में भी सादगी एवं सादमानी देखा जा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा सबों ने राजस्व अधिकारी के अंचल अधिकारी बनने पर हर्ष व्यक्त किया।

### पुलिस अधीक्षक ने सुनी आम जन की समस्यायें



**कटिहार।** पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार ने अपने कार्यालय में आये आवेदकों की शिकायतें और समस्याएं गंभीरता से सुने।पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार ने आम जन की समस्याओं के त्वरित और उचित निराकरण के लिए संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार ने कहा कि लोगों को जल्द से जल्द न्याय मिल सके।पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार ने कहा कि जन शिकायतों का त्वरित निवारण और पारदर्शी पुलिसिंग करना सुनिश्चित करेंगे।पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार ने कहा कि कटिहार पुलिस आम नागरिकों की सुरक्षा, शांति व्यवस्था और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। किसी भी आपात स्थिति में पुलिस से संपर्क करने में संकोच न करेंगे।

### स्कॉर्पियो-ट्रक की भीषण टक्कर, 8 लोग घायल

**कटिहार।** पोठिया थाना क्षेत्र के एनएच-31 पर बुधवार देर रात स्कॉर्पियो और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा बखरी बालू टोला के समीप हुआ। जानकारी के मुताबिक बरारी प्रखंड के शिशिया गांव के करीब 10 लोग स्कॉर्पियो से खगड़िया जिले में सगाई समारोह में गए थे। कार्यक्रम के बाद देर रात गांव लौटते समय अचानक सड़क पर भैंस आ गई। उसे बचाने में चालक नियंत्रण खो बैठा और स्कॉर्पियो पूर्णिया से कुरसेला जा रहे ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। चीख-पुकार सुनकर स्थानीय ग्रामीण दौड़े और राहत-बचाव शुरू किया। सूचना पर पोठिया पुलिस भी पहुंची। पुलिस और ग्रामीणों ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, समेली पहुंचाया। डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखते हुए सभी को हायर सेंटर रेफर कर दिया। शिशिया निवासी मोहम्मद कुदुस और मोहम्मद रशीद की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है और मामले की जांच कर रही है।

# NDPS कांड में फरार अप्राथमिक अभियुक्त के घर चिपकाया इश्तेहार

## गोमो रेल पुलिस की कार्रवाई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**डिहरी (रोहतास)।** रेल थाना गोमो, धनबाद की पुलिस ने NDPS अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में फरार चल रहे अप्राथमिक अभियुक्त के घर पर मंगलवार को इश्तेहार चिपकाया। जानकारी के अनुसार, रेल थाना गोमो में कांड संख्या 20/25 दर्ज है। इस कांड के उद्भेदन के क्रम में माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, धनबाद के आदेश के आलोक में कार्रवाई की गई।

पुलिस टीम ने डिहरी नगर थाना की सहायता से डिहरी नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पाली गली नंबर-4 में रहने वाले पृथ्वीराज, पिता विनोद कुमार शाह के आवास पर जाकर कुर्की-जब्ती की अग्रिम कार्रवाई के तहत इश्तेहार चिपकाया।

इस संबंध में सहायक अवर निरीक्षक वाल्मीकि पाठक और पुलिस अवर निरीक्षक नाथू प्रसाद ने बताया कि उक्त कांड NDPS अधिनियम से संबंधित है। इसमें पृथ्वीराज को अप्राथमिक अभियुक्त बनाया गया है। नोटिस तामिला कराने के बावजूद वह अनुसंधान में सहयोग नहीं कर रहा था और फरार चल रहा था। न्यायालय के आदेश पर उसके घर पर इश्तेहार चिपका दिया गया है। निर्धारित समय-सीमा 1 महीने के अंदर अभियुक्त के हाजिर नहीं होने पर आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।कार्रवाई



के दौरान गोमो रेल थाना के पुलिसकर्मियों के साथ डेहरी नगर थाना के पुलिस बल भी मौजूद रहे।

## समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में दैनिक जनता दरबार का किया गया आयोजन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**सासाराम/ रोहतास।** जिला पदाधिकारी, रोहतास दीपक कुमार मिश्र द्वारा समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में दैनिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए कुल सात लोगों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें जिला पदाधिकारी के समक्ष रखीं। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी परिवादों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को अग्रसारित कर समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं न्यायसंगत निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

जिसमें आवेदक रविद्र सिंह, पिता स्वर्गीय रघुवीर सिंह, ग्राम मनौरा, पोस्ट खैरहा, थाना डालमियानगर द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पदाधिकारी ने त्वरित जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी, डिहरी को निर्देशित किया।

वहीं, आवेदक शिवजी सिंह, ग्राम+पोस्ट बेलवैयाँ, थाना दिनारा द्वारा बी.एन.एस. की धारा 163 हटाने तथा खेती कराने संबंधी आवेदन दिया गया। जिला पदाधिकारी ने आवेदन पर संज्ञान लेते हुए मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के लिए अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज को अग्रसारित किया। इसके अतिरिक्त आवेदक गुप्तेश्वर सिंह, ग्राम बरेया, पोस्ट मलवार, थाना बड्डी द्वारा अपने वृद्ध पिता के भरण-पोषण की समस्या को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया गया। जिला पदाधिकारी ने मामले को संवेदनशील मानते हुए उचित कार्रवाई करने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी, सासाराम को आवश्यक निर्देश दिए।

शेष प्राप्त सभी आवेदनों को भी संबंधित विभागों एवं पदाधिकारियों को शीघ्र निष्पादन के लिए अग्रसारित करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि प्राप्त सभी आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान हो सके।

## सम्मेलन तैयारी को लेकर बैठक



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**डेहरी।** आज दिनांक 02.07.2026 दिन बृहस्पतिवार को समय 10:00 बजे डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के 125वीं जयंती के अवसर पर भाजपा- जिला कार्यकर्ता सम्मेलन तैयारी को लेकर डेहरी विधानसभा में जिला उपाध्यक्ष श्रीमती आरती गुप्ता के आवास पर बैठक हुई। इस बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती शीला कुशवाहा जी ने कल दिनांक 03.07.2026 समय 1:00 बजे दोपहर को बिहार सरकार पशुपालन एवं मत्स्य मंत्री श्री नंदकिशोर राम जी का आगमन जिला कार्यकर्ता सम्मेलन तिलौथू प्रखंड स्थित शिव शक्ति मैरिज हॉल में होने जा रहा है, इस सम्मेलन तैयारी को लेकर विस्तृत रूप से सभी सम्मानित कार्यकर्ता बंधू जनों के साथ विस्तार से चाय पर चर्चा हुई। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष सुशील कुमार जी, जिला प्रवक्ता प्रकाश गोस्वामी जी, दक्षिणी अध्यक्ष कन्हैया राम जी, डेहरी नगर उतरी अध्यक्ष रवि शंकर राय जी, संजीव कुमार गुप्ता जी के साथ अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# लोजपा कार्यकर्ताओं ने महासचिव राम सत पासवान को दी श्रद्धांजलि

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नोखा।** नगर परिषद के रवि परिसर में गुरुवार को लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) द्वारा एक शोकसभा का आयोजन किया गया। यह शोकसभा पार्टी के प्रखंड महासचिव रामसत पासवान के असामयिक निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष रामजी पासवान ने की। सभा को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष रामजी पासवान ने रामसत पासवान को पार्टी का समर्पित, कर्मठ और सक्रिय कार्यकर्ता बताया।



उन्होंने कहा कि उनका निधन पार्टी और समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। रामजी पासवान ने संगठन को मजबूत बनाने में रामसत पासवान के महत्वपूर्ण योगदान को याद किया और कहा कि इसे हमेशा याद रखा जाएगा। शोकसभा में मौजूद नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।वक्ताओं ने रामसत पासवान के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके सामाजिक और संगठनात्मक कार्यों को सराहा। कार्यकर्ताओं ने "रामसत पासवान अमर रहें" के नारे भी लगाए। इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद सदस्य और प्रदेश सचिव रविशंकर सिंह, लोजपा के वरिष्ठ नेता जनेश्वर पासवान (नोखा विधानसभा प्रभारी), योगेंद्र पासवान, वीर पासवान, शशि पासवान, स्वामीनाथन पासवान, प्रमोद पासवान, दिनेश पासवान, अरुण पासवान, गणेश पासवान, ओमप्रकाश पासवान, बाबूधन पासवान और कन्हैया राम सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित थे। सभी ने दिवंगत नेता के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और ईश्वर से उन्हें इस दुख की घड़ी में शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

# बिजली चोरी पर बड़ी कार्रवाई : दो जगहों पर छापेमारी, लाखों रुपये की राजस्व क्षति

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नासरीगंज (रोहतास)।** दक्षिण बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (SBPDCL) की नासरीगंज विद्युत आपूर्ति शाखा द्वारा बिजली चोरी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गुरुवार को दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की गई। जांच के दौरान अवैध रूप से बिजली उपयोग के मामले सामने आने पर संबंधित उपभोक्ताओं के विरुद्ध भारतीय विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराने की अनुशंसा की गई है।

### प्राथमिकी दर्ज करने की अनुशंसा

**पहला मामला : 4.05 लाख रुपये से अधिक की राजस्व क्षति:** कनीय विद्युत अभियंता पंकज कुमार शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम ने नासरीगंज थाना क्षेत्र के शरीफडीह गांव निवासी सुरेश कुमार के परिसर की जांच की। जांच में पाया गया कि बिजली के मुख्य सर्विस तार को मीटर से पहले काटकर अवैध कनेक्शन के माध्यम से बिजली की चोरी की जा रही थी। मौके पर जुड़े अवैध तार तथा स्मार्ट मीटर को जब्त कर लिया गया। विभागीय आकलन के अनुसार इस चोरी से 4,05,074 की राजस्व क्षति हुई है। विभाग ने संबंधित राशि की वसूली के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई की अनुशंसा की है।

**दूसरा मामला : स्मार्ट मीटर बाईपास कर हो रही थी बिजली चोरी:** दूसरी कार्रवाई में सहायक विद्युत अभियंता राजू कुमार के नेतृत्व में टीम ने नासरीगंज थाना क्षेत्र के जामलपुर स्थित एक व्यावसायिक परिसर की जांच की। यहां सुजीत कुमार सिंह के नाम से संचालित विद्युत कनेक्शन में स्मार्ट मीटर को बाईपास कर सीधे बिजली उपयोग किए जाने का मामला सामने आया। जांच के दौरान लगभग 13.50 किलोवाट का लोड पाया गया। विभाग ने मौके से मीटर एवं अवैध तार जब्त कर लिए। इस मामले में बिजली कंपनी को 54,499 की राजस्व क्षति होने का आकलन किया गया है।

**इनकी रही मौजूदगी:** दोनों छापेमारी अभियानों में विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ विद्युत अवर प्रमंडल, एसटीएफ, पुलिस बल एवं विभागीय कर्मी मौजूद रहे। विभाग ने स्पष्ट किया है कि बिजली चोरी के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## डॉ.दिनेश कुमार को लायंस क्लब कटिहार की ओर से किया सम्मानित



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार के लोकप्रिय चिकित्सक डॉ दिनेश कुमार को लायंस क्लब कटिहार की ओर से डॉक्टर्स डे पर भव्य रूप में सम्मानित किया गया। पीड़ित मानव सेवा में अग्रणी भूमिका निभाना वाले डॉ दिनेश कुमार व्यक्तित्व के काफी धनी हैं। कटिहार में जन सेवा में काफी आगे हैं। इसी कारण चिकित्सा को सेवा का पर्याय मानने वाले डॉ दिनेश कुमार को लायंस क्लब की प्रेसिडेंट श्रीमती काजल महासेठ, सचिव श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता, पंकज पूर्वे, लायंस क्लब संचालित आंख अस्पताल के प्रभारी निरंजन प्रसाद, दिलीप डोकानिया आदि ने गर्म जोशी से उनको सम्मानित किया। लायंस क्लब परिवार ने डॉ दिनेश कुमार को सम्मानित करते हुए गौरवान्वित महसूस किया कि कटिहार की धरती पर जन सेवा का अलख जगाने में वे अद्वितीय हैं।

## मंदिर विरोधी बने चढ़ावे के प्रहरीः सनातनी बनाम सनातन-द्वेषी

**बिक्रमगंज / रोहतास।** देश के सनातनियों ने मंदिर में दान दे दिया और भूल गया कि हमने कुछ दान भी दिया था। व्यवस्थापकों और कर्मियों ने धन, पैसे, सोना , चांदी ,हिरे ,जवाहरात चुराए न कि दान, क्योंकि दान तो श्रद्धा थी। जिन्होंने धन अथवा पैसे चुराए, वो चोर हैं और चोर को चोरी की सजा मिलनी ही है और मिलकर ही रहेगी। त्रेतायुग में भगवान राम ने अपहरणकर्ता को मृत्यु दण्ड दिये और आज भी कलियुग में भगवान राम के दरबार में चोरी उजागर हुआ है तो निश्चित ही योगीराज में दण्ड मिलेगा।। "जिस देश में मोदी और योगी जैसे सेवक हो वहां कोई मायावी, राक्षसी अपराधी बच नहीं पायेगा, उसका नाश निश्चित है।" जैसे त्रेतायुग में भगवान राम के सेवक सुग्रीव और हनुमान थे,जो राक्षसों के मया नगरी को नाश कर दिये। परंतु एक बात समझ में नहीं आयी कि अपने देश में बहुत सारे जगहों पर चोरी, डकैती, घोटाला आदि आदि न जाने कितने अपराध हो रहे हैं और उन अपराधों के लिए यहाँ तक कि राम मंदिर को गिराने, उड़ाने, तोड़ने के लिए काफी सारे आतंकी पकड़े गए लेकिन उनकी चर्चा न तो किसी राजनैतिक दलों ने कियाऔर न तो किसी प्रमुख समाचार पत्रों अथवा चैनलों पर दिखाया गया। जिन्होंने भगवान श्री राम के अस्तित्व पर सवाल उठाया, प्रश्नचिन्ह खड़ा किया था। जिन्होंने कारसेवकों पर गोलियां तक चलवाईं थी, जिनलोगों ने मंदिर के स्थान पर विद्यालय अथवा शौचालय निर्माण के लिए लोगों को भड़काया । वहीं लोग अभी प्रहरी बनकर चिख रहे हैं , चिल्ला रहे हैं।उनलोगों को कभी भी चर्च, मस्जिद अथवा अन्य धार्मिक स्थलों में हो रहे चोरी, डकैती, अवैधानिक कार्यों पर बोलने की हिम्मत नहीं है। देश की प्रसिद्ध एवं पौराणिक त्रेता युग के भगवान राम आज पूरी दुनिया का केंद्र बिंदु बने हुए हैं।देश के कलियुगी मायावी समस्त राजनीतिक पार्टियां मंदिर के चढ़ने के प्रहरी बनी। समस्त मीडिया सारा राजनीतिक देश की जनता उव्देलित है। चढ़ावे की चोरी हो गई, मंदिर लुट गया, राम कोई भगवान नहीं ,जो चोरी रोक न सके ।तरह-तरह की बातें समाज में फैलाई जा रही है। अचानक ऐसे राक्षस रूपी मायावी मंदिर विरोधी राम भक्त पैदा हो गए ।जो राम को काल्पनिक और संप्रदायिक कहते थे।और राम मंदिर बनने से संविधान नष्ट हो जाएगा, भारत की एकता खंडित हो जाएगी, भक्तों की आस्था को जख्मी किया गया है। आज पूरे भारत में एक नेगेटिव चलाया जा रहा है आजादी से आज तक ताजमहल को ही अंतरराष्ट्रीय पहचान और शान के रूप में परोसा जाता था ।देश के हजारों पौराणिक और विभिन्न कल युग के स्थापत्य मंदिर चर्चित नहीं थे। यहां भी देश के मुख्य विरासत के साथ सोची समझी षड्यंत्र रचा गया। जो भी विदेशी पर्यटक और बड़े हस्ती भारत आते थे सीधे ताजमहल दौड़ते थे और देश के मुखिया ताजमहल की प्रतिकृति भेंट करता था। मेहमान अपने देश में उसका प्रदर्शन कर प्रचार प्रसार करता था कि भारत में ताजमहल क्या शानदार चीज है। तिरुपति बालाजी काशी विश्वनाथ मंदिर, खजुराहो, बद्रीनाथ ,केदारनाथ, महाकाल ,मीनाक्षी मंदिर, सोमनाथ मंदिर, रामेश्वरम, तथा अनेकों मंदिरों की पहचान को छुपाया गया। बस भारत में जो था वह ताजमहलही था।


## कोर्ट नोटिस

**न्यायालय में,**
**श्रीमान अवर न्यायाधीश (I)**

**हकीयत वाद सं0 - 318/025**

**गणेश मिस्त्री वगैरह**

**बनाम**

**उदय कुमार विश्वकर्मा तथा अन्य**

**सूचना**

1. यह कि उपरोक्त वाद में वादीगण ने आप (1) उदय कुमार विश्वसर्मा (2) सियाराम विश्वकर्मा (3) सुगम विश्वकर्मा (4) विजय कुमार विश्वकर्मा चारों पिता- स्व. सुरेश विश्वकर्मा (5) उत्तम विश्वकर्मा, पिता स्व. उपेन्द्र विश्वकर्मा सभी निवासी ग्राम - चौरी, पो0 - चौरी, थाना- दाउदनगर, जिला- औरंगाबाद (बिहार) के विरूद्ध यह बंटवारा वाद लाया है। न्याायलय द्वारा आपलोगों को वाद में उपस्थित होने के लिए समन भेजा गया है। आपलोग के द्वारा न्यायालय में हाजिर होकर अपना पक्ष नहीं रख गया है। अत: आपलोगों को इस इश्तेहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि दिनांक **21.08.2026** को मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर जो उजूर करना है करें अन्यथा इस वाद की कार्रवाई **एकपक्षीय किया जायेगा।**

**इसे अंतिम सूचना एवं ताकिद समझें।**

**अवर न्यायाधीश (I)**
**औरंगाबाद (बिहार)**

## अदालतीय नोटिस का गजट

**न्यायालय में,**
**श्रीमान भूमि सुधार उपसमाहर्ता**
**दाउदनगर, औरंगाबाद (बिहार)**

**दाखिल ख़ारिज अपील वाद सं0 - 300/2025-26**

**अपीलार्थी : 1. हरेकृष्ण,**
**पिता-स्व0 रविन्द्र कुमार सिंह, निवासी ग्राम+पो0-बघोई, थाना- हसपुरा, जिला - औरंगाबाद (बिहार)**

**बनाम**

**उतरवादीगण : अंचल अधिकारी, हसपुरा एवं वगैरह**

**नोटिस**

1. अंचल अधिकारी, हसपुरा, औरंगाबाद (बिहार)
2. राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा उर्फ राजेन्द्र प्रसाद सिंह, पिता - स्व0 शिवनन्दन सिंह
3. अमृतराज, पिता - स्व0 अखिलेश्वर सिंह, दोनो निवासी- ग्राम+पो0-बघोई, थाना-हसपुरा, अंचल-हसपुरा, जिला- औरंगाबाद (बिहार)

इस गजट प्रकाशन के माध्यम से आपलोग को सूचित किया जाता है कि वादी ने आपके विरूद्ध उपरोक्त वर्णित दाखिल खारिज अपील दायर किया गया है जिसमें आपलोग को न्यायालय से निबंधित डाक के माध्यम से सम्मन भेजा गया है। परन्तु आपलोग उक्त वाद में उपस्थित नहीं हुए है। अतः इस गजट प्रकाशन के माध्यम से आपलोगो को सूचित किया जाता है कि दिनांक **23/07/26 को समय -12:30 बजे** आपलोग स्वयं अथवा अपने अधिवंक्ता के माध्यम से उक्त वाद मे उपस्थित होकर उचित पैंरवी करें अन्यथा आपलोगो के विरुद्ध उक्त वाद मे **एकपक्षीय कारवाई की जायेगी।**

**इसे अंतिम सूचना एवं ताकिद समझें।**

**जारी दिनांक : 30.06.2026**
**(न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मुहर सहित जारी)**

## अदालतीय नोटिस का गजट

**न्यायालय में,**
**श्रीमान भूमि सुधार उपसमाहर्ता**
**दाउदनगर, औरंगाबाद (बिहार)**

**दाखिल ख़ारिज अपील वाद सं0- 291/2025-26 एवं 302/2025-26**

**अपीलार्थी : 1. रामकृष्ण सिंह,**
**पिता-स्व0 रविन्द्र कुमार सिंह, निवासी ग्राम+पो0-बघोई, थाना- हसपुरा, जिला - औरंगाबाद (बिहार)**

**बनाम**

**उतरवादीगण : अंचल अधिकारी, हसपुरा एवं वगैरह**

**नोटिस**

1. अंचल अधिकारी, हसपुरा, औरंगाबाद (बिहार)
2. राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा उर्फ राजेन्द्र प्रसाद सिंह, पिता - स्व0 शिवनन्दन सिंह
3. अमृतराज, पिता - स्व0 अखिलेश्वर सिंह, दोनो निवासी- ग्राम+पो0-बघोई, थाना-हसपुरा, अंचल-हसपुरा, जिला- औरंगाबाद (बिहार)

इस गजट प्रकाशन के माध्यम से आपलोग को सूचित किया जाता है कि वादी ने आपके विरूद्ध उपरोक्त वर्णित दाखिल खारिज अपील दायर किया गया है जिसमें आपलोग को न्यायालय से निबंधित डाक के माध्यम से सम्मन भेजा गया है। परन्तु आपलोग उक्त वाद में उपस्थित नहीं हुए है। अतः इस गजट प्रकाशन के माध्यम से आपलोगो को सूचित किया जाता है कि दिनांक **23/07/26 को समय -12:30 बजे** आपलोग स्वयं अथवा अपने अधिवंक्ता के माध्यम से उक्त वाद मे उपस्थित होकर उचित पैंरवी करें अन्यथा आपलोगो के विरुद्ध उक्त वाद मे **एकपक्षीय कारवाई की जायेगी।**

**इसे अंतिम सूचना एवं ताकिद समझें।**

**जारी दिनांक : 30.06.2026**
**(न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मुहर सहित जारी)**

# भारतीय चिकित्सा संघ में डॉक्टर्स-डे पर भव्य समारोह

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बेगूसराय।** भारतीय चिकित्सा संघ (IMA) बेगूसराय शाखा की ओर से राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस (Doctors' Day) के अवसर पर कल रात IMA भवन में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में चिकित्सा जगत से जुड़े दिग्गजों ने शिरकत की और समाज के प्रति डॉक्टरों के सेवा भाव को नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता IMA बेगूसराय के अध्यक्ष डॉ. एके राय तजा संचालन डॉ. रामरेखा ने किया। समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथियों की ओर से पारंपरिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। मुख्य अतिथि के रूप में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (IOCL) बरौनी रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक और रिफाइनरी प्रमुख सत्य प्रकाश थे। इस समारोह की सबसे बड़ी विशेषता नए चिकित्सकों का प्रोत्साहन रही। IMA बेगूसराय की ओर से पिछले तीन साल के दौरान संघ की सदस्यता ग्रहण करने वाले 100 डॉक्टरों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सभी डॉक्टरों को प्रशस्ति-पत्र और स्मृति-चिह्न प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। मौपर वक्ताओं वक्ताओं ने कहा कि चिकित्सकों का सम्मान करना केवल एक औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह उनके भीतर समाज सेवा के प्रति उत्साह जगाने और उनके आत्मविश्वास को सुदृढ़ करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। युवा चिकित्सक पूरी निष्ठा, ईमानदारी और निर्भीकता के साथ अपने सामाजिक और चिकित्सीय दायित्वों का निर्वहन करें।

**हर परिस्थिति में डॉक्टरों के साथ खड़ा है IMA:** वरिष्ठ डॉक्टरों ने युवाओं को आश्वस्त किया कि प्रत्येक चिकित्सक के सम्मान, अधिकार और उनकी सुरक्षा के लिए IMA हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ा है। संगठन भविष्य में भी सदैव उनके हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध रहेगा। डॉ. कामिनी राय ने भारत रत्न डॉ. विधान चंद्र राय के व्यक्तित्व और कृतित्व की चर्चा की। डॉ. विधान चंद्र राय के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि डॉ. राय का जीवन निस्वार्थ सेवा का प्रतीक था। चिकित्सा क्षेत्र में अनुशासन ही सबसे बड़ी पूंजी है। उनका जीवन चिकित्सा के प्रति जिस उत्कृष्ट प्रतिबद्धता का अनुपम उदाहरण है, उसे हर डॉक्टर को अपने जीवन में उतारना चाहिए।

## 2 पक्षों में मारपीट, 5 लोग जख्मी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर के नारायणपुर प्रखंड अंतर्गत भवानीपुर थाना क्षेत्र के बलहा गांव में गुरुवार को दो पक्षों के बीच मारपीट हुई। इसमें एक पक्ष के पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) नारायणपुर में भर्ती कराया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद भवानीपुर थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घायलों की पहचान बलहा गांव निवासी अमर सिंह, शंकर सिंह, अनिल सिंह, रूपेश सिंह और सिकंदर सिंह के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, सभी को मारपीट के दौरान चोटें आईं। घायलों के परिजनों ने बताया कि जमीन के विवाद को लेकर गांव के वार्ड संख्या-7 में अन्य हिस्सेदारों की मौजूदगी में बैठक चल रही थी। बैठक का उद्देश्य विवाद का आपसी समाधान निकालना था। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। मारपीट के दौरान लाठी-डंडे और हाथापाई होने से एक पक्ष के पांच लोग घायल हो गए।

**घायल बोला- दूसरे पक्ष ने अचानक हमला किया:** घटना में घायल सुंदर सिंह ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर राजू पंच के घर पर पंचायत बुलाई गई थी। इसी दौरान दूसरे पक्ष के लोगों ने अचानक हमला कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि राजीव, जो विवेकानंद सिंह का बेटा है और उनका गोतिया है, सहित अन्य लोगों ने मारपीट की। सुंदर सिंह के अनुसार, विवाद पहले से जमीन को लेकर चल रहा था और पंचायत के माध्यम से समाधान निकालने का प्रयास किया जा रहा था, लेकिन मामला उल्टा हिंसक हो गया। सुंदर सिंह ने बताया कि घटना के बाद सभी घायल सीधे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणपुर पहुंचे। अस्पताल आने की वजह से तत्काल पुलिस को सूचना नहीं दी जा सकी थी।

## बिल्डर की न्यूड बॉडी मिली, रातभर घर नहीं लौटे थे, ऑफिस का दरवाजा तोड़ा तो अंदर लाश मिली

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर में तिलकामांझी थाने से 10 कदम दूर ऑफिस के अंदर बिल्डर की न्यूड बॉडी मिली है। 48 साल के बजरंगी नीलकंठ नगर हवाई हड्डे के पास रहते थे। देर रात पत्नी ने फोन किया तो बजरंगी ने फोन नहीं उठाया। इसके बाद पत्नी ऑफिस पहुंची। दरवाजा अंदर से बंद था। काफी देर तक आवाज दी, पर गेट नहीं खुला। पत्नी ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस दरवाजा तोड़कर ऑफिस में घुसी। कमरे में बजरंगी की लाश पड़ी थी। पुलिस ने लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। भांजे आयुष का कहना है कि उसने मामा को फोन पर किसी से बहस, गाली-गलौज और पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद करते देखा था। मामला तिलकामांझी थाना क्षेत्र का है।

**मामा रोज सुबह बच्चों को सुबह स्कूल छोड़ने जाते थे:** मृतक के भांजे आयुष रंजन ने बताया कि मामा बजरंगी कुमार जो पेशे से बिल्डर थे, रोज सुबह 7 बजे उठ जाते थे और सबसे पहले अपने बेटे और बेटी को स्कूल छोड़ने जाते थे, लेकिन जब वे सुबह नहीं उठे, तो परिजनों को चिंता हुई। सबसे पहले मैं नीलकंठ नगर (दूबिया कोठी, हवाई अड्डा) स्थित उनके घर पहुंचा, जहां ताला बंद मिला। इसके बाद मामा के तिलकामांझी थाने के पास ऑफिस पहुंचा, जहां नीचे उनकी प्लेटिना बाइक खड़ी थी। ऑफिस का दरवाजा भी बंद था। आसपास के लोगों और पहचान वालों से पूछताछ के बावजूद कोई जानकारी नहीं मिली, जिसके बाद पुलिस को लिखित सूचना दी गई। पुलिस की मौजूदगी में ऑफिस का ताला खोला गया, जहां बजरंगी की लाश मिली।

**हत्या या आत्महत्या, दोनों एंगल से जांच:** फिलहाल ये साफ नहीं हो सका है कि मौत हत्या के कारण हुई है या आत्महत्या का मामला है। पुलिस घटनास्थल से मिले साक्ष्यों की जांच कर रही है। साथ ही परिजनों और अन्य लोगों से पूछताछ भी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और वैज्ञानिक जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

## स्मार्ट मीटर बिजली उपभोक्ताओं का हंगामा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर में स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटर को लेकर उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई है। आरोप है कि रिचार्ज कराने के बावजूद बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई है। गुरुवार को नाराज उपभोक्ताओं ने मुजाहिदपुर बिजली कार्यालय पहुंचकर जमकर हंगामा किया। लोगों ने आरोप लगाया कि घंटों पहले ऑनलाइन रिचार्ज करने के बावजूद बैलेंस अपडेट नहीं हुआ। यहां तक की पेमेंट का मैसेज आग गया, लेकिन घरों की बिजली चालू नहीं हो सकी। भीषण गर्मी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा, वहीं कई लोगों का कारोबार भी प्रभावित हुआ है। शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

**'पेमेंट करने के बाद भी बैलेंस नहीं दिख रहा':** जागंज फीडर के उपभोक्ता अमित कुमार शाह ने बताया कि उनके स्मार्ट मीटर का बैलेंस लगभग 200 रुपए माइनस में चला गया था। बिजली कटने के बाद एकमुश्त 3,000 रुपए का रिचार्ज कराया। भुगतान का मैसेज भी उनके मोबाइल पर आ गया, लेकिन चार घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी न तो मीटर में बैलेंस अपडेट हुआ और न ही बिजली आपूर्ति बहाल हुई। घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

**'लोगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है':** वहीं, अजंता टॉकीज के पास रहने वाले विनय कृष्णा ने बताया कि सुबह कार्यालय खुलते ही 5,000 रुपए का रिचार्ज कराया था। इसके बाद भी बैलेंस नहीं दिख रहा है। घर में बिजली नहीं रहने से परेशानी तो हो ही रही है, लेकिन उनका व्यवसाय पूरी तरह प्रभावित हो गया है। कंप्यूटर आधारित काम बिजली के बिना ठप हो गया है, जिससे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

**आधिकारिक तौर पर बोलने से इनकार:** इधर, इस पूरे मामले में बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन किसी भी अधिकारी ने आधिकारिक तौर पर कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया।

## रिफाइनरी के गेट पर शव रखकर 6 घंटे से प्रदर्शन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बेगूसराय।** बेगूसराय के बरौनी रिफाइनरी विस्तारीकरण में काम करने वाले एक कर्मी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इसके बाद आज परिजन और साथी मजदूर रिफाइनरी के द्वार पर शव रखकर प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि घटना के कई घंटे बीत जाने के बाद भी रिफाइनरी या संबंधित कंपनी का कोई भी वरिष्ठ अधिकारी सुध लेने नहीं पहुंचा है। उचित मुआवजे और न्याय की मांग को लेकर परिजनों ने मुख्य गेट के बाहर छह घंटे से अधिक समय से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। मृतक की पहचान बीहट मकससपुर टोला के रहने वाले सिंहेश्वर प्रसाद सिंह के बेटे मनीष कुमार उर्फ मनटुन सिंह (50) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार मनटुन सिंह सार्थक कंपनी में सुपरवाइजर थे। कल देर शाम ड्यूटी खत्म कर मोटरसाइकिल से वापस घर लौट रहे थे, तभी आगे जा रहे एक सरिया (लोहे का छड़) लदे ट्रैक्टर ने अचानक ब्रेक मार दिया। अचानक ब्रेक लगने के कारण मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर से जा टकराई और लोहे का सरिया उनके गले और छाती के आर-पार हो गया, जिससे उनकी मौत हो गई।

**कोई सुध लेने वाला नहीं है:** प्रदर्शन में शामिल समाजिक कार्यकर्ता रामकृष्ण और परिजनों ने कहा कि रिफाइनरी देश और बिहार का गौरव है। लेकिन इसे सींचने वाले मजदूरों और कर्मियों के साथ भेदभाव किया जाता है। अगर यही रिफाइनरी का कोई परमानेंट (स्थायी) कर्मचारी होता, तो उसे करोड़ों रुपये का मुआवजा और सरकारी नौकरी तुरंत मिल जाती। परिजनों का कहना है कि जो संविदा या अन्य कंपनियों के माध्यम से इसे बेहतर बना रहे हैं, उनकी मौत पर कोई पूछने वाला नहीं है। हादसे को 15 घंटे से अधिक का समय बीत चुका है, पुलिस ने पोस्टमार्टम भी करवा दिया है। लेकिन कंपनी का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी पीड़ित परिवार के साथ इस दुख की घड़ी में खड़ा होने तक नहीं आया है। रिफाइनरी के अधिकारियों को भी घटना की सूचना तुरंत दी गई थी। इसके बावजूद किसी ने भी संपर्क नहीं किया, जिससे नाराज होकर मजदूर और ग्रामीण मुख्य द्वार के बाहर डटे रहे। पीड़ित परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए कंपनी तुरंत उचित मुआवजा राशि और परिवार के एक सदस्य को रोजगार मुहैया कराए।

## विरोध के बीच न्यूक्लियर प्लांट की मिट्टी जांच टली

**बांका।** बांका जिले के बेलहर प्रखंड की रघुनाथपुर पंचायत के कटहरा गांव में प्रस्वित न्यूक्लियर पावर प्लांट का विरोध तेज हो गया है। गुरुवार को परियोजना स्थल पर मिट्टी जांच के लिए पहुंची जिला प्रशासन की टीम को ग्रामीणों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। बड़ी संख्या में महिला-पुरुषों ने एकजुट होकर जांच कार्य का विरोध किया,जिसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों को बिना मिट्टी जांच कराए ही वापस लौटना पड़ा।

**सिर्फ तकनीकी सर्वेक्षण और मिट्टी की जांच:** जानकारी के अनुसार,जिला प्रशासन की ओर से एसडीओ राजकुमार और बेलहर एसडीपीओ रविंद्र मोहन प्रसाद भारी पुलिस बल के साथ कटहरा गांव पहुंचे थे।अधिकारियों ने ग्रामीणों से बैठक कर उन्हें समझाने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि यह केवल तकनीकी सर्वेक्षण और मिट्टी की जांच है, जिसका उद्देश्य परियोजना के लिए प्रारंभिक जानकारी जुटाना है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इससे तत्काल किसी की जमीन का अधिग्रहण नहीं किया जा रहा है।

**कृषि भूमि ही आजीविका का मुख्य साधन:** हालांकि,प्रशासन की अपील का ग्रामीणों पर कोई असर नहीं हुआ। सैकड़ों की संख्या में मौजूद महिला-पुरुषों ने स्पष्ट किया कि वे किसी भी कीमत पर अपनी पुश्तैनी जमीन,घर और खेती नहीं छोड़ेंगे। ग्रामीणों का कहना था कि उनकी कृषि भूमि ही आजीविका का मुख्य साधन है। उनका मानना था कि कोई भी मुआवजा उनके जीवन,रोजगार और सामाजिक पहचान की भरपाई नहीं कर सकता। उन्होंने चेतावनी दी कि वे अपनी जमीन बचाने के लिए हर स्तर तक संघर्ष करेंगे।

**थर्मल पावर प्लांट या अन्य उद्योग स्थापित करने की मांग:** ग्रामीणों और स्थानीय बुद्धिजीवियों ने सरकार से मांग की कि यदि क्षेत्र का विकास करना ही लक्ष्य है, तो न्यूक्लियर पावर प्लांट के बजाय थर्मल पावर प्लांट या अन्य उद्योग स्थापित किए जाएं। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### बाइक सवार 3 बच्चों के पिता की मौत

**बांका।** बांका जिले के बौंसी प्रखंड के काजी कैरी गांव में एक सड़क हादसे में 32 वर्षीय मोहम्मद फखरुद्दीन की मौत हो गई। यह घटना उस समय हुई जब परिवार में एक शादी की तैयारियां चल रही थीं, जिससे खुशियां मातम में बदल गईं। मृतक गांव निवासी मोहम्मद शरीफ के बड़े पुत्र थे। जानकारी के अनुसार, मोहम्मद फखरुद्दीन गुरुवार को अपनी बहन के घर बरमसिया से बाइक से काजी कैरी लौट रहे थे। घर से लगभग एक किलोमीटर पहले अंबाला के समीप सड़क पर बने एक गड्ढे के कारण उनकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया। बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे एक पिलर से जा टकराई, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई।

**जमशेदपुर लौटने का ट्रेन टिकट भी आरक्षित था:** ग्रामीणों ने बताया कि फखरुद्दीन जमशेदपुर में काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। वे मेहनती और मिलनसार स्वभाव के थे। परिवार में गुरुवार को रिश्तेदारी की एक लड़की की शादी थी, जिसमें शामिल होने के लिए वे घर आए थे। उनका शनिवार को जसीडीह से जमशेदपुर लौटने का ट्रेन टिकट भी आरक्षित था। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में दुख का माहौल छा गया। पिता मोहम्मद शरीफ, मां खेरुल और छोटे भाई अरबाज गहरे सदमे में हैं। मृतक की मां ने बताया कि फखरुद्दीन का पत्नी से पहले ही संबंध विच्छेद हो चुका था। उनके तीन छोटे बच्चे—10 वर्षीय कनीज, 7 वर्षीय मोहम्मद कासिम और 5 वर्षीय नाइस अब पिता विहीन हो गए हैं।

**शव का पोस्टमार्टम नहीं कराने की इच्छा जताई थी:** शादी का माहौल होने के कारण परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम नहीं कराने की इच्छा जताई थी। हालांकि, थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। मोहम्मद फखरुद्दीन को गुरुवार सुबह करीब 10 बजे सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

### रोड एक्सीडेंट में बच्चे की मौत

**बांका।** बांका जिले के फुल्लीडूमर थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर एक सड़क हादसे में 10 वर्षीय बालक की मौत हो गई। यह घटना तेलिया-केंदुआर सड़क मार्ग पर शोभनी पोखर के पास हुई। मृतक की पहचान शोभनी गांव निवासी पपलू दास के पुत्र लवकुश के रूप में हुई है। इस हादसे में उसका एक साथी आकाश कुमार घायल हो गया, जिसका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फुल्लीडूमर में चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, लवकुश अपने साथियों के साथ साइकिल से गांव लौट रहा था। इसी दौरान केंदुआर की ओर से आ रहे एक मिनी ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि लवकुश की मौके पर ही मौत हो गई।

**मिनी ट्रैक्टर का चालक वाहन छोड़कर फरार:** दुर्घटना के बाद मिनी ट्रैक्टर का चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। घटना स्थल पर आसपास के ग्रामीण जमा हो गए। सूचना मिलने पर फुल्लीडूमर थाना के एसआई अश्वनी कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मिनी ट्रैक्टर को जब्त कर लिया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बांका सदर अस्पताल भेज दिया। फुल्लीडूमर थानाध्यक्ष गुलशन कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है और फरार चालक की पहचान कर उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

### सीनेट मेंबर्स ने धूप-धुमना जलाकर 'भूत भगाओ' अभियान चलाया

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय में गुरुवार को सीनेट सदस्य विक्की आनंद और सिंडिकेट सदस्य भारत सिंह जोशी के नेतृत्व में 'भ्रष्टाचार का भूत भगाओ, लूटपाट का भूत भगाओ' अभियान चलाया गया। सिंडिकेट बैठक से पहले दोनों जनप्रतिनिधियों ने विश्वविद्यालय परिसर के विभिन्न कार्यालयों में मंत्रोच्चारण के साथ सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान विश्वविद्यालय प्रशासन पर छात्रों के शोषण, अवैध वसूली, मनमानी और पारदर्शिता की कमी के आरोप लगाए।

**प्रशासन मनमाने तरीके से निर्णय ले रहा:** प्रदर्शनकारी प्रतिनिधिमंडल ने डीएसडब्ल्यू कार्यालय, सीसीडीसी कार्यालय, कुलसचिव कार्यालय, कुलपति कार्यालय और सिंडिकेट बैठक स्थल पर पहुंचकर अपना विरोध दर्ज कराया। उनका आरोप था कि विश्वविद्यालय में छात्रों के हितों की लगातार अनदेखी की जा रही है और प्रशासन मनमाने तरीके से निर्णय ले रहा है। सीनेट सदस्य विक्की आनंद ने विश्वविद्यालय में दोबारा ओएमआर आधारित परीक्षा प्रणाली लागू करने के निर्णय का कड़ा विरोध किया। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी ओएमआर परीक्षा के कारण हजारों छात्रों के परिणाम लंबित रहे थे और परीक्षा व्यवस्था में व्यापक अव्यवस्था देखने को मिली थी। इसके बावजूद सीनेट और सिंडिकेट के निर्णयों की अनदेखी कर उसी प्रणाली को फिर से लागू करना छात्र हितों के खिलाफ है। उन्होंने इसे प्रशासन की मनमानी का उदाहरण बताया।

**प्रशासन संवाद के बजाय दबाव की नीति अपना रहा:** विक्की आनंद ने यह भी आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय प्रशासन अपनी कार्यशैली पर सवाल उठाने वालों को जवाब देने के बजाय शिक्षकों के तबादले, कर्मचारियों पर कार्रवाई और छात्रों को मुकदमों में फंसाने की धमकी देता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन संवाद के बजाय दबाव की नीति अपना रहा है, जिससे भय का माहौल बन रहा है। सिंडिकेट सदस्य भारत सिंह जोशी ने कहा कि विश्वविद्यालय में पारदर्शिता और जवाबदेही लगातार कमजोर होती जा रही है। उन्होंने जोर दिया कि छात्रों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों और निर्णयों को नजरअंदाज करना लोकतांत्रिक व्यवस्था की भावना के विपरीत है। उन्होंने मांग की कि विश्वविद्यालय प्रशासन को सीनेट और सिंडिकेट जैसे सर्वोच्च वैधानिक निकायों के निर्णयों का सम्मान करना चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि छात्रों के हितों की अनदेखी और प्रशासनिक मनमानी पर रोक नहीं लगी तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

### डीएम बोले-'सरकारी कार्यों में अनियमितता और भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं'

**अररिया।** अररिया जिला प्रशासन ने राजस्व विभाग में अनियमितता और लापरवाही के आरोप में पांच कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू की है। यह कदम डीएम विनोद दूहन के निर्देश पर उठाया गया है, जिसका उद्देश्य सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूत करना है। सभी संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध आरोप पत्र (प्रपत्र-क) गठित किया गया है। जिला प्रशासन के अनुसार, अंचल कार्यालय अररिया में कार्यरत रहे और वर्तमान में पलासी में पदस्थापित राजस्व कर्मचारी पवन कुमार पंडित पर जमाबंदी में छेड़छाड़ का आरोप है। इसी तरह, अंचल कार्यालय नरपतगंज की राजस्व कर्मचारी रेणु कुमारी पर भी जमाबंदी में हेरफेर करने के आरोप में कार्रवाई की जा रही है। इसके अतिरिक्त, नरपतगंज में कार्यरत रहे और वर्तमान में जोकीहाट अंचल कार्यालय में पदस्थापित जितेंद्र कुमार पर आय से अधिक संपत्ति सहित अन्य गंभीर आरोप लगाए गए हैं। फारबिसगंज अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मचारी विकास कुमार और राजेश कुमार शशि पर नामांतरण तथा कंप्यूटरीकृत परिमार्जन से जुड़े मामलों को अनावश्यक रूप से लंबित रखने का आरोप है। डीएम विनोद दूहन ने स्पष्ट किया कि सरकारी कार्यों में अनियमितता, भ्रष्टाचार या लापरवाही किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण राजस्व सेवाएं उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**साक्ष्यों के आधार पर कठोर कार्रवाई:** डीएम ने यह भी कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप कार्य नहीं करने वाले किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन की इस कार्रवाई को राजस्व व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ाने और लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे लापरवाही और अनियमितता बरतने वाले कर्मियों को यह स्पष्ट संदेश गया है कि प्रशासन जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सख्त रुख अपनाए हुए है।


### पूर्व रेलवे

**सं.: ओ-एसी-टी-96 से 97-26-27 (खुली), दिनांक 01.07.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, केस सं. ओ-एसी-टी-96-26-27, कार्य का नाम:** डीईएन/4/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में भीमगड़ा- पलस्थली खंड में ब्रिज नं. 3 एवं 15, बखतारनगर-अण्डाल डीएसईवाई खंड में ब्रिज नं. 7 एवं 12 तथा अण्डाल-सोनाचारा खंड के बीच किमी 3/27-29 में ब्रिज नं. 7 के जैकेटिंग, सुदृढ़ीकरण एवं अन्य सहायक कार्यों के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु.8,00,64,582.08, **बयाना राशि :** रु. 16,01,300/- **क्रम सं. 2, केस सं. ओ-एसी-टी-97-26-27, कार्य का नाम:** डीईएन/4/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में अण्डाल यार्ड, हजरतपुर साइडिंग एवं उखरा में सीटीआर(एस), टीआरआर(एस) तथा डीएसईवाई में डायमंड क्रॉसिंग के रूपांतरण और शंटिंग नेक के विस्तार के साथ अन्य सहायक कार्यों के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 3,24,54,221.61, **बयाना राशि:** रु. 6,49,100/- **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह (प्रत्येक हेतु)। **बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 27.07.2026 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in में देखा जा सकता है।

ASN-160/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### पूर्व रेलवे

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ तल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 (**वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा** के कार्यक्षेत्र हेतु) निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित करते हैं: **एनआईटी सं.137_2026-27, कार्य का विवरण :** वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र में लेवल क्रॉसिंग गेट के हाइट गेज का मानकीकरण। **अनुमानित मूल्य :** रु.2,14,86,384.93, **बयाना राशि:** रु. 4,29,700/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.):** शून्य। **समापन अवधि:** 09 (नौ) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 16.07.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट: www.ireps. gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान : ई-निविदा प्रणाली के मामले में बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।।

HWH-185/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### पूर्व रेलवे

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ तल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 (**वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा** के कार्यक्षेत्र हेतु) निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित करते हैं: **क्रम सं. 1, एनआईटी सं.131_2026-27, कार्य का विवरण :** एईएन/बैण्डेल के अधीन एसएसई/पी.वे/बैण्डेल के कार्यक्षेत्र में निम्नलिखित के बीच एसएसई/पी.वे/बैण्डेल के खंड के तहत पी.वे रखरखाव कार्य (i) किमी 38/0-55/0, (ii) अप/डाउन नैहाटी शाखा लाइन किमी 2.500-8/0, (iii) 0.00-2.00 अप/डाउन कटवा लाइन और (iv) एम 46/11-एम 49/11 अवॉइडिंग लाइन। **अनुमानित मूल्य :** रु.1,65,56,374.81, **बयाना राशि:** रु. 3,31,100/-, **क्रम सं. 2, एनआईटी सं.132_2026-27, कार्य का विवरण:** एईएन/लिलुआ के अधीन किमी 18/700-69/200 अप, डाउन, एसएल एवं यार्ड लाइन के बीच एसएसई/पी.वे/तारकेश्वर के खंड के तहत पी.वे रखरखाव कार्य। **अनुमानित मूल्य:** रु.1,72,65,706.98, **बयाना राशि :** रु. 3,45,300/- **क्रम सं. 3, एनआईटी सं.133_2026-27, कार्य का विवरण :** एईएन/लिलुआ के कार्यक्षेत्र में किमी 79/0 से 117/00 एसएल एवं यार्ड लाइन के बीच एसएसई/पी.वे/तारकेश्वर के तहत पी.वे रखरखाव कार्य। **अनुमानित मूल्य :** रु.1,14,28,211.90, **बयाना राशि :** रु. 2,28,600/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) :** शून्य (प्रत्येक हेतु)। **समापन अवधि:** 12 (बारह) माह (प्रत्येक हेतु)। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 14.07.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान : ई-निविदा प्रणाली के मामले में बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।।

HWH-183/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं. एसजी.निविदा/डीएसटीई/एसडीएएच/622, दिनांक 01.07.2026,** वरिष्ठ डीएसटीई, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा सं.: एसडीएसटीई/एसआईजी/टी/12/26-27/आरआरएसके। कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** उम्र सह स्थिति के आधार पर नए आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन (2023) से पुराने आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन (2004) के आईपीएस का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्य:** रु.7,44,25,962.10, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी:** रु.14,88,500/- **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **निविदा जमा देने की प्रारंभिक तिथि:** 14.07.2026, **निविदा जमा देने की अंतिम तिथि:** 28.07.2026 को 14.00 बजे तक। **निविदा बोली के खोलने की तिथि:** 28.07.2026 को 14.30 बजे। **विवरण यहाँ से देखा जा सकता है: www.ireps.gov.in तकनीकी पात्रता मानदंड:** निविदाकार ने निविदा आमंत्रण से पूर्व महीने के अंतिम दिन को समाप्त, पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य का सफलतापूर्वक पूरा या पर्याप्त रूप से निष्पादन किया है: (i) तीन समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की समान राशि से कम न हो, या (ii) दो समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की समान राशि से कम न हो, या (iii) एक समरूप कार्य जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की समान राशि से कम न हो। **वित्तीय पात्रता मानदंड:** निविदाकार का न्यूनतम औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार V/N या 'V' होना चाहिए, जो भी कम हो, जहाँ V = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, N = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकाजनित भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन-पत्र अभी तैयार किया जाना है/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन-पत्र को विचार में लिया जाएगा। निविदाकार जीसीसी 2022 के अनेक्सर-VIबी (मौजूदा निविदा कागजात का फॉर्म-6) के अनुसार आवश्यक जानकारी के साथ सनदी लेखापाल द्वारा यथा प्रमाणित लेखापरीक्षित तुलन पत्र की प्रतियाँ/लेखापरीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथा समर्थित सनदी लेखापाल से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। **जमा किए जाने वाले अन्य कागजात:** निविदा कागजात में उल्लिखित अनुसार। **समरूप कार्य की प्रकृति:** कोई भी एस एंड डी कार्य जिसमें शामिल है पावर सप्लाई सिस्टम (आईपीएस/बैटरी चार्जर) की आपूर्ति, स्थापना, आरंभ। **टिप्पणी:** निविदाकार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा कागजात में उल्लिखित पात्रता मानदंड को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में कागजात प्रस्तुत करेंगे। निविदाकार द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाण पत्रों के समर्थन में कागजातों/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपि का प्रत्येक पृष्ठ निविदाकार या निविदाकारी फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व-सत्यापित/डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित होगा। स्व-सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर और तिथि (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होंगे।

SDAH-111/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### लापता सनोज मामले में एसपी ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

**आरा।** बिहिया थाना क्षेत्र से लापता युवक सनोज कुमार के मामले में भोजपुर एसपी राज ने स्वयं बिहिया पहुंच कर घटना स्थल का निरीक्षण किया। भोजपुर पुलिस ने पूरी गंभीरता से लिया है। सनोज मामले को एसपी राज ने गंभीरता से लेते हुए हुए पुलिस बुधवार को स्वयं बिहियाँ थाना कांड संख्या- 296/25 के तहत दर्ज इस मामले के घटनास्थल का दौरा किया और स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल पर मौजूद पुलिस पदाधिकारियों के साथ मामले की गहन समीक्षा की। उन्होंने मामले के हर पहलू को बारीकी से खंगालने के साथ-साथ तकनीकी और वैज्ञानिक साक्ष्यों को आधार बनाकर जांच को तेजी से आगे बढ़ाने का सख्त निर्देश दिया। एसपी ने मौके पर मौजूद जांच टीम को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि इस मामले में किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं, जिससे उम्मीद जताई जा रही है कि लापता युवक सनोज कुमार का सुराग जल्द ही लगा लिया जाएगा। एसपी के खुद इस मामले की कमान संभालने के बाद स्थानीय पुलिस पूरी तरह मुस्तैद हो गई है और विभिन्न बिंदुओं पर छापेमारी व वैज्ञानिक अनुसंधान तेज कर दिया गया है।

### एमएम महिला कॉलेज में कबीर जयंती पर दोहा गायन प्रतियोगिता

**आरा**|महंथ महादेवानंद (एमएम) महिला महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा कबीर जयंती के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम और दोहा गायन प्रतियोगिता हुआ। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. नरेन्द्र प्रताप पालित ने की। मंच का संचालन करते हुए हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. सुधा निकेतन रंजनी ने कबीर के गुरुभाई पीपा के शब्दों को उद्धृत करते हुए कहा कि कबीर आज भी हमारे बीच श्रद्धा, प्रेम और भक्ति जैसे विषयों पर बहस का मुख्य हिस्सा हैं। उन्होंने छात्राओं से कबीर के पदों के स्थूल अर्थों के बजाय उसके भीतर छिपे व्यापक सामाजिक संदेश को समझने की अपील की। प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. नरेन्द्र प्रताप पालित ने कहा कि कम पढ़े-लिखे होने के बावजूद कबीर का दर्शन वर्तमान समय में भी पूरी तरह प्रासंगिक है। प्रतियोगिता में जागृति कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि जूही कुमारी और प्राची प्रिया संयुक्त रूप से दूसरे तथा सुनिधि तीसरे स्थान पर रहीं। प्राकृत विभाग की डॉ. कुमारी शिल्पा और अर्थशास्त्र विभाग की डॉ. रजनी नरसरिया ने निर्णायक की भूमिका निभाई। डॉ. अंजू कुमारी मौजूद थीं।

### एसडीपीओ को मद्यनिषेध विभाग में नई पोस्टिंग देने पर घिरी सरकार

**बक्सर।** बिभोजपुर जिले के चर्चित भरत भूषण तिवारी कथित पुलिस एनकाउंटर मामले को लेकर बिहार की राजनीति एक बार फिर गरमा गई है। इस मामले में आरोपी बनाए गए जगदीशपुर के तत्कालीन सब-डिविजनल पुलिस ऑफिसर (एसडीपीओ) राजेश कुमार शर्मा को पटना में मद्यनिषेध विभाग में डीएसपी पद पर नई तैनाती दिए जाने के बाद विपक्षी दलों ने सरकार की मंशा पर गंभीर सवाल उठाए हैं। आम आदमी पार्टी के बक्सर जिलाध्यक्ष रमेश वर्मा ने इस फैसले पर कड़ा ऐतराज जताते हुए कहा कि सरकार एक ओर निष्पक्ष जांच और कानून के राज का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर गंभीर आरोपों का सामना कर रहे अधिकारियों को महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भरत भूषण तिवारी कथित एनकाउंटर मामले में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद राजेश कुमार शर्मा को फील्ड ड्यूटी से हटाकर पुलिस लाइन भेजा गया था, लेकिन अब उन्हें पटना जैसे अहम जिले में मद्यनिषेध विभाग में डीएसपी की जिम्मेदारी सौंप दी गई है। रमेश वर्मा ने आरोप लगाया कि प्राथमिकी में नामजद अधिकारी को कार्रवाई के बजाय नई और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देना न्याय व्यवस्था का मजाक उड़ाने जैसा है। उन्होंने कहा कि इससे पीड़ित परिवार और आम लोगों के बीच गलत संदेश जाएगा तथा सरकार की निष्पक्षता पर भी सवाल खड़े होंगे।

### प्रमुख डाकघर में नया आधार केंद्र शुरू, अब 12 घंटे तक मिलेंगी डाक सेवाएं

**बक्सर।** भारतीय डाक विभाग "डाक सेवा जन सेवा" के संकल्प के साथ आम नागरिकों को बेहतर, त्वरित एवं सुलभ सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में प्रधान डाकघर, बक्सर में नागरिक सुविधाओं के विस्तार हेतु एक और आधार सेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया है। इस अवसर पर डाक अधीक्षक, बक्सर प्रमंडल, कुमारी सरिता ने बताया कि बक्सर प्रधान डाकघर में पहले से एक आधार सेवा केंद्र संचालित था, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आधार नामांकन एवं संबंधी सेवाओं का लाभ प्राप्त कर रहे थे। बढ़ती मांग को देखते हुए प्रधान डाकघर बक्सर में ही एक और अतिरिक्त आधार सेवा केंद्र शुरू किया गया है, जिससे लोगों को आधार संबंधी कार्यों के लिए कम समय में बेहतर सुविधा प्राप्त होगी। इस केंद्र पर नया आधार नामांकन, नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर, ई-मेल एवं बायोमेट्रिक सहित सभी आधार सेवाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में बक्सर प्रमंडल के अन्य डाकघरों में भी आधार सेवा केंद्र स्थापित किए जाएंगे, ताकि नागरिकों को अपने नजदीकी डाकघर में ही आधार संबंधी सभी सुविधाएं मिल सकें। डाक फ्रेंचाइजी योजना 2.0 के तहत युवाओं को मिलेगा स्वरोजगार का मौकाः डाक अधीक्षक कुमारी सरिता ने यह भी बताया कि भारतीय डाक विभाग द्वारा संचालित भारत डाक फ्रेंचाइजी योजना 2.0 बेरोजगार युवाओं एवं उद्यमियों के लिए स्वरोजगार का एक उत्कृष्ट अवसर है। इस योजना के तहत इच्छुक व्यक्ति स्पीड पोस्ट, पार्सल एवं अंतरराष्ट्रीय डाक की बुकिंग एवं डिलीवरी सेवाओं से जुड़कर अपना व्यवसाय प्रारंभ कर सकते हैं। विभाग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार फ्रेंचाइजी धारकों को 7 प्रतिशत से 30 प्रतिशत तक आकर्षक कमीशन अर्जित करने का अवसर मिलता है। उन्होंने बक्सर प्रमंडल के शिक्षित युवाओं, स्वयं सहायता समूहों एवं छोटे उद्यमियों से इस योजना का लाभ उठाने और आत्मनिर्भर भारत अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारतीय डाक विभाग केवल डाक वितरण तक सीमित नहीं है डाक अधीक्षक ने बताया कि आम जनता, व्यापारियों, विद्यार्थियों तथा ई-कॉमर्स ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बक्सर प्रधान डाकघर में स्पीड पोस्ट, रजिस्ट्री, पार्सल एवं अन्य डाक बुकिंग सेवाओं का समय बढ़ाकर प्रतिदिन सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक कर दिया गया है। अब नागरिक लगातार 12 घंटे तक डाक बुकिंग सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। इस विस्तारित समय से विशेष रूप से नौकरीपेशा लोगों, व्यवसायियों एवं दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाले ग्राहकों को बड़ी सुविधा मिलेगी।

### पांडेय पट्टी में गिट्टी लदा ट्रक पलटा, स्कूल बस बाल-बाल बची

**बक्सर**| इटाढ़ी रेलवे क्रॉसिंग बंद होने के बाद पांडेय पट्टी होकर इटाढ़ी रोड जाने वाला वैकल्पिक मार्ग अब हादसों का कारण बनने लगा है। बुधवार सुबह करीब सात बजे इसी मार्ग पर गिट्टी लदा एक ट्रक सड़क किनारे पलट गया। संयोग अच्छा रहा कि पास से गुजर रही एक स्कूल बस इस हादसे की चपेट में आने से बाल-बाल बच गई। ट्रक चालक और खलासी घायल हुए, जबकि स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ सेकेंड की चूक कई स्कूली बच्चों की जान पर भारी पड़ सकती थी। घटना के बाद लोगों ने प्रशासन की ट्रैफिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक सामने से आ रहे ट्रैक्टर और स्कूल बस को बचाने के प्रयास में असंतुलित होकर पलट गया। सड़क की चौड़ाई कम होने के कारण बड़े वाहनों का आमने-सामने निकलना बेहद जोखिम भरा हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रेलवे क्रॉसिंग बंद होने के बाद इस मार्ग पर भारी वाहनों, यात्री बसों और स्कूली वाहनों का दबाव लगातार बढ़ गया है।

# गवाही देकर लौट रहे चाचा की गोली मारकर हत्या

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा।** भोजपुर में बुधवार की रात गवाही देकर लौट रहे चाचा-भतीजे पर बाइक सवार बदमाशों ने फायरिंग कर दी। चाचा को सिर और पेट में गोली लगी। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। भतीजे को घुटने के नीचे बुलेट लगी है। खून से लथपथ घायल दीपक (22) ने SDPO-2 को फोन कर घटना की सूचना दी। इसके बाद कोईलवर थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घायल को अस्पताल पहुंचाया। घायल को अनुसार 4 बीघा जमीन विवाद और अपहरण मामले में कोर्ट में गवाही देने गए थे। इसी कारण हमपर हमला हुआ है। घटना कोईलवर थाना क्षेत्र के धर्मपुर बाधार के पास की है।

**भाइयों के नाम कर दी थी जमीनः** 45 साल के सूरज बबुरा थाना क्षेत्र के इंग्लिशपुर गांव के रहने वाले थे। उनके 2 भाई कामता राय और सुदर्शन राय हैं। सूरज की शादी नहीं हुई है। उसने अपनी हिस्से की जमीन भाइयों के नाम कर दी थी।



घायल दीपक सुदर्शन का बेटा है। घायल दीपक ने बताया कि कामता जमीन पर अपना घर बनवा रहा था। उन्होंने मेरे पिता को कहा कि तुम अभी घर मत बनवाओ, जैसे हमलोग कहेंगे उसी तरह से काम करना। इसी बात पर दोनों भाइयों में विवाद हो गया था।

**अधिकारियों को भी आवेदन दिया, पर विवाद नहीं खत्म हुआः** दीपक ने आरोप लगाया है कि कामता और उनके बेटे पिंटू, मनीष और नीरज ने हमें घर बनाने से रोका। कामता का कहना है कि सूरज ने जो जमीन दी है। उसपर मैं अकेले घर बनाऊंगा, नहीं को अंजाम भुगतने को तैयार रहो। इस विवाद को लेकर कई बार पंचायत भी हुई, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल सका। बाद में उनके सुदर्शन राय ने BDO, अंचलाधिकारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई, लेकिन विवाद जस का तस बना रहा।

**घर में घुसकर मारपीट की थीः** घायल युवक दीपक ने बताया कि 21 अप्रैल 2026 की सुबह आरोपियों ने घर में घुसकर मारपीट की, ताला तोड़कर लाखों रुपए नगद, जेवरात और टीवी लूट लिया। मुझे उठाकर कोईलवर ले जाया गया और जान से मारने की धमकी दी गई। किसी तरह वह वहां से भाग निकला और बबुरा थाना में अपहरण का मामला दर्ज कराया। इस मामले में सूरज राय प्रमुख गवाह थे। दीपक का आरोप है कि शिकायत के बावजूद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं की, जिसके बाद पुलिस अधीक्षक और बिहार के DGP को भी लिखित आवेदन भेजा गया।

## जिला अधिवक्ता संघ भवन में केन्द्रीयकृत वातानुकूलित सुविधा का किया गया शुभारंभ



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा**| जिला अधिवक्ता संघ भवन, आरा में केन्द्रीयकृत वातानुकूलित सुविधा का उद्घाटन आज बार काउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन एवं सांसद माननीय मनन कुमार मिश्रा द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर बिहार स्टेट बार काउंसिल के चेयरमैन रामाकांत शर्मा एवं सदस्य प्रेम कुमार झा तथा पन्ना कुमार त्रिपाठी उपस्थित रहे।अपने संबोधन में मनन कुमार मिश्रा ने कहा कि यह गौरव की बात है कि आरा बार एसोसिएशन भारत का पहला बार एसोसिएशन है जहाँ अधिवक्ताओं के लिए केन्द्रीयकृत वातानुकूलित सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश कुमार मिश्रा एवं महासचिव मनमोहन ओझा को बधाई दी। वहीं बिहार स्टेट बार काउंसिल के चेयरमैन रामाकांत शर्मा ने अधिवक्ताओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से आरा बार एसोसिएशन में केन्द्रीयकृत एसी सुविधा का शुभारंभ किया।वहीं बार एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी अमरेन्द्र चौबे ने कहा कि भवन में केन्द्रीयकृत वातानुकूलित सुविधा से एसोसिएशन को काफी राहत मिलेगी।कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष राकेश कुमार मिश्रा एवं महासचिव मनमोहन ओझा ने संयुक्त रूप से किया।

## एसएनजेएस इंटरनेशनल स्कूल में पौधरोपण




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा**|एसएनजेएस इंटरनेशनल स्कूल में विश्व पर्यावरण पखवाड़ा के तहत पर्यावरण दिवस मना। विद्यालय परिसर में 101 पौधे रोपे गए। स्कूल के अलग-अलग हाउस के छात्र-छात्राओ ने एक-एक पौधे को गोद लिया। यह संकल्प लिया कि वे इसके बड़े होने तक इसकी नियमित देखभाल करेंगे। मुख्य अतिथि जिला वन पदाधिकारी (डीएफओ) प्रद्युमन गौरव, बीडीओ सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी करपुरी ठाकुर, विद्यालय निदेशक उमेश कुमार, पूर्व कृषि वैज्ञानिक पी. के. द्विवेदी, वीकेएसयू के डॉ. अम्बीश राय और प्रो. पारस नाथ राय ने किया। जिला वन पदाधिकारी प्रद्युमन गौरव ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा केवल सरकार के भरोसे नहीं छोड़ी जा सकती। एक पौधा लगाना कोई औपचारिकता नहीं, बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन का उपहार है। मौके पर प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंह, स्कूल के संरक्षक उदय नारायण आदि थे।

# 50 से ज्यादा डॉक्टर्स और सीए सम्मानित कर रोटरी क्लब ने सत्र का किया आगाज

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर।** रोटरी क्लब बक्सर ने सत्र 2026-27 की शुरुआत सेवा, सम्मान और सामाजिक सरोकारों के साथ बेहद प्रभावशाली अंदाज में की। क्लब के नवनियुक्त अध्यक्ष निर्मल कुमार सिंह एवं उनकी टीम ने कार्यकाल के पहले ही दिन राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे के अवसर पर नगर के 50 से अधिक चिकित्सकों एवं कई चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को उनके आवास एवं कार्यालय पहुंचकर सम्मानित किया। इस पहल ने समाज में सेवा, सम्मान और जनकल्याण के प्रति रोटरी क्लब की प्रतिबद्धता का मजबूत संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन भारत के महान चिकित्सक, स्वतंत्रता सेनानी एवं पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. बिधान चंद्र रॉय की जयंती एवं पुण्यतिथि के



अवसर पर किया गया। डॉ बीसी रॉय का जन्म 1 जुलाई 1882 को हुआ था तथा 1 जुलाई 1962 को उनका निधन हुआ। चिकित्सा एवं जनसेवा के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान की स्मृति में भारत सरकार वर्ष 1991 से प्रत्येक वर्ष 1 जुलाई को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के रूप में मनाती है। डॉ. रॉय को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान "भारत रत्न" से भी सम्मानित किया गया था। नवनियुक्त अध्यक्ष निर्मल कुमार सिंह ने कहा कि रोटरी क्लब बक्सर का उद्देश्य केवल सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करना नहीं, बल्कि समाज के उन लोगों को सम्मान देना भी है जो अपने कार्यों से जनसेवा का उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सक मानव जीवन के रक्षक हैं और चार्टर्ड अकाउंटेंट देश की आर्थिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सम्मानित किए गए चिकित्सकों में डॉ प्रशांत कुमार, डॉ अंजली कुमारी, डॉ नन्द किशोर सिंह, डॉ अमर सिंह, डॉ अमृत राज, डॉ एचएन पांडेय, डॉ महेंद्र प्रसाद, डॉ रश्मि रानी, डॉ पार्थ सारथी, डॉ संजय कुमार, डॉ पीके पांडेय, डॉ शैलेश कुमार राय, डॉ कुमार गांगेय राय, डॉ प्रियंका पांडेय, डॉ भूपेंद्र नाथ, डॉ तनवीर फरीदी, डॉ अरुण कुमार, डॉ दिलशाद आलम, डॉ मधु सिंह, डॉ प्रियंका कुमारी, डॉ सीएम सिंह, डॉ आरके सिंह, डॉ सुनीता सिंह, डॉ रक्षिता सिंह, डॉ निवेदिता, डॉ अनमोल मिल्टन, डॉ वीर, डॉ मिथिलेश, डॉ सत्यम, डॉ निराला, डॉ लीडिया मोसेस, डॉ अर्जित सिंह, डॉ शैलेश श्रीवास्तव, डॉ मोनिका सिंह, डॉ साकार सिंह, डॉ आशुतोष सिंह, डॉ वेद प्रकाश, डॉ नमिता सिंह, डॉ वीके सिंह, डॉ रंगनाथ तिवारी, डॉ रितेश चौबे, डॉ राजेश मिश्रा, डॉ मनीष कुमार पांडेय सहित अन्य चिकित्सक शामिल रहे।

# ऐतिहासिक वामन भगवान मंदिर का होगा जीर्णोद्धार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर।** बक्सर की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और पौराणिक विरासत के संरक्षण की दिशा में राज्य सरकार ने अब तक का सबसे बड़ा और ऐतिहासिक कदम उठाया है। सूबे के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में बक्सर के ऐतिहासिक वामन भगवान मंदिर के जीर्णोद्धार और इसे एक पूर्णतः स्वतंत्र अस्तित्व प्रदान करने के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी गई है। सरकार के इस फैसले को बक्सर के सर्वांगीण विकास और सनातन संस्कृति के पुनरुत्थान के लिए एक क्रांतिकारी कदम माना जा रहा है।कैबिनेट के इस फैसले के बाद से ही पूरे बक्सर जिले में हर्ष और उत्साह है। वरीय अधिवक्ता रामेश्वर प्रसाद वर्मा ने बताया कि वामन भगवान मंदिर को उसका उचित अधिकार और स्वतंत्र पहचान दिलाने के पीछे एक लंबा संघर्ष और सामूहिक प्रयास रहा है। कैबिनेट फैसले से बक्सर में हर्ष, वामन मंदिर का होगा विकासः वामन चेतना मंच के अध्यक्ष मृत्युंजय तिवारी व अन्य सदस्यों ने इसे बक्सर के धार्मिक पर्यटन के लिए मील का पत्थर बताया। भगवान वामन चेतना मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मृत्युंजय तिवारी, उपाध्यक्ष प्रकाश पांडेय, मनोज तिवारी, संजय ओझा,प्रमोद कुमार चौबे, जिलाध्यक्ष अभिषेक ओझा, सरोज




तिवारी, दयानंद उपाध्याय के साथ ही वर्षा पांडेय व भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भुअन ने मुख्यमंत्री को बधाई दी। सुरक्षा के कड़े इंतजाम : बनेगी 14 फीट ऊंची चहारदीवारी चूंकि जेल की सुरक्षा बेहद संवेदनशील मामला है, इसलिए इस फैसले में सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा गया है। मंदिर परिसर को अलग करने के दौरान कारा की सुरक्षा अप्रभावित रहे, इसके लिए एक पुख्ता योजना बनाई गई है। मंदिर परिसर के तीन तरफ से कंटीले तारों सहित 14 (चौदह) फीट ऊंची चहारदीवारी (बाउंड्री वॉल) का निर्माण कराया जाएगा। स्थानीय प्रबुद्ध जनों का कहना है कि वामन भगवान मंदिर को स्वतंत्र पहचान मिलने से अब इसके विकास के नए मार्ग प्रशस्त होंगे। यह सिर्फ एक मंदिर का जीर्णोद्धार नहीं, बल्कि बक्सर की सोई हुई सांस्कृतिक चेतना का पुनर्जागरण है। इससे न केवल जिले में धार्मिक पर्यटन को अभूतपूर्व बढ़ावा मिलेगा। बक्सर में हुआ था बटुक वामन के रूप में भगवान विष्णु का पांचवां अवतार धर्म शास्त्रों के अनुसार बटुक वामन के रूप में भगवान विष्णु का पांचवां अवतार बक्सर में हुआ था। जिसे दसावतारों में पहला शरीरधारी स्वरूप माना जाता है। दैत्यराज बलि के आतंक को खत्म करने के लिए श्री नारायण ने चरित्रवन स्थित आश्रम में ब्राह्मण दंपति के कोख से जन्म लिए। इसके बाद इस जगह का नाम वामनाश्रम पड़ गया। कद-काठी में ठिगना होने के चलते ब्राह्मण बालक का नाम वामन पड़ा। जिन्होंने अपने बुद्धि कौशल के बूते असुरराज बलि को साम्राज्य विहीन कर देवराज इंद्र के गद्दी खोने की आशंका को निर्मूल कर दिया। वामन के रूप में अवतरित हो भगवान विष्णु ने आसुरी शक्तियों का सर्वनाश कर दिया। जिसे बक्सर की पौराणिक इतिहास की एक कड़ी के रूप में जाना जाता है। केंद्रीय कारा की भूमि से अलग होकर विकसित होगा मंदिर बिहार सरकार द्वारा जारी आधिकारिक दस्तावेजों के अनुसार, केंद्रीय कारा (बक्सर जेल) की भूमि पर स्थित ऐतिहासिक वामन भगवान मंदिर के विकास और सौंदर्यीकरण का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है। सरकार ने इस मंदिर परिसर को कारा परिसर से पूरी तरह अलग करने और इसके चौमुखी विकास के लिए महत्वपूर्ण अनुमति दे दी है।

## वीकेएसयू के शोधार्थियों का फूटा गुस्सा



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा।** कतीरा स्थित वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के पुराने कैंपस में बुधवार को शोधार्थियों ने बिहार के मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री का पुतला दहन किया। नेतृत्व डॉ. संदीप ठाकुर ने किया। अभ्यर्थियों ने असिस्टेंट प्रोफेसर बहाली की नई नियमावली के खिलाफ जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। बिहार के मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री का पुतला दहन कर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के दौरान कैंपस का माहौल पूरी तरह गरमा गया। एसोसिएशन के नेताओं ने सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि विज्ञापन और बहाली की प्रक्रिया के बीच में अचानक नई नियमावली थोप देना हजारों योग्य अभ्यर्थियों के भविष्य के साथ सरासर खिलवाड़ है। अभ्यर्थियों ने रोष जताते हुए कहा कि उन्होंने सालों-साल कठिन परिश्रम करके पुरानी नियमावली के मानकों, जैसे एपीआई / एकेडमिक स्कोर, पीएचडी, शोध-पत्र प्रकाशन, सेमिनार और शिक्षण-अनुभव को पूरा किया है। अब ऐन वक्त पर नियमों को बदलकर सरकार उनके समय, मेहनत और आर्थिक संसाधनों को बर्बाद कर रही है। शोधार्थियों ने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि बिना पीएचडी या शोध-अनुभव वाले लोगों को उच्च शिक्षा में प्राथमिकता देने से कॉलेजों का ''रिसर्च कल्चर'' पूरी तरह नष्ट हो जाएगा।

# शिविर में 50 लोगों ने किया रक्तदान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा।** रेडक्रॉस ब्लड बैंक में बुधवार को रोटरी क्लब ऑफ आरा की ओर से रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर की शुरुआत क्लब के अध्यक्ष केएम. अग्रवाल की पत्नी मृदुला अग्रवाल तथा सचिव अभिषेक जैन की पत्नी मिनाली जैन के रक्तदान से हुई। शिविर में कुल 50 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायी योगदान दिया। उद्घाटन डॉ. अर्चना सिंह, डॉ. एसके. रुंगटा एवं डॉ. जीवेश कुमार ने किया। अध्यक्ष केएम. अग्रवाल ने कहा कि रोटरी क्लब का उद्देश्य समाज सेवा और जरूरतमंदों की सहायता करना है। उन्होंने कहा कि भोजपुर में रक्त की आवश्यकता के अनुरूप उपलब्धता नहीं हो पाती, इसलिए नियमित रूप से रक्तदान शिविर आयोजित किए जाते हैं। नवनिर्वाचित सचिव अभिषेक जैन ने बताया कि उनके कार्यकाल में वंचित बच्चों की शिक्षा, वाटर हार्वेस्टिंग और रोटरी के सेवा कार्यों को और विस्तारित



किया जाएगा। शिविर में पूर्व अध्यक्ष मनजीत आनंद, संजीव गुप्ता, पंकज प्रभाकर, डॉ. अर्चना सिंह, मनोज कुमार सिंह, अभय जैन, राजेश सिंह, अरविंद सिंह सहित बड़ी संख्या में रोटेरियन मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथियों में जॉइंट कमर्शियल टैक्स ऑफिसर नरेश कुमार, डिप्टी कमिश्नर जीएसटी देवाश्री, राजीव कुमार राय, वीरभद्र राय, विभु जैन, वार्ड पार्षद जितेंद्र कुमार शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विभा कुमारी ने किया, जबकि संरक्षक एवं ब्लड डोनेशन कमेटी के अध्यक्ष डॉ. दिनेश प्रकाश प्रसाद सिन्हा की देखरेख में शिविर संपन्न हुआ।

# नए जिला शिक्षा पदाधिकारी की पोस्टिंग

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर।** बिहार शिक्षा विभाग ने राज्यभर में बड़े प्रशासनिक फेरबदल के तहत कई अधिकारियों का तबादला किया है। इसी क्रम में बक्सर जिले को नए जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) मिल गए हैं। इन्द्र कुमार कर्ण को बक्सर का नया जिला शिक्षा पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार, इन्द्र कुमार कर्ण इससे पहले मुजफ्फरपुर में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (डीपीओ) के पद पर कार्यरत थे। प्रशासनिक अनुभव को देखते हुए शिक्षा विभाग ने उन्हें अब बक्सर जिले की जिम्मेदारी सौंपी है। इन्द्र कुमार कर्ण मूल रूप से बिहार के मधुबनी जिले के निवासी बताए जा रहे हैं।



**किसी प्रकार का अतिरिक्त वेतनमान लाभ नहींः** विभाग ने उनकी तैनाती उनके वर्तमान वेतनमान में ही की है, यानी उन्हें पदस्थापन के साथ किसी प्रकार का अतिरिक्त वेतनमान लाभ नहीं दिया गया है। शिक्षा विभाग की ओर से जारी आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि इस तबादले के दौरान उन्हें पारगमन काल (Joining Time) का लाभ नहीं मिलेगा। इसका मतलब है कि उन्हें बिना किसी देरी के तत्काल बक्सर पहुंचकर अपने नए पद का प्रभार ग्रहण करना होगा। विभाग ने निर्देश दिया है कि प्रभार ग्रहण करने के बाद इसकी सूचना बिहार शिक्षा विभाग को अनिवार्य रूप से भेजी जाए।

**फैसला राज्यपाल की स्वीकृति के बाद लिया गयाः** सरकार की ओर से यह भी कहा गया है कि पदभार ग्रहण करने से संबंधित सभी आवश्यक प्रशासनिक औपचारिकताओं को जल्द से जल्द पूरा किया जाए ताकि जिले में शिक्षा विभाग के कार्य प्रभावित न हों। यह आदेश शिक्षा विभाग के निदेशक रंजन कुमार द्वारा जारी किया गया है। विभागीय अधिसूचना में उल्लेख किया गया है कि यह फैसला राज्यपाल की स्वीकृति के बाद लिया गया है। बक्सर में नए जिला शिक्षा पदाधिकारी की नियुक्ति से जिले में शिक्षा व्यवस्था, स्कूलों की मॉनिटरिंग और योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आने की उम्मीद है। अब सबकी नजर इस बात पर रहेगी कि नए डीईओ जिले की शिक्षा व्यवस्था में किस तरह के सकारात्मक बदलाव लेकर आते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अलार्म चेन पुलिंग पर एक्शन, 109 लोग गिरफ्तार

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेलवे के सोनपुर मंडल ने जून माह में अलार्म चेन पुलिंग (ACP) की अनधिकृत घटनाओं के खिलाफ एक सघन अभियान चलाया। यह कार्रवाई रेल यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और समयबद्ध बनाए रखने के उद्देश्य से मंडल के विभिन्न रेलखंडों और स्टेशनों पर की गई। इस अभियान के दौरान रेलवे अधिनियम 141 की संबंधित धाराओं के तहत कुल 110 मामले दर्ज किए गए। इनमें 109 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया और उनसे जुर्माने के रूप में 48,100/- की राशि रेल राजस्व में प्राप्त की गई। सोनपुर मंडल प्रशासन ने यह कदम यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, ट्रेनों के परिचालन में निरंतरता बनाए रखने और अनावश्यक देरी को रोकने के लिए उठाया है। अनधिकृत अलार्म चेन पुलिंग से न केवल रेल परिचालन प्रभावित होता है, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। मंडल रेल प्रबंधक के मार्गदर्शन में, रेल सुरक्षा बल, वाणिज्य विभाग और परिचालन विभाग के समन्वित प्रयासों से यह अभियान सफल रहा। मंडल ने यात्रियों से अपील की है कि वे आपात स्थिति को छोड़कर अलार्म चेन का दुरुपयोग न करें, ताकि सुरक्षित, सुगम और समयबद्ध रेल सेवाएं सुनिश्चित की जा सकें। सोनपुर मंडल ने स्पष्ट किया है कि यात्रियों की सुरक्षा और रेल अनुशासन बनाए रखने के लिए भविष्य में भी इस तरह के अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

### हाजीपुर पुलिस ने हेरोइन के साथ तस्कर पकड़ा

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के हाजीपुर सदर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बलवा कुंआरी में एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने उसके पास से छह ग्राम हेरोइन 'कोटा' और नगद रुपए बरामद किए। हालांकि, इस दौरान एक अन्य तस्कर मौके से फरार होने में सफल रहा। पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सदर थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि चकैमा निवासी पिंटू कुमार और अर्जुन कुमार हेरोइन 'कोटा' का कारोबार करते हैं। सूचना में यह भी बताया गया था कि पिंटू कुमार एक झूले के घर आया है और जल्द ही मोटरसाइकिल से 'कोटा' बेचने वाला है। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम बलवा कुंआरी पहुंची और मनोज सिंह के मुर्गी फार्म के पास सड़क पर वाहन जांच अभियान शुरू किया। कुछ देर बाद एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति आते दिखे। पुलिस को देखते ही दोनों ने भागने का प्रयास किया। पुलिस बल के सहयोग से एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया, जबकि मोटरसाइकिल पर बैठा दूसरा व्यक्ति फरार हो गया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपनी पहचान पिंटू कुमार, पिता चंद्रिका राय, निवासी चकैमा के रूप में बताई। उसने फरार हुए व्यक्ति का नाम अर्जुन कुमार उर्फ झूले बताया। पिंटू कुमार की तलाशी के दौरान उसके पास से 17 कैप्सूल हेरोइन 'कोटा' (लगभग छह ग्राम) और नगद रुपए बरामद हुए। उसने पूछताछ में बताया कि बरामद मोटरसाइकिल अर्जुन कुमार की है। पिंटू ने यह भी खुलासा किया कि अर्जुन कुमार पुराना 'कोटा' कारोबारी है, जो बिदुपुर से किसी व्यक्ति से 'कोटा' खरीदकर लाता है और वे दोनों मिलकर गांव-गांव घूमकर इसे बेचते हैं। गिरफ्तार तस्कर पिंटू कुमार से पूछताछ के बाद उसके और फरार हुए अर्जुन कुमार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। पिंटू कुमार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।



### बहन से प्यार में मामा ने भांजे को मार डाला

**हाजीपुर।** वैशाली में मामा ने अपने भांजे की गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को छिपाने के लिए उसको जलाकर नदी किनारे फेंक दिया। घटना के 2 दिन बाद युवक का शव वैशाली पुलिस ने बरामद किया। मृतक की पहचान समस्तीपुर के शाहपुर पटोरी थाना क्षेत्र के होली गांव निवासी शंकर राय के बेटे नीतीश कुमार (20) के रूप में हुई है। मृतक के चचेरे भाई रमेश का आरोप है, नीतीश का उसकी ममेरी बहन से अफेयर चल रहा था। इसी वजह से मामा ने उसे मार डाला। मृतक के भाई ने अपने ही मामा समेत पांच लोगों पर अपहरण कर हत्या करने का आरोप लगाते हुए FIR दर्ज करवाया है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मामला जुड़ावनपुर थाना क्षेत्र के चकसिंगार पंचायत स्थित लंका टोला का है। रमेश ने बताया, नीतीश के पैदा होते ही उसकी मां की मौत हो गई थी। इसी वजह से बचपन से ही नीतीश अपने नाना-नानी के पास रहता था। 5 साल पहले नाना-नानी की भी मौत हो गई। इसके बाद नीतीश का ध्यान उसके मामा-मामी रखते थे। इस बीच साल 2023 में नीतीश अपनी ममेरी बहन के नजदीक आने लगा। दोनों अक्सर साथ खाना खाया करते थे। घंटों सामने बैठकर बातें किया करते थे। करीब 1 साल तक सब कुछ ऐसा ही चलता रहा। साल 2024 में दोनों ने एक-दूसरे से अपने-अपने प्यार का इजहार किया। इसके बाद से दोनों के बीच की नजदीकियां और भी बढ़ गई। साल 2025 में नीतीश के मामा को बेटी और भांजे के अफेयर के बारे में जानकारी मिली। जिसके बाद उन्होंने दोनों को बहुत समझाने की कोशिश की, लेकिन नीतीश मानने को तैयार नहीं था। इस हरकत को देखते हुए आरोपी मामा ने नीतीश को अपने घर से निकाल दिया। उसने नीतीश से कहा- तुम बाहर जाकर कमाओ, यहां रहकर मेरी बेटी की भी जिंदगी खराब कर दोगे। इसके बाद नीतीश 2025 के नवंबर में मामा के घर से निकलकर गुरुग्राम चला गया।

### मुजफ्फरपुर में कार में हथियार लहराने वाला बदमाश अरेस्ट

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर पुलिस ने सोशल मीडिया पर अवैध हथियार लहराकर दहशत फैलाने वाले एक युवक को पटना से गिरफ्तार किया है। आरोपी विवेक सिंह सकरा थाना क्षेत्र का निवासी है। पुलिस ने उसके पास से वीडियो में दिख रही दोनाली बंदूक और घटना में इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, यह मामला 1 जुलाई का है, जब सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ था। इस वीडियो में युवक अवैध हथियार लहराते हुए 'सोना बेचकर लोहा खरीदने' जैसी बातें कह रहा था। वह जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर आम लोगों में भय और दहशत फैलाने का प्रयास कर रहा था। वायरल वीडियो की सत्यता की जांच के बाद यह स्पष्ट हुआ कि वीडियो सकरा थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने इसे समाज में भय और आतंक का माहौल बनाने का प्रयास मानते हुए सकरा थाना में मामला दर्ज किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए, वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के अनुश्रवण और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (पूर्वी-2) के नेतृत्व में गठित इस टीम ने लगातार छापेमारी की। मिली सूचना के आधार पर आरोपी विवेक सिंह को पटना से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के पास से वीडियो में प्रदर्शित दोनाली बंदूक और वीडियो बनाने में इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन बरामद किया है। आरोपी से पूछताछ जारी है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि साइबर सेल और सोशल मीडिया सेल विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगातार निगरानी रख रहे हैं। पुलिस ने सभी से अपील की है कि रील या वीडियो बनाने के दौरान कानून का उल्लंघन न करें, अन्यथा कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### मुजफ्फरपुर में महिला के प्राइवेट पार्ट में घोंपा हंसुआ

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में चोरी का विरोध करना एक महिला को भारी पड़ गया। घर में चोरी की नीयत से घुसे बदमाश ने महिला पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावर ने महिला के प्राइवेट पार्ट में हंसुआ(हथियार) घोंप दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। तत्काल इलाज के लिए एसकेएमसीएच में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों की टीम ने ऑपरेशन करके शरीर में फंसा हंसुआ बाहर निकाला। फिलहाल महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना गायघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत बेनीबाद ओपी इलाके की है। जानकारी के अनुसार, गुरुवार तड़के करीब तीन बजे एक बदमाश चोरी की नीयत से घर में घुसा था। आहट होने पर महिला की नींद खुल गई। जब विरोध किया तो बदमाश ने धारदार हंसुआ से उन पर हमला कर दिया। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। परिजन ने गंभीर हालत में एसकेएमसीएच पहुंचाया। मेडिकल थाना प्रभारी पिंटू कुमार ने बताया कि घटना की सूचना पुलिस को मिल चुकी है। पीड़िता की हालत में सुधार होने के बाद उनका बयान दर्ज किया जाएगा। बयान और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# खुलासा: रिटायर्ड पुलिसकर्मी से रंगदारी मांगने वाला गिरफ्तार

**पोते के अपहरण की दी थी धमकी, 25 लाख किया डिमांड, फतुहा पुलिस ने किया खुलासा**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना।** पटना जिले के नदी थाना क्षेत्र में मिजोरम पुलिस से सेवानिवृत्त एक जवान से 25 लाख रुपये की रंगदारी मांगने और उनके पोते के अपहरण की धमकी देने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गुरुवार को फतुहा एसडीपीओ-1 अवधेश कुमार ने नदी थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में मामले का खुलासा किया। एसडीपीओ ने बताया कि नदी थाना क्षेत्र के जेठुली गांव निवासी शिवचंद्र राय करीब एक माह पूर्व मिजोरम पुलिस से सेवानिवृत्त हुए हैं। सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें मिले करीब एक करोड़ रुपये में से अपराधियों ने 25 लाख रुपये की रंगदारी की मांग की थी। साथ ही रकम नहीं देने पर उनकी हत्या करने और स्कूल जाते समय उनके पोते का अपहरण कर जान से मारने की धमकी दी जा रही थी।

**व्हाट्सएप पर भेजे गए थे धमकी भरे संदेश:** पुलिस के अनुसार, शिवचंद्र राय के पुत्र राजन कुमार के मोबाइल पर 22 जून और 1 जुलाई 2026 को व्हाट्सएप के माध्यम से धमकी भरे संदेश भेजे गए थे। आरोपियों ने चेतावनी दी थी कि यदि तय समय तक रंगदारी नहीं दी गई तो पोते का अपहरण कर 50 लाख रुपये की फिरौती मांगी जाएगी। पीड़ित परिवार की शिकायत पर 1 जुलाई 2026 को नदी थाना में कांड संख्या-265/2026 दर्ज किया गया। इसके बाद थानाध्यक्ष के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी और मानवीय अनुसंधान के आधार पर पुलिस ने मुख्य आरोपी संजीव कुमार राय (39), पिता शिवशंकर राय, निवासी जेठुली, को गिरफ्तार कर लिया। मामले में संलिप्त एक विधि-विरुद्ध बालक (नाबालिग) को भी निरुद्ध किया गया है।

**जांच जारी:** एसडीपीओ अवधेश कुमार ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और आरोपियों के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि घटना में किसी अन्य व्यक्ति की भी संलिप्तता है या नहीं। मिजोरम पुलिस से सेवानिवृत्त हुए एक जवान से रंगदारी मांगने और उनके पोते के अपहरण की धमकी देने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी सहित दो लोगों को दबोच लिया है। गुरुवार को फतुहा एसडीपीओ-1 अवधेश कुमार ने नदी थाने पर आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस पूरे मामले का भंडाफोड़ किया और पुलिस की इस कामयाबी की जानकारी साझा की। एसडीपीओ अवधेश कुमार ने बताया कि नदी थाना क्षेत्र के जेठुली ग्राम निवासी शिवचंद्र राय करीब एक महीने पहले ही मिजोरम पुलिस से सेवानिवृत्त हुए हैं। उन्हें मिले सेवानिवृत्ति के एक करोड़ रुपये में से अपराधियों द्वारा 25 लाख रुपये की रंगदारी की मांग की जा रही थी। रंगदारी की रकम न देने पर शिवचंद्र राय की हत्या करना तथा उनके पोते को स्कूल जाने के क्रम में अपहरण कर जान से मारने की धमकी लगातार दी जा रही थी।

# 20 साल बाद लालू-राबड़ी ने खाली किया 10 सर्कुलर रोड

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**सरकारी बंगला छोड़ निजी आवास में शिफ्ट हुए, परिवार संग 1 पोलो रोड में रहेंगे तेजस्वी**

**पटना।** RJD सुप्रीमो लालू यादव और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने पटना के 10 सर्कुलर रोड स्थित सरकारी आवास खाली कर दिया है। दोनों अब कौटिल्य नगर स्थित अपने निजी आवास में शिफ्ट हो गए हैं। वहीं, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव अपने परिवार के साथ 1 पोलो रोड स्थित सरकारी आवास में रहेंगे। दरअसल, 10 सर्कुलर रोड लंबे समय तक लालू परिवार का प्रमुख सरकारी आवास रहा। राबड़ी देवी को साल 2006 में बिहार विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद यह सरकारी आवास अलॉट किया गया था। तब से यह बंगला बिहार की राजनीति के कई अहम फैसलों का केंद्र माना जाता रहा है।

इसी आवास में रहते हुए तेजस्वी यादव ने भी साल 2015 में पहली बार बिहार के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। अब परिवार के नए आवास में शिफ्ट होने के साथ ही इस बंगले से जुड़ा एक लंबा राजनीतिक अध्याय भी समाप्त हो गया है। पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को आवंटित 10 सर्कुलर रोड स्थित सरकारी आवास खाली करने की समय-सीमा सोमवार को समाप्त हो गई थी। भवन निर्माण विभाग ने उन्हें बंगला खाली करने के लिए चार बार नोटिस जारी किया था। हालांकि, दो दिन पहले ही राबड़ी देवी के आप्त सचिव ने भवन निर्माण विभाग को पत्र लिखकर आवास खाली करने के लिए 5 जुलाई तक अतिरिक्त समय देने का अनुरोध किया था। इससे पहले नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी सोमवार को अपना सरकारी आवास खाली कर 1 पोलो रोड स्थित नए सरकारी आवास में शिफ्ट हो गए थे। पूर्व सीएम राबड़ी देवी की ओर से जो भवन निर्माण विभाग को चिट्ठी लिखी गई। इसमें कहा गया था कि विभाग की तरफ से चार्ज रजिस्टर उपलब्ध नहीं करवाया गया है।

# बिहार में गंगा किनारे 'बीच गेम्स कार्निवल' का होगा आयोजन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**अक्टूबर में भारत-न्यूजीलैंड रग्बी मुकाबला, पटना में पहली बार बिहार पुरुष कबड्डी लीग होगी**

**पटना।** बिहार में पूरे साल खेल आयोजनों से मैदान सजा रहेगा। प्रदेश में जुलाई 2026 से लेकर मार्च 2027 तक अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं होंगी। राजगीर में भारत-न्यूजीलैंड रग्बी और FIH हॉकी प्रो लीग तो पटना में निडजैम का आयोजन होगा।

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण की ओर से जारी कैलेंडर के अनुसार सत्र 2026-27 खेल गतिविधियों से भरा रहेगा। राजधानी में पहली बिहार पुरुष कबड्डी लीग का भी आयोजन होगा। 29 अगस्त को पटना में खेल सम्मान समारोह आयोजित होगा।

**बिहार में बीच गेम्स कार्निवल का होगा आयोजन:** बिहार में बीच गेम्स कार्निवल का भी आयोजन होगा। 16 से 18 जनवरी गंगा घाटों के किनारे इसका आयोजन किया जाएगा। वहीं, दंगल का रोमांच देखने को मिलेगा, जो कि 27 और 28 नवंबर को होगा। 24 से 31 अक्टूबर तक राजगीर में भारत-न्यूजीलैंड रग्बी (मैत्री शताब्दी) मुकाबला और पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में पहली बिहार पुरुष कबड्डी लीग (28 जनवरी-5 फरवरी) का आयोजन होगा। वहीं, मार्च में तीसरी महिला कबड्डी लीग खेली जाएगी।

# आईएमए के राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित हुए बिहारशरीफ विधायक डॉ. सुनील कुमार

**स्वास्थ्य सेवा, चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और सामाजिक सरोकारों के लिए मिला 'आईएमए डॉ. ए.के. एन. सिन्हा राष्ट्रीय सम्मान'**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**पटना।** बिहारशरीफ के विधायक एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सुनील कुमार को स्वास्थ्य सेवा और सामाजिक दायित्वों के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'आईएमए डॉ. ए.के.एन. सिन्हा राष्ट्रीय सम्मान' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए), बिहार राज्य शाखा द्वारा आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। पटना में डॉ. ए.के.एन. सिन्हा की 32वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मान समारोह में बिहार सरकार के मंत्री दिलीप जायसवाल ने डॉ. सुनील कुमार को सम्मान-पत्र और स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा, शिक्षा और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले राज्य के करीब दो दर्जन चिकित्सकों को भी सम्मानित किया गया।

सम्मान ग्रहण करने के बाद डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि यह उपलब्धि केवल उनकी व्यक्तिगत नहीं, बल्कि उन सभी चिकित्सकों के समर्पण का सम्मान है, जो सीमित संसाधनों के बीच भी मरीजों की सेवा को अपना सर्वोच्च कर्तव्य मानकर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सक और जनप्रतिनिधि की दोहरी जिम्मेदारी निभाते हुए उनका प्रयास हमेशा आम लोगों तक बेहतर, सुलभ और मानवीय स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का रहा है। उन्होंने इस सम्मान के लिए आईएमए, बिहार राज्य शाखा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. ए.के.एन. सिन्हा का जीवन और सेवा-भाव चिकित्सा जगत के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनके आदर्श नई पीढ़ी के डॉक्टरों को समाज के प्रति समर्पित होकर कार्य करने की सीख देते रहेंगे। समारोह में आईएमए के वरिष्ठ पदाधिकारी, राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे चिकित्सक, चिकित्सा विशेषज्ञ और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले डॉक्टरों को सम्मानित करने की यह पहल समाज में सेवा, संवेदनशीलता और मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

# 17 लाख के एरियर भुगतान के बदले रिश्वत मांगना पड़ा भारी, अवर सचिव निगरानी के हत्थे चढ़े

**पटना में 20 हजार रुपये की घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार, पहले ही 10 हजार रुपये लेने का आरोप**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना।** भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी विभाग का अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में बुधवार को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने वेतन आयोग के अवर सचिव आमोद मिश्रा को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित इस्कॉन मंदिर के समीप वेतन आयोग कार्यालय में की गई। निगरानी विभाग के अधिकारियों ने शिकायत के सत्यापन के बाद पूर्व निर्धारित योजना के तहत जाल बिछाया। जैसे ही आमोद मिश्रा ने शिकायतकर्ता से 20 हजार रुपये रिश्वत के रूप में स्वीकार किए, टीम ने मौके पर ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार, बिहारशरीफ के एसबीएम कॉलेज में कार्यरत रहे एक सेवानिवृत्त प्रयोग प्रदर्शक के लगभग 17 लाख रुपये के एरियर का भुगतान लंबित था। उनके पुत्र उमाशंकर उमरेश्री ने आरोप लगाया कि भुगतान की प्रक्रिया पूरी कराने के लिए आमोद मिश्रा ने 30 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। शिकायतकर्ता के मुताबिक, आरोपी अधिकारी पहले ही 10 हजार रुपये ले चुका था। शेष 20 हजार रुपये देने के लिए उसे बुलाया गया था, लेकिन इससे पहले ही निगरानी विभाग सक्रिय हो गया।

30 जून को शिकायतकर्ता ने निगरानी थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। इसके साथ रिश्वत मांगने से जुड़े बातचीत के साक्ष्य भी उपलब्ध कराए गए। जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद निगरानी विभाग ने ट्रैप टीम गठित कर कार्रवाई की। बुधवार को तय योजना के अनुसार शिकायतकर्ता आरोपी अधिकारी के पास पहुंचा। जैसे ही आमोद मिश्रा ने 20 हजार रुपये स्वीकार किए, निगरानी की टीम ने उन्हें रंगे हाथ पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी अधिकारी से निगरानी विभाग पूछताछ कर रहा है। अधिकारियों का कहना है कि मामले में विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है और जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

# खेल-खेल में बच्ची को गोली लगी 5 गिरफ्तार हथियार बरामद

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** नौबतपुर में 28 जून को 12 वर्षीय बच्ची को गोली लगने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। जांच में सामने आया कि बच्ची को उसके चचेरे भाई द्वारा पिस्तौल से खेलने के दौरान गोली लगी थी। इस मामले में पुलिस ने 5 युवकों को गिरफ्तार किया है और हथियार भी बरामद किए हैं। मुख्य आरोपी चचेरा भाई सोनू अभी फरार है। फुलवारीशरीफ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी (डीएसपी-2) दीपक कुमार ने बताया कि पुलिस ने गुरुवार को इस घटना का सफल उद्भेदन किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अमित कुमार, रूपक कुमार, संजय कुमार, पप्पू कुमार और रोहित कुमार के रूप में हुई है। इनके पास से एक देसी कट्टा, एक पिस्टल, छह जिंदा कारतूस और दो मैगजीन बरामद किए गए हैं।

**28 जून को हुई थी घटना:** 28 जून को नौबतपुर थाना में एक लिखित आवेदन दिया गया था, जिसमें बताया गया कि अजवा पेट्रोल पंप के पास दो युवकों के बीच गोलीबारी हुई थी। इस दौरान घर के पास खेल रही 12 वर्षीय बच्ची के पेट में गोली लग गई। घायल बच्ची का इलाज पटना के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। हालांकि, घटनास्थल के निरीक्षण के दौरान पुलिस को गोली का खोखा, खून के निशान या गोलीबारी की पुष्टि करने वाली कोई परिस्थिति नहीं मिली। आसपास के लोगों ने भी गोलीबारी की बात से इनकार किया, जिससे पुलिस को घटना की कहानी पर संदेह हुआ। डीएसपी दीपक कुमार ने बताया कि पुलिस ने अमित कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की। वैज्ञानिक तरीकों से की गई जांच में यह खुलासा हुआ कि घटना सड़क पर हुई गोलीबारी की नहीं, बल्कि घर के अंदर हुई थी।

# नितिन नवीन की बांकीपुर सीट पर 30 जुलाई को वोटिंग

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना।** चुनाव आयोग ने गुरुवार को निविन नवीन के इस्तीफे के बाद खाली हुई बांकीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव का ऐलान कर दिया है। 30 जुलाई को यहां वोटिंग होगी। 3 अगस्त को वोटों की गिनती की जाएगी। BJP ने अब तक यहां उम्मीदवार नहीं उतारा है। तेज प्रताप सबसे पहले कैंडिडेट का ऐलान कर चुके हैं। जनसुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर के भी यहां से चुनाव लड़ने की चर्चा है। हाल में उन्होंने कहा था- अगर मेरे चुनाव लड़ने से भाजपा बांकीपुर जैसी मजबूत सीट हारती है, तो मैं चुनाव लड़ने के लिए तैयार हूं।

**तेजप्रताप ने वीणा मानवी को टिकट दिया:** तेज प्रताप यादव ने जनशक्ति जनता दल में शामिल हुई वीणा मानवी को इस सीट से टिकट दिया है। वीणा मानवी एक सामाजिक कार्यकर्ता रही हैं, वे मुख्य रूप से पटना और बिहार में महिलाओं के अधिकारों और सामाजिक मुद्दों पर मुखर रहने के लिए पहचानी जाती हैं। 'समृद्ध महिला विकास मंच' (महिला विकास मंच) की राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर काम करती रही हैं। इसके जरिए वे पारिवारिक विवादों, घरेलू हिंसा और पीड़ितों की कानूनी, सामाजिक मदद के लिए पटना के इलाकों में काफी सक्रिय रही हैं। जुलाई 2026 में तेज प्रताप यादव की पार्टी जनशक्ति जनता दल (JJD) में शामिल होकर वे सक्रिय चुनावी राजनीति में मुख्य भूमिका में आई हैं।

# बिहार में 'वीबी-जी राम जी' मिशन लागू, पटना में मंत्री श्रवण कुमार ने किया शुभारंभ, 125 दिन काम

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना।** पटना में "विकसित भारत-रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (बिहार) 2026" का शुभारंभ किया गया। पटना स्थित मुख्य सचिवालय परिसर के अधिवेशन भवन में बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने मिशन की शुरुआत की। ग्रामीण विकास विभाग की ओर से दावा किया गया कि यह पहल ग्रामीण रोजगार, आजीविका सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण को नई दिशा देगी। सरकार का दावा है कि इस योजना के लागू होने के साथ बिहार देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है, जिसने ग्रामीण कार्यबल को आधुनिक आर्थिक सुरक्षा, रोजगार के नए अवसर और स्थायी आजीविका उपलब्ध कराने की दिशा में व्यापक पहल की है।

**'VB-G RAM G' के तहत रोजगार और मजदूरी बढ़ाने का दावा:** यह नया मिशन 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा)' के स्थान पर लाया गया एक उन्नत और व्यापक रूप है। इसे VB-G RAM G (विकसित भारत-रोजगार की गारंटी और आजीविका मिशन) नाम दिया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रवण कुमार ने कहा, 'यह मिशन केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि बिहार के गांवों को आत्मनिर्भर बनाने का एक मजबूत संकल्प है।'

इसके साथ ही मंत्री श्रवण कुमार ने भरोसा जताया कि गांवों में ही साल के 125 दिन सम्मानजनक मजदूरी मिलने से रोजगार की तलाश में होने वाला अंतर-राज्यीय पलायन काफी हद तक थमेगा। इस योजना के तहत जल संचयन, पौधारोपण, ग्रामीण सड़कों का निर्माण और कृषि से जुड़े बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जाएगा, जिससे गांवों का चौमुखी विकास होगा। समारोह के दौरान मंच पर ग्रामीण विकास विभाग के प्रधान सचिव, विभिन्न जिलों के उप-विकास आयुक्त (DDC) और विभाग के वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विभाग द्वारा इस मिशन को धरातल पर पूरी पारदर्शिता और कड़ाई से लागू करने का संकल्प लिया गया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में पश्चिमी सिंहभूम सबसे आगे



**पश्चिमी सिंहभूम।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) अभियान के तहत पश्चिमी सिंहभूम जिला मतदाता गणना प्रपत्रों के वितरण और डिजिटाइजेशन में पूरे झारखंड में पहले स्थान पर पहुंच गया है। जिला प्रशासन ने इस उपलब्धि का श्रेय निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े सभी अधिकारियों, बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) और कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों को दिया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त मनीष कुमार ने गुरुवार को बताया कि जिले के सभी पांच विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य तेज गति से जारी है। अब तक 2 लाख 96 हजार 387 गणना प्रपत्र मतदाताओं तक पहुंचाए जा चुके हैं, जो जिले के कुल लक्षित मतदाताओं का 27.34 प्रतिशत है। इस उपलब्धि के साथ पश्चिमी सिंहभूम राज्य में सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाला जिला बन गया है। वहीं, प्राप्त प्रपत्रों में से 6,036 का बीएलओ ऐप के माध्यम से सफलतापूर्वक डिजिटाइजेशन भी किया जा चुका है। उन्होंने जानकारी दी कि जिले के 39 मतदान केंद्रों पर तकनीकी बाधाओं के कारण ऑनलाइन फॉर्म वितरण संभव नहीं हो सका। ऐसे सभी केंद्रों पर वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए ऑफलाइन माध्यम से गणना प्रपत्रों का वितरण कराया गया, जिससे अभियान की रफ्तार प्रभावित नहीं हुई। उन्होंने भरोसा जताया कि जिला आगामी चरणों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन बनाए रखेगा और अभियान के सभी निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करेगा। साथ ही उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि जिले का कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे।

### सड़क सुरक्षा अभियान के तहत प्रमुख मार्गों पर लगाए जा रहे चेतावनी और दिशा-सूचक बोर्ड



**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिला प्रशासन ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में सड़क सुरक्षा अभियान तेज कर दिया है। अभियान के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग, पथ निर्माण विभाग और ग्रामीण कार्य विभाग की ओर से अपने-अपने अधीनस्थ मार्गों पर सड़क सुरक्षा संकेतक, चेतावनी बोर्ड, दिशा-सूचक और सावधानी संबंधी संदेश लगाए जा रहे हैं। गुरुवार को जिला प्रशासन की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार दुर्घटना संभावित स्थलों, तीव्र मोड़ों, पुल-पुलियों, विद्यालयों, अस्पतालों और अधिक यातायात वाले क्षेत्रों में विशेष रूप से सुरक्षा संकेतक स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि वाहन चालक समय रहते सतर्क होकर दुर्घटनाओं से बच सकें। जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल किसी एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यदि सभी लोग यातायात नियमों का पालन करें तो अधिकांश सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि सड़क हादसे का असर केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरा परिवार प्रभावित होता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ यात्रा करनी चाहिए। जिला प्रशासन का मानना है कि सड़क सुरक्षा संकेतकों की स्थापना, नियमित जनजागरूकता अभियान और नागरिकों के सहयोग से सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सकती है। प्रशासन ने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने और दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करने की अपील की है, ताकि पश्चिमी सिंहभूम को सुरक्षित और दुर्घटना-मुक्त जिला बनाया जा सके।

### जनता को बंद नहीं, न्याय और समाधान चाहिएः कांग्रेस



**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रस्तावित बंद को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर अप्रत्यक्ष निशाना साधते हुए कहा है कि दुखद घटना की आड़ में राजनीति नहीं होनी चाहिए। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष परविंदर सिंह ने गुरुवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि पिछले तीन दिनों से जिले की आम जनता लगातार परेशान है। व्यापार, शिक्षा, आवागमन और दैनिक जीवन प्रभावित हुआ है, जबकि प्रशासन भी स्थिति को सामान्य बनाने में लगातार प्रयासरत है। ऐसे में बंद का आह्वान किस उद्देश्य से किया जा रहा है, यह समझ से परे है। परविंदर सिंह ने कहा कि जब पीड़ित परिवार प्रशासन की पहल पर सहमति जता चुका है, आवश्यक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कर चुका है और एक घायल व्यक्ति अभी भी अस्पताल में उपचाराधीन है, तब आम नागरिकों को लगातार परेशानी में डालना कहीं न कहीं राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का स्पष्ट मानना है कि किसी भी दुखद घटना पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। न्याय की मांग हर नागरिक का अधिकार है, लेकिन न्याय के नाम पर जनजीवन बाधित करना, आम लोगों को कठिनाई में डालना और सामाजिक सौहार्द को प्रभावित करना उचित नहीं है। जनता को बंद नहीं, न्याय और समाधान चाहिए। जिला कांग्रेस कमेटी ने जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध जांच सुनिश्चित करने तथा दोषियों के खिलाफ कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही सभी सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों से शांति, भाईचारे और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की गई है। परविंदर सिंह ने कहा कि पूर्वी सिंहभूम की जनता को बंद नहीं बल्कि न्याय चाहिए, अशांति नहीं बल्कि शांति चाहिए और राजनीति नहीं बल्कि समस्या का समाधान चाहिए।

### युवक पर चापड़ से जानलेवा हमला, पर्स लूटकर फरार हुए बदमाश



**पूर्वी सिंहभूम।** शहर में चापड़बाजी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं और अपराधियों के हौसले कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। नए वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) के पदभार ग्रहण करने के कुछ ही घंटों के भीतर टेल्को थाना क्षेत्र में एक युवक पर जानलेवा हमला कर बदमाशों ने पुलिस के सामने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी। घटना टेल्को थाना क्षेत्र के तार कंपनी रोड की है। जानकारी के मुताबिक बिरसानगर जोन नंबर-1बी निवासी अशीम बनर्जी बुधवार देर रात मानगो से अपने घर लौट रहे थे। रात करीब 12 बजे तीन बाइक सवार अपराधियों ने उनकी बाइक रोक ली और चापड़ से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और घायल युवक को तत्काल टाटा मोटर्स अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) रेफर कर दिया। हालांकि इस बीच वे अपने घर पहुंचे और परिजनों को घटना की जानकारी दी। डॉक्टरों के अनुसार चापड़ के वार से अशीम बनर्जी के दोनों हाथ बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। उनकी स्थिति को देखते हुए हाथों की प्लास्टिक सर्जरी करनी पड़ेगी। टेल्को थाना प्रभारी सुरेश प्रसाद ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और आरोपितों की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस की टीम संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है और जल्द ही अपराधियों की गिरफ्तारी का दावा किया है।

# झारखंड के डुमरी में सबसे अधिक 92 मिलीमीटर बारिश दर्ज

**एजेंसी। रांची**



राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान सबसे अधिक बारिश गिरिडीह जिले के डुमरी में 92.4 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। यह जानकारी मौसम विभाग ने गुरुवार को दी। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान राज्य के विभिन्न जिलों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश दर्ज की गई। राज्य के जिन इलाकों में बारिश रिकार्ड की गई है उनमें मधुपुर 80.2 मिलिमीटर, हजारीबाग डीवीसी में 74.2, कोनर डीवीसी में 54.6, गारू में 53 मिमी, नंदाडीह में 45, पलामू के नौडीहा बाजार में 38.2 मिमी, कोलेबिरा में 35.4 मिमी, डाल्टनगंज में 33.6 मिमी, सिलाईचक में 31, सिसई में 29.4 मिमी, जरमुंडी में 28.6 मिमी और तोपचांची में 27.2 मिलीमीटर सहित इलाके शामिल हैं। मौसम विभाग ने ०४, ०५, ०६ और ०7 जुलाई को राज्य के कई जिलों में भारी बारिश होने का अनुमान व्यक्त किया है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 35.4 डिग्री और सबसे कम न्यूनतम तापमान लातेहार में २१.४ डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। गुरुवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से बादल छाए रहे लेकिन दोपहर बाद मौसम साफ हो गया और भारी गर्मी एवं उमस महसूस की गई। वहीं, गुरुवार को रांची में अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री और न्यूनतम 24.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम 34.5 डिग्री और न्यूनतम 27.2 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 35.4 और न्यूनतम 25.1 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 35.1 डिग्री और न्यूनतम 25.1 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 33.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

## मंत्री ने 25 बीडीओ को उपलब्ध कराया विभागीय वाहन

**एजेंसी। रांची**



ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज विभाग की ओर से राज्य के 25 प्रखंड विकास पदाधिकारियों (बीडीओ) को विभागीय वाहन उपलब्ध कराए गए। झारखंड मंत्रालय में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विभागीय मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर उन्होंने सभी नवनियुक्त बीडीओ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस पहल से विकास योजनाओं की जमीनी निगरानी, क्षेत्रीय निरीक्षण और आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान में तेजी आएगी। मंत्री ने अधिकारियों से संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रखंड विकास पदाधिकारियों की कार्यशैली से सरकार की छवि बनती है, इसलिए टालमटोल की प्रवृत्ति से बचते हुए योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि वाहन की कमी के कारण कई बार योजनाओं की निगरानी प्रभावित होती थी, जिसे दूर करने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। शेष प्रखंडों में भी जल्द विभागीय वाहन उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। मंत्री ने कहा कि वर्तमान में अधिकारियों पर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), पेसा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन और ग्रामीण विकास योजनाओं के संचालन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने पंचायतों को आय के स्रोत बढ़ाने, डिजिटल पंचायत व्यवस्था को मजबूत करने और पंचायत स्तर पर अधिकाधिक सेवाएं उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। कार्यक्रम में सचिव मनोज कुमार, अपर सचिव प्रेरणा दीक्षित, अपर सचिव अरुण कुमार सिंह, संयुक्त सचिव एस अली खान सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## एचईसी मजदूरों का वेतन भुगतान 07 जुलाई तक होने का आश्वासन

**एजेंसी। रांची**



एचईसी मजदूरों की आमसभा में गुरुवार को विभिन्न श्रमिक समस्याओं और लंबित मांगों को लेकर हटिया स्थित एचईसी परिसर में चर्चा की गई। सभा की अध्यक्षता राम कुमार नायक ने की, जबकि हरेंद्र प्रसाद यादव ने मजदूरों के समक्ष मांगपत्र पढ़कर सुनाया। सभा के बाद प्रबंधन को मांगपत्र सौंपे जाने की जानकारी दी गई। सभा को संबोधित करते हुए जान मोहम्मद ने मजदूरों से मान्यता प्राप्त यूनियन के साथ एकजुट रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के कटे हुए अधिकारों की बहाली के लिए यूनियन संघर्ष के साथ-साथ प्रबंधन से वार्ता भी करेगी। उन्होंने कहा कि पिछले आंदोलनों में मजदूरों को नुकसान उठाना पड़ा है, लेकिन एकजुटता के बल पर सभी सुविधाएं फिर से बहाल कराने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर भवन सिंह ने कहा कि मजदूरों का वेतन हर हाल में 07 जुलाई 2026 तक भुगतान कर दिया जाएगा, जबकि 04 जुलाई 2026 या उसके बाद किसी भी दिन वेतन जारी होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि सप्लाई मजदूरों को जल्द ही पीएफ लेजर भी उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि श्रमिकों की समस्याओं के समाधान के लिए उत्पादन बढ़ाना और मजदूरों की एकता सबसे महत्वपूर्ण है। सभा के समापन के बाद मांगपत्र प्रबंधन को सौंप दिया गया।

## ओपन जेलों की निगरानी पर हाईकोर्ट सख्त, सरकार से 20 जुलाई तक स्टेटस रिपोर्ट तलब

**एजेंसी। रांची**




झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य के ओपन जेलों की निगरानी व्यवस्था पर संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार से स्टेटस रिपोर्ट तलब की है। अदालत ने सरकार को 20 जुलाई तक विस्तृत जानकारी देने का निर्देश दिया है मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश एम.एस. सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ में हुई। राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के आलोक में ओपन जेल की मॉनिटरिंग को लेकर कमेटी गठित कर दी गई। इस पर अदालत ने 20 जुलाई तक सरकार को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर आगे की गई कार्रवाई के संबंध में जानकारी मांगी है। अब मामले की अगली सुनवाई 29 जुलाई को होगी। उल्लेखनीय है कि कोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव को 10 दिनों में तीन सदस्यीय मॉनिटरिंग कमेटी बनाने का निर्देश दिया था। साथ ही सरकार को 24 जून 2026 तक अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने को कहा गया था। राज्य सरकार को झारखंड में संचालित सभी ओपन जेल की स्थिति, प्रबंधन और कार्यप्रणाली का विस्तृत विवरण भी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था दरअसल, उच्चतम न्यायालय ने देश के सभी राज्यों को ओपन जेल की मॉनिटरिंग करने के लिए गृह विभाग को एक कमेटी बनाने को कहा है। कमेटी ओपन जेल की मॉनिटरिंग करें और वहां मिल रही चिकित्सा सुविधा, भोजन आदि सुविधा को बेहतर करने सहित कैदियों को मुख्य धारा से जोड़ने पर काम करें।

## भाजपा ने की व्यापारिक संगठनों और आम नागरिकों से बंद को समर्थन देने की अपील




**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**

बिष्टुपुर के हिमांशु सिंह हत्याकांड और शहर में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं के विरोध में भारतीय जनता पार्टी ने 03 जुलाई को जमशेदपुर बंद का आह्वान किया है। गुरुवार को साकची स्थित भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में पार्टी नेताओं ने कहा कि यह बंद किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि शहर में बेहतर कानून-व्यवस्था और सुरक्षित माहौल की मांग को लेकर आयोजित किया जा रहा है। प्रेस वार्ता में जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अभय सिंह, जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष संजीव सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष संजीव सिंह और जिला मीडिया प्रभारी प्रेम झा मौजूद थे। प्रदेश प्रवक्ता अभय सिंह ने कहा कि हिमांशु सिंह की हत्या ने शहर की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं और आम लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ी है। विधायक पूर्णिमा साहू ने आरोप लगाया कि हत्या, चापड़बाजी, चोरी, छिनतई, नशे के कारोबार और अन्य अपराधों में लगातार वृद्धि हो रही है, जबकि अपराधियों में पुलिस का भय समाप्त होता दिख रहा है। उन्होंने व्यापारिक संगठनों, परिवहन यूनियनों, शैक्षणिक संस्थानों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों से बंद को स्वैच्छिक समर्थन देने की अपील की। भाजपा ने स्पष्ट किया कि अस्पताल, एंबुलेंस, दवा दुकानें, दूध और अन्य आवश्यक सेवाएं बंद से मुक्त रहेंगी।

# हत्या पर राजनीति नहीं, अपराधियों की गिरफ्तारी हो प्राथमिकता : सरयू

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने कहा कि हत्या जैसी गंभीर और संवेदनशील घटनाओं को राजनीतिक या व्यक्तिगत लाभ का माध्यम नहीं बनाया जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि 3 जुलाई को प्रस्तावित जमशेदपुर बंद का उद्देश्य किसी सरकार को घेरना नहीं, बल्कि डीडी बार हत्याकांड के फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित कराना और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रशासन को प्रभावी कदम उठाने के लिए प्रेरित करना है। गुरुवार को बिष्टुपुर स्थित अपने आवास पर आयोजित सर्वसमाज एवं सर्वदलीय बैठक को संबोधित करते हुए सरयू राय ने कहा कि सरकार को इस बंद को अपने खिलाफ नहीं मानना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह बंद शहर की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को लेकर जनता की चिंता का प्रतीक है। उनका कहना था कि यदि प्रशासन समय पर कार्रवाई करता है तो लोगों का विश्वास भी मजबूत होगा। उन्होंने शहर के सभी व्यवसायियों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और बड़ी कंपनियों से अपील की कि वे शुक्रवार को अपने संस्थान स्वेच्छा से बंद रखें। उनके अनुसार यह बंद किसी संगठन विशेष का नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक संवेदना और अपराध के खिलाफ एकजुटता का संदेश है। उन्होंने सरकारी कार्यालयों से भी इस मुद्दे की गंभीरता को समझने की अपील की। सरयू राय ने कहा कि किसी भी आपराधिक घटना को किसी समाज या राजनीतिक दल से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। ऐसी घटनाओं के विरोध में समाज के सभी वर्गों और सभी राजनीतिक दलों को एक मंच पर आकर अपराध के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी एक समुदाय की घटना पर केवल वही समाज आगे आए और बाकी लोग मौन रहें, तो यह उचित नहीं होगा। उन्होंने शहर में बढ़ रही अड्डेबाजी, जुआ, शराबखोरी और नशाखोरी पर चिंता जताते हुए आरोप लगाया कि इन गतिविधियों को पुलिस संरक्षण मिलने के कारण अपराध बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस व्यवस्था को अधिक जवाबदेह बनाने की आवश्यकता है। साथ ही शांति समितियों के गठन की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि इनमें केवल सक्रिय और जिम्मेदार लोगों को ही शामिल किया जाना चाहिए। बैठक में वरिष्ठ समाजसेवी शिवशंकर सिंह, झारखंड क्षत्रिय संघ के अध्यक्ष शंभूनाथ सिंह, उषा यादव ,अजय कुमार, संजय मिश्रा, रमेश कुमार, मुश्ताक अहमद, भास्कर मुखी और अंजलि सिंह सहित कई लोगों ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान डीडी बार हत्याकांड में मृत हिमांशु सिंह की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मंच संचालन सुबोध श्रीवास्तव ने किया।

## कोल्हान विश्वविद्यालय में बांग्ला विषय हटाने के प्रस्ताव का विरोध, कुलपति को सौंपा ज्ञापन

**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**



झारखंड बांग्लाभाषी उन्नयन समिति ने कोल्हान विश्वविद्यालय के क्लस्टर सिस्टम के तहत जमशेदपुर, घाटशिला और चाईबासा के विभिन्न महाविद्यालयों से बांग्ला विषय हटाए जाने के प्रस्ताव का कड़ा विरोध जताया है। गुरुवार को समिति के राज्य पदाधिकारियों ने विश्वविद्यालय की कुलपति को ज्ञापन सौंपकर बांग्ला विषय की पढ़ाई को पूर्ववत जारी रखने की मांग की। समिति ने ज्ञापन में कहा कि कोल्हान क्षेत्र में बांग्ला व्यापक रूप से बोली और पढ़ी जाने वाली प्रमुख भाषाओं में शामिल है। वर्षों से बड़ी संख्या में विद्यार्थी प्राथमिक शिक्षा से लेकर स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर तक बांग्ला भाषा एवं साहित्य का अध्ययन करते रहे हैं। ऐसे में महाविद्यालयों से इस विषय को हटाने का प्रस्ताव विद्यार्थियों के भविष्य और बांग्लाभाषी समाज की भावनाओं को प्रभावित करेगा। समिति का कहना है कि बांग्ला केवल एक भाषा नहीं, बल्कि इस क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत, साहित्यिक परंपरा और ऐतिहासिक पहचान का अभिन्न हिस्सा है। लंबे समय से विश्वविद्यालय से संबद्ध कई महाविद्यालयों में बांग्ला विषय का अध्ययन-अध्यापन नियमित रूप से होता रहा है और हर वर्ष बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं इसे अपनी उच्च शिक्षा के लिए चुनते हैं। ज्ञापन में नई शिक्षा नीति-2020 का भी उल्लेख किया गया। समिति ने कहा कि नीति में मातृभाषा आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया गया है। इसके अलावा झारखंड सरकार भी क्षेत्रीय भाषाओं के संरक्षण और विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर कर चुकी है। ऐसे में बांग्ला विषय को हटाने का प्रस्ताव शिक्षा नीति की मूल भावना के अनुरूप नहीं माना जा सकता। समिति ने विश्वविद्यालय प्रशासन से आग्रह किया कि जमशेदपुर, घाटशिला और चाईबासा के सभी संबंधित महाविद्यालयों में बांग्ला विषय को पहले की तरह जारी रखा जाए तथा इसके अध्ययन-अध्यापन की निरंतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही बांग्लाभाषी विद्यार्थियों और समाज की भावनाओं का सम्मान करते हुए भाषा के संरक्षण और संवर्धन के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। समिति के सचिव राजेश राय ने विश्वास जताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करेगा और विद्यार्थियों के हितों के साथ-साथ भाषा एवं संस्कृति के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए सकारात्मक निर्णय लेगा।

## विवाह पंजीकरण में रिश्वतखोरी के आरोप, रजिस्ट्री कार्यालय की जांच की मांग

**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**



जिला रजिस्ट्री कार्यालय में विवाह पंजीकरण के दौरान कथित अवैध वसूली के आरोपों को लेकर एंटी करप्शन ऑफ इंडिया, झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष रामहरि गोप ने गुरुवार को उपायुक्त को लिखित शिकायत सौंपते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार विवाह पंजीकरण के लिए निर्धारित सरकारी शुल्क के अतिरिक्त कुछ कर्मचारियों और कथित बिचौलियों की मिलीभगत से आवेदकों से 500 से 1000 रुपये तक की अतिरिक्त राशि वसूली जा रही है। आरोप है कि जो लोग अतिरिक्त पैसे देने से इनकार करते हैं, उनकी फाइलों में अनावश्यक आपत्तियां लगाकर प्रक्रिया लंबी कर दी जाती है और उन्हें कई बार कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इससे सबसे अधिक परेशानी ग्रामीण, गरीब और दूरदराज के क्षेत्रों से आने वाले लोगों को उठानी पड़ रही है। उन्होंने प्रशासन से पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने, दोषी कर्मचारियों और बिचौलियों की पहचान कर विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है। साथ ही कार्यालय में सभी सरकारी शुल्क सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने, प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी एवं ऑनलाइन बनाने तथा प्रभावी शिकायत निवारण व्यवस्था लागू करने का भी आग्रह किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### जयपुर में आरक्षण की मांग को लेकर महापंचायत के बाद बवाल



**जयपुर, एजेंसी।** घुमंतू और अर्द्ध घुमंतू जातियों की ओर से 10 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर बुधवार को महापंचायत का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री आवास की तरफ कूच करने का प्रयास किया। पुलिसकर्मियों द्वारा रोकने की कोशिश करने पर झड़प व धक्का-मुक्की हुई। बेकाबू भीड़ के पथराव में 10 पुलिसकर्मी घायल हो गए। विधाधर नगर में बुधवार को घुमंतू और अर्द्ध घुमंतू महासभा के अध्यक्ष रतननाथ कालबेलिया के नेतृत्व में महासभा में समाज के लिए आरक्षण की मांग की गई। प्रशासन ने महापंचायत के आयोजकों से ज्ञापन मांगा, लेकिन लोगों के सीएम आवास की तरफ कूच करने पर पुलिस के साथ झड़प हो गई। प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज के साथ आंसू गैस के गोले छोड़े। इस कारण महापंचायत में शामिल एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लिया है।

### फुटपाथ पर चलना नागरिकों का मौलिक अधिकार, अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा




है कि फुटपाथ पर सुरक्षित तरीके से चलना नागरिकों का मौलिक अधिकार है। पैदल लोगों के लिए बनाए गए फुटपाथों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। अदालत ने लुधियाना नगर निगम को शहर के फुटपाथों पर अतिक्रमण की शिकायतों की तत्काल जांच कर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश अश्वनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति रोहित कपूर की खंडपीठ ने यह आदेश जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। याचिका लुधियाना के जसबीर सिंह ने दायर की थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि शहर में फुटपाथों की हालत बेहद खराब है और बड़ी संख्या में उन पर अतिक्रमण हो चुका है, जिससे लोगों को मजबूरन व्यस्त सड़कों पर चलना पड़ता है। इससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना रहता है। याचिकाकर्ता ने अदालत को बताया कि सितंबर 2025 से फरवरी 2026 के बीच नगर निगम और अन्य संबंधित अधिकारियों को कई बार शिकायतें और ज्ञापन दिए गए, लेकिन प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। फुटपाथों पर रेहड़ी-फड़ी वालों और अन्य अवैध कब्जों के कारण पैदल चलना मुश्किल हो गया है। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने हाल ही में भारत के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का हवाला दिया।

### अब वोट डालने के बाद मतपत्र मोड़ना होगा जरूरी

**शिमला, एजेंसी।** प्रदेश सरकार ने नगर निगम चुनावों की मतदान प्रक्रिया में महत्वपूर्ण संशोधन किया है। शहरी विकास विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार प्रदेश नगर निगम चुनाव नियम, 2012 के नियम 81-बी में बदलाव किया गया है। संशोधित प्रावधान के अनुसार अब मतदान के दौरान पार्षद अपने मतपत्र पर निर्धारित स्थान पर क्रॉस का निशान लगाने के बाद उसे इस प्रकार मोड़ेंगे कि उनका मतदान पूरी तरह गोपनीय रहे। इसके बाद ही मतपत्र मतपेटी में डाला जाएगा। सरकार का कहना है कि इस संशोधन का उद्देश्य मतदान की गोपनीयता को और अधिक मजबूत बनाना तथा चुनाव प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित बनाना है। चुनाव के दौरान मतपत्र को खुला रखने या वोट की गोपनीयता भंग होने जैसी संभावनाओं को रोकने के लिए यह बदलाव किया गया है।

# हिंदू मंदिरों के पैसे से नहीं बनेंगे मॉल और हॉल, सीएम थलापति विजय ने रद्द किए 46 प्रोजेक्ट्स

## सीएम के रूप में पहले दिन से ही असरदार फैसले

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु की सत्ता संभालते ही मुख्यमंत्री 'थलापति' विजय ने पूर्व की डीएमके सरकार के फैसले को पलटते हुए एक बड़ा और सख्त कदम उठाया है। सीएम विजय ने हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग के तहत 245.85 करोड़ रुपये की लागत वाले 46 प्रोजेक्ट्स की प्रशासनिक मंजूरी तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी है।

फिल्म स्टार 'थलापति' सी. जोसेफ विजय ने जब राजनीति में एंट्री की थी तो लोगों ने शुरुआत में उनके प्रभाव पर शक जताया था और उन्हें सिर्फ 'किंगमेकर' माना था। लेकिन 4 मई 2026 को आए विधानसभा चुनाव के नतीजों ने छह दशक बाद मुख्य द्रविड़ पार्टियों को सत्ता से बाहर कर दिया और जनता ने इस अभिनेता के नेतृत्व वाली पार्टी को चुना।

10 मई को विजय ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, लेकिन उनके प्रशासनिक अनुभव और कार्यकाल पूरा करने को लेकर संदेह बना हुआ था। हालांकि, पद संभालने के एक महीने से अधिक समय बाद, उनके कदमों से यह साबित हो रहा है कि वे सुशासन के जरिए जनता को सही संदेश दे रहे हैं।

सोमवार को जिला कलेक्टरों और पुलिस प्रमुखों को निर्देश देते हुए विजय ने बिना किसी राजनीतिक दखल के अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि सबसे प्रभावशाली अपराधियों को भी त्वरित और



निष्पक्ष न्याय का सामना करना पड़े। इसके अलावा, उन्होंने घोषणा की कि तमिलनाडु की सभी सार्वजनिक परिवहन बसें वातानुकूलित होंगी।

सत्ता संभालने के कुछ ही घंटों के भीतर विजय ने 200 यूनिट मुफ्त बिजली का ऐलान किया, जिससे राज्य के लगभग 2.4 करोड़ घरेलू बिजली कनेक्शन धारकों को फायदा होगा। नशीले पदार्थों की तस्करी और उपयोग को रोकने के लिए हर जिले में 'एंटी-ड्रग टास्क फोर्स' का गठन किया गया, जिसकी निगरानी सीएम खुद करेंगे। महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों को रोकने के लिए 'सिंगप्पेन (शेरनी) स्पेशल टास्क फोर्स' बनाई गई।

48 घंटों के भीतर, राज्य भर में धार्मिक स्थलों, शिक्षण संस्थानों और बस स्टैंडों के 500 मीटर के दायरे में चल रही 717 'तस्माक' शराब की दुकानों को दो सप्ताह के भीतर बंद करने का आदेश दिया गया।

**कॉर्पोरेट सीईओ जैसी कार्यशैली और समय की पाबंदी:** सीएम विजय हर सुबह एकदम सही समय पर सचिवालय पहुंचते हैं। पारंपरिक सफेद वेष्टि की बजाय वे काले रंग का शानदार सूट और सफेद शर्ट पहनते हैं, जो उन्हें एक आधुनिक प्रशासक के रूप में पेश करता है। वे सोमवार से शुक्रवार तक अपनी डेस्क पर लगभग सात घंटे बिताते हैं और वरिष्ठ नौकरशाहों से भी समय की पाबंदी की सख्त उम्मीद रखते हैं। काम के दौरान राजनीतिक बैठकों की बजाय वे घर से अपना लंच लाना और शांति से खाना पसंद करते हैं।

**नीति आयोग द्वारा प्रशंसा और केंद्र से तालमेल:** नीति आयोग के उपाध्यक्ष अशोक कुमार लाहिड़ी ने 2035 तक तमिलनाडु की अर्थव्यवस्था को 1.5 ट्रिलियन डॉलर बनाने के विजय के विजन की तारीफ की है, जिसे राज्य को वैश्विक निवेश और तकनीकी डेस्टिनेशन बनाने के कदम के रूप में देखा जा रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर विजय ने मेकेदातु बांध परियोजना के खिलाफ कानूनी कदम उठाने, श्रीलंकाई नौसेना द्वारा पकड़े गए मछुआरों की रिहाई और रक्षा निर्माण एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रोजेक्ट्स के लिए सहयोग की मांग की।

# एनसीआर समेत कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट



**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर भारत समेत देश के कई हिस्सों में मानसून ने अपनी रफ्तार पकड़ ली है, जिसके चलते कहीं राहत तो कहीं भीषण आफत देखने को मिल रही है। मौसम विभाग के अनुसार, मानसून देश की राजधानी दिल्ली में दस्तक दे चुका है। वहीं, पिछले 24 घंटों के दौरान उत्तर प्रदेश में आकाशीय बिजली (वज्रपात) गिरने के कारण अलग-अलग जिलों में आठ लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। बुधवार को प्रदेश भर मानसून की दस्तक से जहां राहत महसूस की गई, वहीं वज्रपात व घर गिरने से आठ लोगों की मौत हो गई। सुलतानपुर व मुरादाबाद में चार लोगों की मौत धान की रोपाई करते हुए हुई। जबकि एक गंभीर रूप से झुलसा है।

एक अन्य घटना में ईंट भट्ठे पर मजदूरी करने वाले व्यक्ति की वज्रपात की चपेट में आने से मौत हो गई। वाराणसी में भी वज्रपात से एक मौत व्यक्ति की मौत की सूचना है। अलीगढ़ में छज्जा गिरने से एक वृद्धा घायल हो गई। यहां सीढ़ियों के मलबे में दबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर सहित उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के कई राज्यों के लिए भारी से अत्यधिक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। काफी इंतजार के बाद आखिरकार दिल्ली-एनसीआर के निवासियों को उमस भरी गर्मी से राहत मिलने वाली है। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि अनुकूल मौसमी परिस्थितियों के कारण मानसून आज दिल्ली की सीमा में प्रवेश कर जाएगा। राजधानी और आसपास के इलाकों (नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम, फरीदाबाद) में सुबह से ही घने बादल छाए हुए हैं और कई जगहों पर रिमझिम बारिश का दौर शुरू हो चुका है।

उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, और पूर्वी राजस्थान में अत्यधिक भारी बारिश का 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया गया है, जहां भूस्खलन का खतरा बना हुआ है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार और झारखंड में भी मानसून पूरी तरह सक्रिय है, जिसके चलते निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बन सकती है। कोंकण, गोवा और तटीय कर्नाटक में भी मूसलाधार बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि भारी बारिश के कारण दिल्ली-एनसीआर समेत बड़े शहरों में जलभराव हो सकता है।

# वारिंग और बाजवा की कुर्सी बरकरार, चन्नी को नई जिम्मेदारी, पंजाब में गुटबाजी थामने को कांग्रेस ने बांटे पद

**जालंधर, एजेंसी।** पंजाब कांग्रेस में पिछले कई हफ्तों से जारी नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों और हाई-प्रोफाइल बैठकों के दौर का पटाक्षेप हो गया है। कांग्रेस हाईकमान ने बुधवार को एक बड़ा बैलेंसिंग एक्ट करते हुए आगामी 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए नई चुनाव समितियों का एलान कर दिया। इस नई व्यवस्था में आलाकमान ने आंतरिक दबाव के बावजूद पंजाब कांग्रेस के मौजूदा अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वारिंग और विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा को उनके पदों पर बरकरार रखा है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव के.सी. वेणुगोपाल के हस्ताक्षर से जारी इन नियुक्तियों के जरिए पार्टी ने अंदरूनी गुटबाजी को शांत करने और सभी विरोधी धड़ों को एक साथ साधने की पुरजोर कोशिश की है। इस फेरबदल में सबसे महत्वपूर्ण नियुक्ति पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी की हुई है। पार्टी के सबसे बड़े दलित चेहरों में से एक चन्नी को चुनाव प्रचार समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राजनीतिक गलियारों में लंबे समय से चर्चा थी कि चन्नी को राजा वडिंग की जगह पंजाब कांग्रेस का नया अध्यक्ष बनाया जा सकता है, लेकिन आलाकमान ने उन्हें संगठन की कमान देने के बजाय चुनाव प्रचार की मुख्य जिम्मेदारी सौंपकर बीच का रास्ता निकाला है। इसके अलावा अन्य वरिष्ठ नेताओं को भी महत्वपूर्ण कमेटियों में जगह देकर संतुष्ट करने का प्रयास किया गया है। जैसे कि विजय इंद्र सिंगला चुनाव प्रबंधन और समन्वय समिति के अध्यक्ष बनाए गए हैं। गुरदासपुर से सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा कोर कमेटी के प्रमुख नियुक्त किए गए हैं। फतेहगढ़ साहिब से सांसद डॉ. अमर सिंह मेनिफेस्टो समिति के अध्यक्ष होंगे। पार्टी ने संगठनात्मक संतुलन को और मजबूत करने के लिए तीन नए कार्यकारी अध्यक्ष भी नियुक्त किए हैं, जिनमें सुखविंदर सिंह डैनी, राज कुमार वेरका और संगत सिंह गिलजियां शामिल हैं।

# एसआईआर में कटा था नाम, कलकत्ता एचसी के दखल के बाद मिला पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट; अब अग्निवीर बने बंगाल के आकाश

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में बीते विधानसभा चुनाव से पहले हुए मतदाता सूची के विशेष गहण पुनरीक्षण को लेकर राज्यभर की सियासत आज भी गर्म है। हालांकि इसी क्रम में 20 साल के आकाश सरकार का मामला भी खूब चर्चा में रहा।

चर्चा के कारण को ऐसे समझिए कि राज्य में हुए प्रक्रिया के दौरान मतदाता सूची से आकाश का नाम कट गया था, जिसके बाद आकाश का भारतीय सेना में 'अग्निवीर' बनने का सपना टूटता नजर आने लगा और फिर मामला कोलकाता हाईकोर्ट पहुंचा।

## पूरा हुआ आकाश का सपना

कोलकाता हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद आकाश सरकार का भारतीय सेना में 'अग्निवीर' बनने का सपना आखिरकार पूरा हो गया है। बताया जा रहा है कि नागरिकता के एक तकनीकी विवाद और नाम कटने की वजह से , लेकिन कलकत्ता हाईकोर्ट के दखल के बाद कोर्ट के अपीलीय ट्रिब्यूनल ने उन्हें बड़ी राहत दी है, जिसके बाद आकाश अब सेना में शामिल हो चुके हैं।

बता दें कि आकाश सरकार और उनके पिता फारुक सरकार का नाम एसआईआर रोल से काट दिया गया था। इस वजह से प्रशासन ने आकाश को पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट देने से मना कर दिया था, जो सेना में भर्ती होने के लिए बहुत जरूरी दस्तावेज है। आकाश को नवंबर 2025 में पुलिस क्लीयरेंस मिल गया था, लेकिन उसकी वैधता 6 महीने में खत्म हो गई। इसके बाद जब



उन्होंने जून 2026 में दोबारा आवेदन किया, तो अधिकारियों ने मामले को लटकाए रखा। आकाश के वकील ने सवाल भी उठाया कि सिर्फ 6 महीनों के भीतर ऐसा क्या बदल गया जो सर्टिफिकेट रोक दिया गया? बार-बार चक्कर काटने के बाद आकाश के परिवार को बताया गया कि स्ढ्ढक्र रोल से नाम कटने के कारण उनका पुलिस वेरिफिकेशन क्लियर नहीं हो रहा है।

# छत्तीसगढ़ में बड़ा घोटाला: 45 हजार का वेतन, पांच माह में खाते में जमा किए एक करोड़ से अधिक

**जगदलपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बस्तर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में वेतन व भत्ता घोटाले का बड़ा मामला सामने आया है। इस घोटाले की प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि मुख्य आरोपित आरक्षक गिरीश राय ने पिछले चार माह में अपने वेतन खाते में हर माह लगभग 20 से 30 लाख रुपये जमा कराए।

इस प्रकार पांच माह में उसके खाते में लगभग 1.2 करोड़ रुपये जमा हुए। इस असामान्य भुगतान पर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की ऑडिट टीम की नजर गई, जिससे पूरे घोटाले का राजफाश हुआ। मामले में पुलिस ने रविवार को तीन आरोपितों गिरीश, राजकुमार कतलम और हेमंत मैथ्यू को गिरफ्तार कर लिया है।

सूत्रों के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों में गिरीश के खाते में वेतन और भत्तों के नाम पर करीब 3.5 करोड़ रुपये जमा होने की आशंका है, जबकि उसका वास्तविक मासिक वेतन केवल 45 हजार रुपये था।

बताया जा रहा है कि गबन की राशि का एक बड़ा हिस्सा उसने शेयर मार्केट में निवेश किया, जहां उसे भारी नुकसान हुआ। इसके अलावा लग्जरी गाड़ियों की खरीद, बाहरी यात्राओं और अन्य महंगे शौक पर भी बड़ी रकम खर्च की।

पुलिस की टीम अब उसके बैंक खातों, निवेश और संपत्तियों का ब्यौरा खंगाल रही है। कैग की टीम पिछले एक सप्ताह से एसपी कार्यालय में रिकार्ड की गहन जांच कर रही थी।

जांच के दौरान लगभग 70 पृष्ठों की सूची तैयार की गई है, जिसमें करीब 350 पुलिसकर्मियों के वेतन भुगतान का विवरण शामिल है। इनमें से लगभग 15 कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध पाई गई है,



जिनके खातों में असामान्य तरीके से बढ़ा हुआ वेतन और भत्ता डाला गया।

**लंबे समय से वेतन शाखा में पदस्थ था आरक्षक:** गिरीश को आरक्षक होने के बावजूद वर्ष 2011 से एसपी कार्यालय की वेतन शाखा में रखा गया था। उसकी लंबे समय तक एक ही स्थान पर पदस्थापना से विभागीय मिलीभगत की आशंका बढ़ गई है। कुछ माह पहले गिरीश ने जिला पुलिस समिति के बैंक खाते से करीब 70 लाख रुपये निकालने का प्रयास किया था, लेकिन सफल नहीं हो सका।

# हैदराबाद के होटलों में मटन बताकर बीफ करते थे सप्लाई, पुलिस ने दो लोगों को दबोचा

**हैदराबाद, एजेंसी।** हैदराबाद की क्राइम टीम, सेंट्रल क्राइम स्टेशन और फूड एडल्ट्रेशन सर्विलांस टीम ने मंगलवार को कई होटलों में मटन बताकर बीफ सप्लाई करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मीट शॉप के मालिक मोहम्मद उस्मान और अयान बीफ शॉप के कर्मचारी मोहम्मद जहांगीर पाशा के तौर पर हुई है। हैदराबाद पुलिस के मुताबिक, ये दोनों होटलों में मटन बताकर बीफ सप्लाई कर रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि इस ऑपरेशन के दौरान 50 किलो मीट जब्त किया गया, जिसमें बीफ मिला हुआ था। पुलिस ने बताया कि आरोपियों को हबीब नगर पुलिस स्टेशन के हवाले कर दिया गया है। मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच चल रही है। इससे पहले 19 जून को खाने-पीने की चीजों में मिलावट के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए हैदराबाद पुलिस की (हैदराबाद फ़ूड एडल्ट्रेशन सर्विलांस टीम) ने फ़ूड सेफ्टी ऑफिसर के साथ मिलकर चारमीनार इलाके के हुसैनियालम पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में चल रहे एक अवैध फास्ट फ़ूड गोदाम पर अचानक छापा मारा और 110 किलोग्राम मिलावटी सामान जब्त किया। विश्वसनीय जानकारी मिलने पर टीम ने पंच मोहल्ला के न्यू लाड बाजार में स्थित अल अकबर फास्ट फूड एंड गोदाम की जगह का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने पाया कि खाने-पीने की चीजें बहुत ही गंदी और असुरक्षित स्थितियों में बनाई और रखी जा रही थीं, जिससे लोगों की सेहत को गंभीर खतरा हो सकता था। अधिकारियों के अनुसार, यह यूनिट फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया से जरूरी लाइसेंस लिए बिना चल रही थी और इसमें एमएसके लायन ग्रीन और रास्पबेरी रेड जैसे प्रतिबंधित कृत्रिम फूड कलर्स का इस्तेमाल किया जा रहा था। निरीक्षण में यह भी पता चला कि बासी कुकिंग ऑयल का दोबारा इस्तेमाल हो रहा था, पानी की गुणवत्ता का सर्टिफिकेट नहीं था, कीड़ों/चूहों से बचाव के उपाय नहीं किए गए थे।

# राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए विपक्ष को साथ लाएगी नेशनल कॉन्फ्रेंस, सभी पार्टियों को बुलावा

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग को लेकर नेशनल कॉन्फ्रेंस ने अपने आंदोलन को तेज करने का फैसला किया है। पार्टी संसद के मानसून सत्र के पहले दिन नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर बड़ा विरोध प्रदर्शन करेगी।

इसके लिए इंडिया गठबंधन के सभी सहयोगी दलों के साथ-साथ अन्य गैर-एनडीए राजनीतिक दलों को भी शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण भेजा जाएगा। श्रीनगर में पार्टी अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रदर्शन की रणनीति और तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। पार्टी का कहना है कि यह आंदोलन जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा और संवैधानिक अधिकार बहाल कराने की मांग को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से जारी रहेगा।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर के अन्य राजनीतिक दलों को भी



इस प्रदर्शन में शामिल होने के लिए औपचारिक रूप से आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही यह भी तय किया गया कि उन राजनीतिक दलों को भी निमंत्रण भेजा जाएगा, जो इंडिया गठबंधन का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन एनडीए से भी संबद्ध नहीं हैं।

पार्टी की ओर से सभी राजनीतिक दलों को औपचारिक आमंत्रण पत्र भेजे जाएंगे, और पार्टी अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला स्वयं संबंधित नेताओं को पत्र लिखकर प्रदर्शन में शामिल होने का निमंत्रण देंगे।यह कदम ऐसे समय में सामने आया है जब कुछ दिन पहले फारूक अब्दुल्ला ने स्पष्ट कहा था कि पार्टी किसी को भी इस आंदोलन में शामिल होने के लिए भीख मांगने नहीं जाएगी। उन्होंने कहा था कि जो भी इस आंदोलन में शामिल होना चाहता है, वह स्वयं आ सकता है, पार्टी किसी के पास नहीं जाएगी। उन्होंने यह भी कहा था कि उनकी पार्टी जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग को लेकर पहले से ही संघर्ष कर रही है और इसके लिए दिल्ली में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा नेशनल कॉन्फ्रेंस की और से यह भी कहा गया है कि संसद के मानसून सत्र के पहले दिन जंतर-मंतर पर यह प्रदर्शन राज्य का दर्जा बहाल करने और संवैधानिक अधिकारों की बहाली की मांग को लेकर किया जाएगा। पार्टी ने स्पष्ट किया है कि वह इस मुद्दे पर अपना आंदोलन जारी रखेगी।

# विभाजन के बाद भारत आने वाले लोग शरणार्थी नहीं, बल्कि योद्धा थे', मोहन भागवत ने विस्थापितों के संघर्ष को सराहा

**नागपुर, एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने बुधवार को कहा कि 1947 के विभाजन के बाद भारत आने वाले लोग शरणार्थी नहीं थे, बल्कि 'संघर्ष के योद्धा' थे जिन्होंने मातृभूमि और धर्म के प्रति प्रेम के कारण कठिनाइयों और दर्द को झेला। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने पाकिस्तान में अपनी संपत्ति और व्यवसाय छोड़कर भारत आने का निर्णय लिया। भागवत नागपुर में सिंधु एजूकेशन सोसाइटी के 75वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस सोसाइटी का संचालन सिंधी समाज की ओर से किया जाता है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि विभाजन के बाद इन लोगों ने जानबूझकर भारत आने का निर्णय लिया, क्योंकि वे उस भूमि में रहना चाहते थे जहां वे बिना किसी डर के अपने धर्म का पालन कर सकें। उन्होंने कहा- 'वे शरणार्थी नहीं थे, हालांकि वे विस्थापित थे। वे योद्धा थे जिन्होंने अपनी मातृभूमि के प्रति प्रेम के चलते कष्ट झेला। उन्होंने करियर या धन नहीं, बल्कि देश और धर्म को चुना।' जीवन की कठिनाइयों पर उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए किसी को हार नहीं माननी चाहिए, बल्कि फिर से उठने का प्रयास करना चाहिए। अंतत: सफल भी वही होता है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## स्वास्थ्य व्यवस्था में गहरी होती भ्रष्टाचार की जड़ें

जिन अस्पतालों पर एक बड़ी आबादी अपनी बीमारियों के इलाज से लेकर आपात स्थिति में जान बचाने तक के लिए निर्भर होती है, उसे संचालित करने वाले अधिकारी खुद भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जा रहे हैं।आमतौर पर सभी सरकारें जनता के स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं पर सबसे ज्यादा ध्यान देने का भरोसा देती हैं, लेकिन इस महकमे में पसरी अव्यवस्था और लोगों को होने वाली असुविधाओं के वास्तविक कारणों को दूर करने को लेकर शायद ही कभी संजीदा होती हैं। दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में दवाओं और चिकित्सा उपकरणों में जिस तरह के घोटाले का खुलासा हुआ, उससे एक बार फिर यही पता चलता है कि सरकारों के लिए आम नागरिकों को एक सुव्यवस्थित और पारदर्शी स्वास्थ्य तंत्र मुहैया कराने का मुद्दा किस हद तक उपेक्षित है। गौरतलब है कि दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग में दवाओं, शल्य चिकित्सा संबंधी सामग्री सहित अन्य उपकरणों की खरीद में कुछ समय पहले करीब साढ़े छह सौ करोड़ रुपए का घोटाला उजागर हुआ। अब इसी मामले की छानबीन के क्रम में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने रविवार को दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग के दो पूर्व अधिकारियों को गिरफ्तार किया है।आरोपों के मुताबिक, स्वास्थ्य सेवाओं की पूर्व महानिदेशक के अधीन संचालित केंद्रीय खरीद एजंसी के जरिए शल्य चिकित्सा से जुड़े उपकरणों और अन्य चिकित्सा सामग्री की खरीद में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती गई।इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि जिन अस्पतालों पर एक बड़ी आबादी अपनी बीमारियों के इलाज से लेकर आपात स्थिति में जान बचाने तक के लिए निर्भर होती है, उसे संचालित करने वाले अधिकारी खुद भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जा रहे हैं। यह छिपा तथ्य नहीं है कि सरकारी अस्पतालों में इलाज के लिए आमतौर पर समाज का वही तबका जाता है, जो निजी अस्पतालों में महंगे इलाज का खर्च वहन नहीं कर पाता है। सरकारी अस्पतालों में इलाज के क्रम में अक्सर मरीजों को चिकित्सा सामग्री की कमी का सामना करना पड़ता है, उनके परिजनों को अपने पैसे से दवा या अन्य चिकित्सा उपकरण बाहर से खरीदने पड़ते हैं। जबकि सामान्य स्थितियों में अस्पतालों में मरीजों के इलाज के लिए दवाओं से लेकर अन्य चिकित्सा सामग्री सरकार की ओर से मुहैया कराई जाती है। मगर जब संसाधनों की खरीद से जुड़े अधिकारी ही दवा और अन्य जरूरी उपकरणों की खरीद को निजी कमाई और भ्रष्टाचार का जरिया बना लें, तो मरीजों के प्रति उनकी संवेदनहीनता का अंदाजा लगाया जा सकता है। सवाल है कि इस स्तर का भ्रष्टाचार लंबे समय तक कैसे जारी रह पाता है और सरकार के तहत काम करने वाली भ्रष्टाचार निरोधक एजंसी तथा अन्य निगरानी तंत्र क्या कर रहे होते हैं। देश की राजधानी होने के नाते उम्मीद की जाती है कि दिल्ली में शासन-तंत्र अपेक्षया बेहतर तरीके से काम करता होगा और किसी भी महकमे में भ्रष्टाचार को रोकने को लेकर ज्यादा चौकस होगा। मगर अलग-अलग विभागों में अक्सर जिस तरह की अनियमितताएं सामने आती रही हैं, उससे साफ है कि यहां भी अन्य जगहों की तरह ही भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों को समय पर रोक पाना एक मुश्किल काम है।यह ध्यान रखने की जरूरत है कि स्वास्थ्य महकमे में होने वाला घोटाला सीधे-सीधे आम जनता की सेहत और जीवन से जुड़ा मसला है। स्थानीय स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर बड़े अस्पतालों तक में चिकित्सा संसाधनों के अभाव के मामले जगजाहिर रहे हैं। साधारण और गरीब तबकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के बजाय अस्पतालों में जारी भ्रष्टाचार पर अगर रोक नहीं लग पा रही है, तो सरकार के जनहित में व्यापक कल्याण कार्यक्रम संचालित करने के दावों को कैसे देखा जाएगा?

*देश में ऐसे संकटों से निपटने के लिए चिकित्सा और आपदा प्रबंधन क्षमता को भी बढ़ाने की जरूरत है। साथ ही सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि नए बनने वाले घर, स्कूल, अस्पताल और सरकारी इमारतें अनिवार्य रूप से भूकम्परोधी हों। बड़े शहरों और कस्बों में असुरक्षित एवं अनियोजित निर्माण पर प्रभावी तरीके से रोक लगाने की जरूरत है।*

## वेनेजुएला भूकम्प त्रासदी- भारत के लिए चेतावनी और आपदा तैयारी की बड़ी सीख

(पुष्परंजन)

वेनेजुएला में आए विनाशकारी भूकम्प ने भारी तबाही मचाई है। राहत कार्यों के बीच सरकार पर सवाल उठ रहे हैं जबकि भारत ने मानवीय सहायता भेजी है। यह आपदा भारत के लिए भूकम्प-रोधी निर्माण, आपदा प्रबंधन, शीघ्र चेतावनी प्रणाली और ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने का महत्वपूर्ण संदेश देती है। हाल में आए भूकम्प के 7.2 और 7.5 तीव्रता वाले दो झटकों से वहां बड़े पैमाने पर जान-माल का नुकसान हुआ है। सैकड़ों लोगों की मौत हो गई और हजारों लोग अब भी लापता हैं। भूकम्प के बाद वहां शुरुआती माहौल घबराहट और दुख का था लेकिन अब सरकार की ओर से त्वरित मदद को लेकर लोगों में निराशा और गुस्सा बढ़ रहा है। मौजूदा सरकार के कार्यकाल में यह आपदा अब तक की सबसे बड़ी चुनौती है। जैसे-जैसे मरने वालों की संख्या बढ़ रही है, लोगों में डर और सरकार के प्रति नाराजगी भी बढ़ती जा रही है। भूकम्प के कुछ घंटों बाद सरकार ने आपात स्थिति की घोषणा की और हालात से निपटने के लिए दुनिया से मदद की अपील की। भारत ने भी तुरंत मदद का हाथ आगे बढ़ाते हुए विशेष अभियान की घोषणा की, जिसके तहत राहत कार्यों में सहयोग के लिए जरूरी मानवीय मदद लेकर वायुसेना के दो सी-17 विमान वेनेजुएला के लिए रवाना हुए। यह त्रासदी भारत समेत उन तमाम देशों के लिए एक सबक है, जो भूकम्प की दृष्टि से संवेदनशील हैं। विदेश मंत्री जयशंकर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि वेनेजुएला में भूकम्प पीड़ितों की मदद के लिए शुरू किए गए अभियान में भारतीय सेना की एक सचल अस्पताल इकाई, पैंतीस टन से ज्यादा राहत सामग्री, जिनमें दवाइयां और चिकित्सा उपकरण भी शामिल हैं। अधिकारिक जानकारी के मुताबिक, वेनेजुएला में आए भूकम्प के दो झटकों से राजधानी काराकस में कई इमारतें गिर गईं और लोगों के बीच हाहाकार मच गया। भूकम्प का प्रभाव कई क्षेत्रों में महसूस किया गया और बड़े पैमाने पर जानमाल का नुकसान हुआ। वहां की कार्यकारी राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्स का कहना है कि बचाव अभियान अभी जारी है और मलबे के नीचे दबे लोगों की तलाश की जा रही है। वहां भूकम्प प्रभावित इलाकों में व्यवस्था को संभालने के लिए सेना को तैनात किया गया है। जो लोग भी इन इलाकों में जाना चाहते हैं, उन्हें काराकास में अपना पंजीकरण कराना पड़ता है। मीडिया कर्मियों को भी इलाके में तभी जाने दिया जाता है, जब उन्हें सरकारी बसों में ले जाया जाए। गौरतलब है कि वेनेजुएला में मादुरो को हटाने के बाद रोड्रिग्स को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सहमति से वेनेजुएला की कमान सौंपी गई थी। एमहर्स्ट कालेज के राजनीतिक विज्ञानी खाबियर कोरालेस के मुताबिक वेनेजुएला में इस प्राकृतिक आपदा का ज्यादा असर सिर्फ भूकम्प की तीव्रता की वजह से ही नहीं बल्कि जमीन पर खराब हालात की वजह से भी पड़ा है। पिछले पच्चीस वर्षों से वेनेजुएला पर सोशलिस्ट राष्ट्रपति का शासन रहा है, चाहे वह रोड्रिग्स हों, मादुरो हों या शावेज। मगर भूकम्प के बाद विपक्ष की नेता मारिया कोरिना मचाडो वेनेजुएला लौटने की कोशिश कर रही हैं जिन्हें दिसंबर में नोबेल शांति पुरस्कार लेने के लिए विदेश ले जाया गया था। मचाडो को भविष्य में राष्ट्रपति पद के लिए संभावित उम्मीदवारों में एक प्रमुख चेहरा माना जाता है। वेनेजुएला में भाई-भतीजावाद और उपभोक्तावाद की समस्या भारत की तरह ही है। यह तरीका रोड्रिग्स की चुनावी मुकाबले की ताकत बढ़ा सकता है। वेनेजुएला के विपक्ष की तरफ से स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों की बढ़ती मांगों के बावजूद, रोड्रिग्स ने अब तक इसमें कोई खास दिलचस्पी नहीं दिखाई है कि चुनाव कब होंगे, या उन्हें कैसे आयोजित किया जाएगा। मगर कुछ विश्लेषकों का तर्क है कि रोड्रिग्स भूकम्प की त्रासदी का इस्तेमाल अपनी राजनीतिक स्थिति मजबूत करने के लिए कर सकती हैं। वेनेजुएला को दुनिया भर से भूकम्प राहत के तौर पर बड़ी रकम मिल सकती है और रोड्रिग्स इसे अंतरराष्ट्रीय संबंधों में अपनी कुशलता के तौर पर प्रस्तुत कर सकती हैं। वेनेजुएला की मौजूदा सरकार वही कर सकती है, जो वह करती आई है। अंतरराष्ट्रीय मदद के जरिए मिली रकम का एक बड़ा हिस्सा भूकम्प पीड़ितों के बजाय अमीरों और जनता के एक खास वर्ग को अपने साथ जोड़ने के लिए खर्च कर दिया जाए, तो हैरानी की बात नहीं होगी। पिछले दिनों वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्स भारत के दौरे पर आई थीं। इस दौरान भारत और वेनेजुएला के बीच ऊर्जा, व्यापार, निवेश एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग के संकल्प किए गए थे। अब वेनेजुएला में आए भीषण भूकम्प के बाद भारत ने मदद का हाथ बढ़ाया है। मगर सवाल है कि क्या भारत इस प्राकृतिक आपदा में बड़े पैमाने पर हुए नुकसान से कोई सबक लेगा? इसमें दोराय नहीं कि भारत को अपनी भूकम्प-रोधी निर्माण क्षमता को सुधारने, कमजोर इमारतों की पहचान करने और आपदा राहत के लिए स्वदेशी सचल अस्पताल प्रणाली को हर समय तैयार रखने की जरूरत है। देश का लगभग 59 फीसद भू-भाग भूकम्प की लिहाज से संवेदनशील माना जाता है। दिल्ली-एनसीआर जैसे घने और अधिक आबादी वाले शहरों में बहुत सारी इमारतें तीव्र भूकम्प झेलने में सक्षम नहीं हैं। देश में कमजोर इमारतों की तुरंत पहचान कर उन्हें मजबूत करना होगा और नए निर्माणों में भूकम्प-रोधी नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करना होगा। देश में भले ही सरकारी कागजों में बहुमंजिला इमारतों के निर्माण में भूकम्प-रोधी तकनीक के महत्त्व को रेखांकित किया गया है, लेकिन जमीनी स्तर पर इसे लागू करने में कोई गंभीरता नजर नहीं आती है। देश भर में बहुत कम निर्माण ऐसे होंगे, जिनमें भूकम्प-रोधी तकनीक का इस्तेमाल किया गया हो। यहां तक कि सरकारी निर्माण कार्यों में भी इस तकनीक के इस्तेमाल की निगरानी का अभाव साफ नजर आता है। ऐसे में जरूरी है कि इस मामले में हर स्तर पर जिम्मेदारी और गंभीरता दिखाई जाए। यही नहीं, भूकम्प जैसी प्राकृतिक आपदा के बाद के हालात से निपटने के लिए भी माकूल तैयारी करनी होगी। युद्ध स्तर पर बचाव कार्य और पुनर्वास कार्यक्रमों का एक व्यापक ढांचा विकसित करना होगा ताकि प्रभावित लोगों के जीवन को फिर से पटरी पर लाया जा सके। हाल के दिनों में भारत के लिए वेनेजुएला कच्चे तेल का एक महत्त्वपूर्ण आपूर्तिकर्ता बन गया था। मगर भूकम्प जैसी प्राकृतिक आपदा के कारण बंदरगाहों के बाधित होने और जहाजों की आवाजाही में देरी से भारत के ऊर्जा आयात पर असर पड़ सकता है। ऐसे में भविष्य में संभावित आपदाओं को ध्यान में रखकर भारत को अपने कच्चे तेल के स्रोतों में और अधिक विविधता लाने की आवश्यकता है। वेनेजुएला में भूकम्प की कम गहराई और कोई पूर्व चेतावनी प्रणाली न होने की वजह से भी जानमाल का भारी नुकसान हुआ है।

## सीमाओं की सुरक्षा से विकसित भारत तक- रक्षा और अर्थव्यवस्था का नया समीकरण

(जयंती लाल भंडारी)

वैश्विक भू-राजनीतिक अस्थिरता, चीन-पाकिस्तान की बढ़ती चुनौतियों और बदलते सुरक्षा परिदृश्य के बीच भारत को आर्थिक विकास के साथ रक्षा क्षमता को भी नई ऊंचाइयों तक ले जाना होगा। दुनिया में अस्थिरता के साथ रक्षा संबंधी चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। इसके मद्देनजर भारत को भी तेज विकास के साथ बहुआयामी स्तर पर रक्षा के मोर्चे मजबूत करने होंगे। हाल ही में प्रधानमंत्री ने देश में निर्मित तीन नौसैनिक जहाजों को राष्ट्र को समर्पित करते हुए कहा कि देश में शांति और विकास के लिए सुरक्षा मजबूत करना आवश्यक है। हालांकि, वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव और कुछ पड़ोसी देशों से मिल रही चुनौतियों के बीच दुनिया में भारत के प्रति आर्थिक भरोसा बढ़ रहा है। यहां विदेशी निवेश बढ़ रहा है और नए व्यापार समझौते आकार ले रहे हैं। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। ऐसे समय में अब भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आर्थिक विकास के साथ-साथ आधुनिक रक्षा प्रणाली के मामलेमें भी खुद को सुदृढ़ करना होगा। इस परिप्रेक्ष्य में हाल में जारी दो रिपोर्ट उल्लेखनीय हैं। विश्व बैंक ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बीच वर्ष 2026-27 में भारत की विकास दर 6.6 फीसद होगी और उभरते हुए देशों में भारतीय अर्थव्यवस्था सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी रहेगी। दूसरी ओर दुनिया में हथियारों पर नजर रखने वाली ग्लोबल संस्था 'स्टाकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट' (सिपरी) की परमाणु हथियारों पर नजर रखने वाली रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत परमाणु हथियार के मोर्चे पर बहुत तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रक्षा बजट के मामले में भारत दुनिया में पांचवें क्रम पर है। जनवरी 2026 तक भारत के पास कुल 190 परमाणु हथियार थे। इनमें से बारह परमाणु बमों को मिसाइल, पनडुब्बी और लड़ाकू विमानों के साथ जोड़ दिया गया है। साथ ही उन्हें संचालन अड्डे पर तैनात किया गया है। स्पष्ट है कि परमाणु हथियारों को अलग रखने की भारत की दशकों पुरानी नीति अब बदल गई है। लंबे समय से यह माना जाता रहा है कि शांति के समय भारत अपने परमाणु हथियारों को तैनात 'लांचर' से अलग रखता है। हालिया कदमों से संकेत मिलता है कि भारत शांति के समय में भी अपने कुछ हथियारों को 'लांचर' के साथ जोड़ने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ा है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि भारतीय युद्धपोत, पनडुब्बी और दूसरे हथियारों में परमाणु हथियार हमेशा तैनात रहते हैं। वस्तुत- चीन और पाकिस्तान के खतरे को देखते हुए रक्षा तैयारी रणनीति के तहत यह एक असाधारण बदलाव है। वैश्विक अर्थव्यवस्था और रक्षा व्यय से संबंधित ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया में भारत रणनीतिक रूप से आर्थिक मजबूती के साथ रक्षा व्यय बढ़ाने वाले प्रमुख देश के रूप में उभर रहा है। निश्चित रूप से ऐसे समय में जब देश की सीमाएं भू-राजनीतिक चुनौतियों के मद्देनजर पहले से अधिक असुरक्षित और संवेदनशील हो गई हैं।

### सुडोकू पहेली क्रमांक- 6140

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | 6 | 1 | | | 9 |
| 8 | | 5 | 4 | | | | 7 | 6 |
| 6 | | 4 | | | | | | |
| | | 3 | | 5 | 2 | | | |
| | | | 8 | | 7 | | | |
| | | | 9 | 3 | | 2 | | |
| | | | | | | 1 | | 2 |
| 3 | 6 | | | | 8 | 4 | | 7 |
| 2 | | | 1 | 4 | | 9 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6139

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 3 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 9 | 3 | 7 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 7 | 8 | 3 | 5 | 2 | 1 |
| 1 | 8 | 3 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 3 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 9 | 3 | 4 | 2 | 1 | 8 |
| 9 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज आपका आर्थिक पक्ष पूरी तरह मजबूत बना हुआ है। घर-परिवार या सुख-सुविधाओं से जुड़े कुछ खर्चे सामने आ सकते हैं, जिन पर ध्यान देना होगा। बिना पक्के कागजी काम के किसी को भी धन उधार देने से पूरी तरह बचें। दोपहर के बाद का समय तुरंत कोई नया वादा करने के बजाय आगे के निवेशों की सही प्लानिंग करने के लिए बहुत अच्छा है।

### वृष
आज आर्थिक स्थिति सामान्य रूप से अच्छी बनी रहेगी, लेकिन दोपहर के बाद पैसों के रखरखाव में थोड़ा नियम रखना होगा। केवल आकर्षक दिखने के कारण कोई बड़ी खरीदारी न करें। यदि आप अपने बजट को दोबारा व्यवस्थित करना चाहते हैं या पुराने बकाए को चुकाना चाहते हैं, तो आज कदम बढ़ाना फायदेमंद रहेगा।

### मिथुन
आज आर्थिक योजनाओं को व्यवस्थित करना आपके लिए काफी आसान रहेगा। कोई रुका हुआ भुगतान या पुराना आर्थिक मामला अब धीरे-धीरे आगे बढ़ सकता है। किसी भी जगह धन लगाने से पहले बाजार में उपलब्ध दूसरे अच्छे विकल्पों की तुलना जरूर कर लें।

### तुला
आज कोई बड़ा निवेश करना ठीक नहीं होगा। धन से जुड़े किसी भी नए समझौते पर दस्तखत करने से पहले उसे अच्छे से पढ़ लें। घर की साज-सज्जा से जुड़े खर्चे बजट के भीतर ही रखें। काम के प्रति आपका समर्पण बड़े अधिकारियों को प्रभावित करेगा। दोपहर के बाद जब चंद्रदेव मकर राशि में जाएंगे।

### वृश्चिक
आज धन के मामलों में पूरा नियम बनाए रखना बहुत जरूरी है। कुछ ऐसे खर्चे अचानक सामने आ सकते हैं जिनकी उम्मीद नहीं थी, इसलिए बजट का पूरा ध्यान रखें। जोखिम भरे कामों से आज पूरी तरह दूर रहें। धीरे-धीरे बनाई गई बचत की आदत ही आपके आगे के दिनों को सुरक्षित और मजबूत करेगी। आपकी आज की सावधानी आपके कल को मजबूत रखेगी।

### धनु
आर्थिक रूप से आज का दिन काफी अच्छा रहने वाला है। आपके पुराने किए गए निवेशों से धीरे-धीरे लाभ मिलने के योग दिखाई दे रहे हैं। बाजार में मिलने वाले लुभावने प्रस्तावों के बाद भी मन के बहकावे में आकर फिजूलखर्ची न करें। तुरंत मिलने वाले छोटे मुनाफे के बजाय दूर की सोच रखना आपके हित में होगा।

### कर्क
आज आर्थिक मामलों को लेकर आपकी समझ और बढ़ेगी। आप अपनी आय बढ़ाने और फालतू के खर्चों को कम करने के कुछ अच्छे रास्ते तलाश लेंगे। मन के बहकावे में आकर कोई आर्थिक निर्णय न लें। सही बजट से स्थिरता आएगी। कामकाज की तरक्की के लिए आज का दिन बहुत ही मजबूत संकेत दे रहा है।

### सिंह
आज सोच-समझकर बनाई गई योजनाओं से आपकी आर्थिक स्थिति में धीरे-धीरे अच्छा सुधार होगा। किसी मित्र या शुभचिंतक से धन के मामले में कोई बहुत उपयोगी सलाह मिल सकती है। भावनाओं में बहकर धन खर्च करने से बचें और निवेश के हर अवसर को अच्छे से परख लें। आपका यही धीरज आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगा।

### कन्या
आज आर्थिक मामलों में थोड़ा धीरज रखने की जरूरत है। । तुरंत मिलने वाले लाभ के पीछे भागने के बजाय अपनी पुरानी बचत को सुरक्षित रखने और आगे की योजनाओं को सुधारने पर ध्यान दें। कार्यक्षेत्र में आज का काम थोड़ा थकाऊ लग सकता है।

### मकर
आज आर्थिक रूप से दिन स्थिर रहेगा, जिससे आप जल्दबाजी में फैसले लेने से बच जाएंगे। निवेश और बचत को लेकर आज किसी अनुभवी व्यक्ति से अच्छी सलाह मिल सकती है। बीमा, टैक्स या लंबे समय की आर्थिक योजनाओं को एक बार फिर से देखने के लिए दिन बहुत अच्छा है। बिना वजह का कोई आर्थिक जोखिम न लें। आपकी लगन आपको कामकाज में लगातार आगे बढ़ाएगी।

### कुंभ
आज दिन की शुरुआत पूरे भरोसे के साथ होगी, लेकिन दोपहर बाद जब चंद्रदेव मकर राशि में जाएंगे, तो पैसों को लेकर आपकी सोच अधिक जमीन से जुड़ी हो जाएगी। सुख-सुविधा की फालतू चीजों पर धन खर्च करने से बचें। अपने आर्थिक लक्ष्यों को दोबारा देखें और बचत को मजबूत करने पर ध्यान दें। लगातार किए गए प्रयासों से आर्थिक सुधार होगा। आपका उत्साह आज कार्यस्थल पर दूसरों को भी प्रेरित करेगा।

### मीन
आज पैसों का लेनदेन बहुत ही समझदारी से करें और किसी भी तरह का आर्थिक जोखिम उठाने से बचें। बुध देव की स्थिति को देखते हुए टैक्स, बैंक और निवेश से जुड़े सभी कागजातों को खुद बहुत ध्यान से पढ़ना जरूरी रहेगा। परिवार के साथ धन के मामलों पर बातचीत करते समय पूरा धीरज बनाए रखें। सही प्लानिंग से आपका आर्थिक संतुलन बना रहेगा।

### वर्ग पहेली 6140

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | | | 5 |
| 6 | | | | | | 7 | |
| | | 8 | | | 9 | | |
| 10 | 11 | | | 12 | | | 13 |
| 14 | | | 15 | | | 16 | |
| | 17 | | | | 18 | | |
| 19 | | | 20 | | | 21 | |
| | 22 | | | | 23 | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**
1. 2001 को इस भारतीय तत्कालीन प्रधानमंत्री ने हिंदी में संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किा (सिर्फ नाम)(6)
6. माला, मोती, अपनी मर्जी का (3)
7. तौल की एक सूक्ष्म इकाई जिसका मान आठ रत्ती के बराबर होता है (2)
8. जिसके मन में करूणा का भाव हो (5)
10. सर्पराज, पुराणानुसार पाताल मे रहने वाला एक उपदेवता (2)
12. शास्त्रीय संगीत में उपयोग आने वाला सितार की तरह एक वाद्य (4)
14. बाघ की मांद-दीवार में जोड़ाई की पंक्ति (2)
15. बुंदेलखंड का प्रसिद्ध लोकनृत्य (2)
16. जो दिन बीत रहा है (2)
17. जनसमूह (3)
18. आग की लपट (1)
19. एक प्रशंसा सूचक शब्द (2)
20. त्रुटि, दोष (2)
21. उतनी वस्तु जितनी एक बार में तली या सेंकी जाए (2)
22. वायु द्वारा उत्पन्न (3)
23. रंग बिरंगा शीशा (2)

**(ऊपर से नीचे**
1. हिंदुओं का प्रसिद्ध तीर्थ स्थल जहां बर्फ से बने शिवलिंग का दर्शन होता है (5)
2. लगातार घंटे बजने का शब्द (2)
3. ल वर्ण का उद्‌गार (3)
4. प्राचीनकाल का यमन सरदार (5)
5. उम्मीद (2)
7. घी में तला एक प्रकार का मीठा पकवान (4)
9. दिवस (2)
11. तप्त वायु (5)
13. ताजमहल के निर्माण के प्रयुक्त होने वाला संगमरमर इस प्रदेश से लाया गया था (4)
15. वे भाई जो श्रीराम से छोटे हों (4)
21. पश्चिमी अफ्रीका का देश जिसकी राजधानी अकरा है (2)

### वर्ग पहेली 6139 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | म्बो | डि | या | | न | क | ब |
| म | | ग | म | न | क | र | ना |
| ला | द | ना | | | ली | | ना |
| ने | म | | मा | न | | प | |
| ह | क | त | ल | फी | | रा | ह |
| रू | ल | र | | स | जा | या | फ्ता |
| | | बू | टा | | ज | | वा |
| न | मा | ज | | ह | म | वा | र |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

## प्रज्ञानंद ने कीमर को हराया, गुकेश ने सारिक को मात दी

**जाग्रेब।** भारत के ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानंद ने ग्रैंड चेस टूर के जाग्रेब चरण की शानदार शुरुआत करते हुए शीर्ष वरीयता प्राप्त जर्मनी के विन्सेंट कीमर को



एकतरफा अंदाज में हराया। वहीं, विश्व चैंपियन डी. गुकेश ने पहले दौर में हार झेलने के बाद दूसरे मुकाबले में मेजबान क्रोएशिया के इवान सारिक को हराकर जीत की राह पर वापसी की।

### प्रज्ञानंद का आक्रामक खेल बना आकर्षण

हाल ही में नॉर्वे चेस क्लासिक का खिताब जीतने वाले प्रज्ञानंद ने कीमर के खिलाफ बेहद आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। सफेद मोहरों से खेलते हुए उन्होंने शुरुआत से ही विरोधी के राजा पर लगातार दबाव बनाया और महज 26 चालों में मुकाबला अपने नाम कर लिया। शतरंज विशेषज्ञ इस मुकाबले को भविष्य में एक बेहतरीन आक्रामक खेल के उदाहरण के रूप में देख सकते हैं।

# सिक्सर किंग बने अभिषेक शर्मा

## टी-20 में सबसे तेज 100 छक्के जड़ने का रिकॉर्ड बनाया



**लंदन(एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मुकाबले में बुधवार को भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने छक्कों की लाइन लगा दी। रिवरसाइड ग्राउंड पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को संजू सैमसन और ईशान किशन के रूप में 2 झटके जल्दी लगे। संजू ने 1 रन बनाया तो ईशान का खाता ही नहीं खुला। इसके बाद भी अभिषेक शर्मा दबाव में नहीं आए और उन्होंने हवाई फायर करना जारी रखा। चौथे ओवर की तीसरी गेंद पर अपना दूसरा सिक्स लगाते ही अभिषेक ने खास रिकॉर्ड बनाया। वह टी-20 इंटरनेशनल में सबसे तेज 100 छक्के जड़ने वाले बल्लेबाज बन गए। अभिषेक ने 785 गेंदों पर 100 टी20 इंटरनेशनल सिक्स पूरे किए।इसके साथ ही भारतीय ओपनर ने एविन लुईस का रिकॉर्ड तोड़ दिया। अभिषेक शर्मा अब रोहित शर्मा (205), सूर्यकुमार यादव (179), हार्दिक पांड्या (126) और विराट कोहली (124) के बाद टी-20 में 100 छक्के लगाने वाले पांचवें भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं।

**टी-20 में सबसे तेज 100 छक्के**

| | |
|---|---|
| 785 गेंद | अभिषेक शर्मा* |
| 789 गेंद | एविन लुईस |
| 871 गेंद | फिन एलन |
| 931 गेंद | टिम डेविड |
| 963 गेंद | कॉलिन मुनरो |
| 1007 गेंद | सूर्यकुमार यादव |

### इंग्लैंड के खिलाफ सबसे तेज 20 गेंदों पर ठोकी फिफ्टी



अभिषेक ने 20 गेंदों में फिफ्टी लगाई। यह इंग्लैंड में टी20 मैचों में किसी भारतीय द्वारा लगाई गई सबसे तेज फिफ्टी है। इससे पहले सबसे तेज फिफ्टी का रिकॉर्ड केएल राहुल के नाम था। राहुल ने 2018 में मैनचेस्टर में 27 गेंदों में अर्धशतक लगाया था। 9वें ओवर में सैम करन ने अभिषेक को आउट किया। अभिषेक ने 24 गेंदों पर 59 रन की पारी खेली। अपनी इस पारी में उन्होंने 6 चौके और 4 छक्के लगाए। इंग्लैंड के खिलाफ टी20 में अभिषेक शर्मा के आंकड़े शानदार हैं। उन्होंने 7 पारियों में 49.57 की औसत और 219.62 की स्ट्राइक रेट से 347 रन बनाए हैं। इस दौरान भारतीय बल्लेबाज ने 2 अर्धशतक और 1 शतक लगाया है।

**श्रेयस ने कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा-** श्रेयस इंग्लैंड में जाकर टी-20 में फिफ्टी लगाने वाले पहले भारतीय कप्तान बन गए हैं। उन्होंने 68 रन बनाए। यह इंग्लैंड के मैदान पर टी-20 में किसी भारतीय कप्तान की सबसे बड़ी पारी है। उन्होंने विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा। कोहली ने 2018 में कार्डिफ के मैदान पर 47 रन बनाए थे।

## कोको गॉफ विंबलडन के तीसरे दौर में पहुंचीं, सिनर और सबालेंका ने भी जीते अपने-अपने मुकाबले

**विंबलडन, एजेंसी।** अमेरिका की कोको गॉफ ने सोलाना सियरा को 6-3, 3-6, 7-6 से हराकर बुधवार को विंबलडन महिला एकल वर्ग के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। वहीं, नाओमी ओसाका ने क्वालिफायर अनास्तासिया गासानोवा को 6-3, 6-2 से मात दी।

### सिनर की ग्रैंडस्लैम के मुख्य ड्रॉ में 95वीं जीत

शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका ने मैकार्टनी केसलेर को 6-1, 7-6 से हराया। पुरुष वर्ग में नंबर एक खिलाड़ी और मौजूदा चैंपियन इटली के यानिक सिनर ने नुनो बोर्गेस को 7-6, 7-6, 6-4 से हराया। अब उनका सामना अमेरिकी खिलाड़ी जेन्सन ब्रूक्सबी से होगा। यह सिनर की ग्रैंडस्लैम के मुख्य ड्रॉ में 95वीं जीत थी, जिससे



वह किसी इटैलियन खिलाड़ी के सर्वाधिक ग्रैंडस्लैम मैच जीतने के मामले में निकोला पिएत्रांगेली से आगे निकल गए। फ्रेंच ओपन उपविजेता फ्लावियो कोबोली, 17वीं रैंकिंग वाले फ्रांसिस टियाफो और 21वीं रैंकिंग वाले टॉमी पॉल भी अगले दौर में पहुंच गए।

सिनर ऑल इंग्लैंड क्लब में इतिहास रचने की कोशिश भी कर रहे हैं, जिनका लक्ष्य ओपन एरा में विंबलडन खिताब का बचाव करने वाले केवल 10वें पुरुष खिलाड़ी बनना है। उनके प्रतिद्वंद्वी कार्लोस अल्कारेज ने दो साल पहले ऐसा किया था। जीत के बाद सिनर ने कहा कि वह अभी भी ग्रास कोर्ट पर अपनी लय तलाश रहे हैं, क्योंकि उन्होंने विंबलडन से पहले कोई वार्म-अप टूर्नामेंट नहीं खेलने का फैसला किया था। सिनर ने कहा, खासकर पहले दौर में, मुझे मुकाबलों की कमी महसूस हुई। साथ ही आज भी कुछ ऐसे पल आए। मुझे उस लय में वापस आने की जरूरत है। अगर हम स्कोरबोर्ड देखें, तो मुकाबला बहुत करीबी था, इसलिए ऐसे मैच और खासकर अलग-अलग सेट मुझे बहुत मदद करते हैं।



● रिकॉर्ड, गोल और विरासत

## 27 की उम्र में मेसी और एम्बाप्पे, महानता की दौड़ में कौन आगे?

केवल आंकड़ों का मुकाबला नहीं रह जाता, बल्कि दो पीढ़ियों के दो असाधारण खिलाड़ियों की महानता का आकलन बन जाता है।

एक ओर 27 की उम्र तक लियोनल मेसी ने 573 मैचों में 440 गोल और 185 असिस्ट के साथ ऐसा मानक स्थापित कर दिया था, जिसे आज भी फुटबॉल के सबसे ऊंचे बेंचमार्क में गिना जाता है। दूसरी ओर, किलियन एम्बाप्पे 518 मैचों में 362 गोल और 126 असिस्ट के साथ पहले ही विश्व कप विजेता बन चुके हैं और अपनी पीढ़ी के सबसे सफल गोलस्कोररों में से एक हैं।



**नई दिल्ली।** फुटबॉल में महानता सिर्फ गोलों, असिस्ट या ट्रॉफियों से नहीं मापी जाती, बल्कि इस बात से भी तय होती है कि कोई खिलाड़ी अपने दौर पर कितना गहरा असर छोड़ता है। यही वजह है कि जब 27 साल की उम्र में लियोनल मेसी और किलियन एम्बाप्पे के करियर की तुलना की जाती है, तो यह

### विश्व कप: जहां होती है महानता की परीक्षा

फुटबॉल में अगर किसी एक मंच पर महानता की सबसे बड़ी परीक्षा होती है तो वह फीफा विश्व कप है। फीफा विश्व कप में लियोनल मेसी को किलियन एम्बाप्पे सबसे कड़ी चुनौती देते नजर आते हैं। लियोनल मेसी ने अब तक पांच विश्व कप में 28 मैच में 18 गोल किए हैं। दूसरी ओर किलियन एम्बाप्पे ने विश्व कप के 16 मैचों में ही 16 गोल दाग चुके हैं। यानी गोल करने की रफ्तार के मामले में फ्रांसीसी स्टार अर्जेंटीनी दिग्गज से कहीं आगे हैं। दिलचस्प यह है कि किलियन एम्बाप्पे लियोनल मेसी के विश्व कप गोलों की बराबरी से केवल दो गोल दूर हैं और उनके सामने अभी पूरा 2026 विश्व कप मौजूद है। यदि वह अपनी मौजूदा लय बरकरार रखते हैं तो विश्व कप के कई रिकॉर्ड उनके नाम हो सकते हैं। कहानी का दूसरा पहलू भी उतना ही महत्वपूर्ण है। लियोनल मेसी ने सिर्फ गोल नहीं किए, बल्कि निर्णायक मौकों पर अपनी टीम को विश्व चैंपियन भी बनाया। साल 2022 विश्व कप में उन्होंने कप्तान के रूप में अर्जेंटीना को वह ट्रॉफी दिलाई, जिसका इंतजार देश 36 वर्षों से कर रहा था। यही उपलब्धि उनकी विरासत को अलग स्तर पर पहुंचा देती है।

### जिस नीदरलैंड्स को हराया, उसकी ही सड़कों पर मोरक्को के फैंस ने मनाया जीत का जश्न

हालांकि, लियोनल मेसी ने वापसी की, हार नहीं मानी और फिर ऐसा अध्याय लिखा जिसने उन्हें फुटबॉल इतिहास के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में शामिल कर दिया। साल 2021 में कोपा अमेरिका, 2022 में फाइनलिसिमा और फीफा विश्व कप, 2024 में एक और कोपा अमेरिका। यही वजह है कि लियोनल मेसी और किलियन एम्बाप्पे की तुलना केवल गोलों और रिकॉर्डों की नहीं, बल्कि संघर्ष, निरंतरता, उपलब्धियों और विरासत की भी है। यही इस मुकाबले को फुटबॉल की सबसे दिलचस्प बहसों में से एक बनाता है।

## शिवम ने तोड़ा अक्षर का रिकॉर्ड

● 20- के 20वें ओवर में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले टॉप-8 भारतीय

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज के पहले मैच में चेस्टर ली स्ट्रीट में कप्तान श्रेयस अय्यर और ओपनर अभिषेक शर्मा ने अर्धशतकीय पारी खेली जो टीम के लिए काफी महत्वपूर्ण रहा, लेकिन 7वें नंबर पर बैटिंग करने आए शिवम दुबे ने भी महफिल लूट ली। शिवम ने टीम के लिए फिनिशर का रोल अदा करते हुए 21 गेंदों पर नाबाद 42 रन बनाए और इसके दम पर ही भारत ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 189 का स्कोर छूआ। हालांकि ये मैच बारिश की वजह से बिना किसी नतीजे से ही समाप्त हो गया। शिवम ने भारतीय पारी के दौरान आखिरी ओवर में एक शानदार छक्का लगाया और वो भारत की तरफ से टी20आई में 20वें ओवर में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में अब रोहित शर्मा और अक्षर पटेल से आगे हैं।

शिवम दुबे ने तोड़ा अक्षर का रिकॉर्ड, कोहली की कर ली बराबरी- शिवम दुबे ने अपनी नाबाद 42 रन की पारी के दौरान 3 छक्के और 2 चौके लगाए। इन 3 छक्कों में से एक छक्का उन्होंने 20वें ओवर में लगाया और वो अब टी20आई में भारत की तरफ से 20वें ओवर में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में अक्षर पटेल और रोहित शर्मा से आगे हैं जबकि विराट कोहली की बराबरी पर आ गए।

### शास्त्री बोले- वो खेलता तो गेंदबाजों की धुनाई कर देता

## वैभव सूर्यवंशी को क्यों नहीं मिल रहा मौका?

**लंदन(एजेंसी)।** भारत के पूर्व मुख्य कोच और दिग्गज कमेंटेटर रवि शास्त्री ने 15 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को अब तक अंतरराष्ट्रीय डेब्यू का मौका नहीं मिलने पर टीम मैनेजमेंट की जमकर आलोचना की है। शास्त्री का मानना है कि आयरलैंड दौरे पर ही वैभव को प्लेइंग-11 में शामिल किया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि आईपीएल और अंडर-19 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को लगातार बेंच पर बैठाना समझ से परे है।

वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 में राजस्थान रॉयल्स के लिए 776 रन बनाकर टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाए थे। इससे पहले उन्होंने भारत को अंडर-19 विश्व कप जिताने में भी अहम भूमिका निभाई थी। इसी प्रदर्शन के दम पर उन्हें आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए पहली बार भारतीय टीम में जगह मिली, लेकिन अब तक उन्हें डेब्यू का मौका नहीं मिला है। भारत ने आयरलैंड के खिलाफ दोनों मुकाबले गंवाए, जबकि इंग्लैंड के खिलाफ पहला टी20 बारिश के कारण रद्द हो गया।

**एक्स-फैक्टर बताया**

पूर्व भारतीय कोच ने वैभव को टीम इंडिया का 'एक्स-फैक्टर' बताते हुए कहा कि उनकी सबसे बड़ी ताकत उनका निडर रवैया है। उसके ऊपर किसी तरह का दबाव या बोझ नहीं है। वह सिर्फ 15 साल का है और युवाओं वाला जोश रखता है। उसके अंदर कोई डर नहीं है। अगर वह शुरुआती दो-तीन ओवर में जम गया तो टीम को ऐसी शुरुआत देगा, जिसका फायदा मध्यक्रम के बल्लेबाज उठा सकते हैं।

### 'आयरलैंड में जरूर खिलाना चाहिए था'

इंग्लैंड के खिलाफ पहला टी20 बारिश की भेंट चढ़ने के बाद रवि शास्त्री ने टीम चयन पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि वैभव को आयरलैंड के खिलाफ खेलने का सबसे अच्छा मौका था। शास्त्री ने कहा, 'अरे, वो खेलना चाहिए था यार। आयरलैंड के खिलाफ उसे जरूर खिलाना चाहिए था। वहां की पिच धीमी और स्पंजी थी। वह गेंदबाजों की धुनाई कर देता। मैदान भी छोटा था। वह उनकी पूरी हालत खराब कर देता। उसे वहां जरूर मौका मिलना चाहिए था। अब इंग्लैंड में उसे मौका मिलेगा या नहीं, मुझे नहीं पता। लेकिन उसे जल्द एक मैच जरूर खिलाना चाहिए।'



### हर बड़े गेंदबाज के खिलाफ रन बनाए

शास्त्री ने कहा कि वैभव ने आईपीएल में लगभग हर बड़े गेंदबाज के खिलाफ रन बनाए हैं, इसलिए उसे बेंच पर बैठाना गलत फैसला है। शास्त्री ने कहा, 'उसने आईपीएल में सबकी धुनाई की है। बताइए, किस तेज गेंदबाज को उसने छोड़ा था? और आप उसे बेंच गर्म करवाए जा रहे हैं।'

## बेल्जियम की दमदार वापसी, अतिरिक्त समय में सेनेगल को 3-2 से हराया

**सिएटल।** फीफा विश्व कप 2026 के राउंड ऑफ 32 में बेल्जियम ने बेहद रोमांचक मुकाबले में सेनेगल को 3-2 से हराकर अगले दौर में अपनी जगह पक्की कर ली। निर्धारित 90 मिनट तक मुकाबला 2-2 की बराबरी पर रहा। सेनेगल के लिए इस्माइला सार ने 51वें मिनट और हबीब डियारा ने 24वें मिनट में गोल दागे, जबकि बेल्जियम की ओर से रोमेलू लुकाकू ने 86वें मिनट में बराबरी दिलाई और यूरी टाईलेमांस ने 89वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। हालांकि मुकाबला अतिरिक्त समय तक पहुंचा, जहां 120+5वें मिनट में यूरी टाईलेमांस ने पेनल्टी पर गोल करते हुए बेल्जियम को 3-2 की यादगार जीत दिला दी। इस जीत के साथ बेल्जियम ने टूर्नामेंट के राउंड ऑफ 16 में प्रवेश कर लिया।

**सेनेगल ने बनाई शुरुआती बढ़त -** फीफा विश्व कप 2026 के राउंड ऑफ 32 में बेल्जियम और सेनेगल के बीच खेला गया मुकाबला रोमांच से भरपूर रहा। मैच की शुरुआत में सेनेगल ने शानदार खेल दिखाया और 24वें मिनट में हबीब डियारा के गोल की बदौलत 1-0 की बढ़त बना ली। दूसरे हाफ में 51वें मिनट पर इस्माइला सार ने गोल दागकर स्कोर 2-0 कर दिया। लगातार दो गोल खाने के बाद बेल्जियम पर टूर्नामेंट से बाहर होने का खतरा मंडराने लगा था।



## 'इंग्लैंड में मेरा सही से इस्तेमाल नहीं हुआ...'

### शार्दुल ठाकुर का आरोप, घेरे में कप्तान शुभमन गिल और कोच गौतम गंभीर

**नई दिल्ली।** भारतीय ऑलराउंडर और मुंबई की टीम के कप्तान शार्दुल ठाकुर का एक बड़ा बयान बुधवार (1 जुलाई 2026) को सामने आया है। शार्दुल ने पिछले साल इंग्लैंड में हुए दौरे का जिक्र किया और बताया कि उनका सही से उस दौर पर इस्तेमाल नहीं किया गया था। उस दौरे पर नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल कमान संभाल रहे थे। शार्दुल के बयान के बाद एक बार फिर से कोच गौतम गंभीर की रणनीतियां चर्चा में आ गई हैं। भारतीय ऑलराउंडर के आरोपों का सीधा निशाना कप्तान और कोच पर ही है।

शार्दुल ठाकुर ने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के एक इवेंट में कहा, '2024-25 जैसे सीजन (जब शार्दुल ने 9 मैचों में 35 विकेट झटके थे) के बाद मुझे लगता था कि मुझे कई मैच और खेलने चाहिए थे जिससे अंतर पैदा हो सकता था। जब मैं इंग्लैंड में था तो मेरी बॉलिंग का सही से इस्तेमाल नहीं हुआ। बल्लेबाजी में हां मेरी



गलती थी, मैंने कई गलत शॉट खेले थे लीड्स में, लेकिन मैनचेस्टर में मैंने अच्छी बैटिंग की थी (पहली पारी में 41 रन बनाए थे)। 'उन्होंने आगे कहा, 'ओवरकास्ट कंडीशन थीं वहां, बॉल स्विंग हो रही थी और बाउंस भी समझ नहीं आ रहा था। मैंने उस स्पेल में जैसे-तैसे विकेट बचाया था। फिर बाद में पिच फ्लैट हो गई थी और हम मैच बचा पाए थे। अगर मैं वह पारी नहीं खेल पाता तो नतीजा कुछ और भी हो सकता था। मैं जरूर कहूंगा कि मुझे कम बॉलिंग करवाई गई और जब करवाई गई गलत समय पर करवाई गई। मेरे मुताबिक कुछ कैलकुलेशन की गलतियां हुई थीं। ' कप्तान और कोच से इस बारे में बात करने पर शार्दुल ने बताया, 'नहीं मेरा मतलब है कि ऐसी बातों के लिए आप कप्तान या कोच से बात नहीं करते हैं।

### शार्दुल ठाकुर ने इंग्लैंड में दो टेस्ट मैचों में सिर्फ किए थे 27 ओवर

आपको बता दें कि शार्दुल ठाकुर ने पिछले साल (2025 में) इंग्लैंड दौरे पर पहले टेस्ट (लीड्स में) पहली पारी में सिर्फ 6 ओवर डाले थे। उस दौरान उन्होंने 38 रन दिए थे और एक भी विकेट नहीं मिला था। जबकि भारतीय गेंदबाजी में इस पारी में 100.4 ओवर फेंके गए थे। फिर दूसरी पारी में भी उन्होंने पारी के कुल 82 ओवर में से सिर्फ 10 ओवर डाले और 51 रन देकर दो विकेट भी लिए। भारत को इस मुकाबले में 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद वह अगले दो मैचों से बाहर हो गए और चौथे टेस्ट में मैनचेस्टर में वापस आए और पहली पारी में 11 ओवर सिर्फ डाले और 55 रन देकर एक भी विकेट नहीं ले पाए। यह मुकाबला ड्रा हुआ था। पूरी सीरीज में सिर्फ तीन पारियों में शार्दुल ने गेंदबाजी की थी और पूरे दौरे पर सबसे कम गेंदबाजी करने वाले खिलाड़ियों में से एक थे। उनके नाम 13 टेस्ट मैचों में 33 विकेट दर्ज हैं। दो टेस्ट मैचों में उन्होंने सिर्फ 27 ओवर गेंदबाजी की और 144 रन दिए।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## न्यूज बाइट्स

### शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार

**दाउदनगर (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** मध्य निषेध थाना दाउदनगर की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर ठोस कार्रवाई करते हुए हसपुरा थाना क्षेत्र में दो युवकों को शराब के साथ गिरफ्तार किया। पहली कार्रवाई धूसरी रोड में की गई जहां पुलिस ने एक युवक को पिट्ठू बैग में शराब लेकर वाहन का इंतजार करते पकड़ा। इसकी तलाशी ली गई तो इसके पास से सात लीटर चुलाई शराब बरामद किया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान दाउदनगर थाना क्षेत्र के बाबू अनुमा निवासी तपसी राजवंशी के पुत्र भगवान राजवंशी के रूप में हुई है। वहीं पुलिस ने दूसरी कार्रवाई गिरधारी बिगहा में की, जहां दो लीटर शराब के साथ धंधेबाज अंकुश कुमार को गिरफ्तार किया गया। यह मंगरू चौधरी का पुत्र बताया जाता है। पुलिस ने दोनों कार्रवाई गुप्त सूचना पर की। बहरहाल दाउदनगर मद्य निषेध पुलिस दोनों ही मामलों में आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### पीपिंग सेरेमनी आयोजित ज्योति कुमारी बनीं एसपी

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय, औरंगाबाद में गुरुवार को आयोजित पीपिंग सेरेमनी के दौरान परीक्षमान पुलिस उपाधीक्षक ज्योति कुमारी को पदोन्नति के बाद औपचारिक रूप से पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) के पद पर अलंकृत किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, औरंगाबाद ने ज्योति कुमारी के कंधों पर तीन सितारे सजाकर उन्हें पदोन्नति का प्रतीक चिह्न प्रदान किया। उन्होंने पदोन्नत अधिकारी को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। पीपिंग सेरेमनी के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों ने भी ज्योति कुमारी को पदोन्नति पर शुभकामनाएं दीं। समारोह का माहौल उत्साहपूर्ण रहा और उपस्थित अधिकारियों ने उनके सफल कार्यकाल एवं बेहतर भविष्य की कामना की।

आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर की मुआवजे और आरोपी चालक की गिरफ्तारी की मांग

# ट्यूशन से लौट रहीं दो चचेरी बहनों को स्कार्पियो ने रौंदा, दोनों की मौत

निज संवाददाता | पौथू (औरंगाबाद)

जिले के पौथू थाना क्षेत्र में गुरुवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे ने दो परिवारों की खुशियां हमेशा के लिए छीन लीं। ट्यूशन पढ़कर साइकिल से घर लौट रही दो चचेरी बहनों को तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने कुचल दिया। हादसे में एक किशोरी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी ने अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में दम तोड़ दिया। घटना के बाद इलाके में मातम छा गया और परिजनों के विलाप से माहौल गमगीन हो उठा। मृतक छात्राओं की पहचान ओबरा थाना क्षेत्र के नरौला गांव निवासी मोहम्मद रियाजुद्दीन की 15 वर्षीय बेटी अफसरी परवीन और रुस्तम अली की 15 वर्षीय बेटी आशिया के रूप में हुई है। दोनों आपस में चचेरी बहन थीं। अफसरी आठवीं कक्षा में पढ़ती थी, जबकि आशिया सातवीं की छात्रा थी।

घटना से नाराज ग्रामीणों और परिजनों ने ओबरा-पौथू मार्ग पर भतारी मोड़ के पास सड़क जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपी चालक की तत्काल गिरफ्तारी, दोनों पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा तथा क्षेत्र में सड़क सुरक्षा के स्थायी उपाय करने की मांग की। सड़क जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात घंटों प्रभावित रहा।

### स्कॉर्पियो की रफ्तार 100 से अधिक थी



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कॉर्पियो की रफ्तार 100 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक थी। दोनों बहनें बराही बाजार से ट्यूशन पढ़कर अपने गांव लौट रही थीं। इसी दौरान तेज रफ्तार वाहन ने उनकी साइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों किशोरियां कई फीट दूर जाकर गिरीं। इसके बाद अनियंत्रित स्कॉर्पियो सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से टकरा गई, जिससे खंभा भी टूटकर गिर पड़ा। हादसे ने दोनों परिवारों को गहरे सदमे में डाल दिया है। अफसरी अपने एक भाई और दो बहनों में सबसे छोटी थी, जबकि आशिया चार भाइयों और चार बहनों में सबसे छोटी थी। अफसरी की मां शहनाज खातून और आशिया की मां कमरून निशा का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में हर ओर मातम पसरा हुआ है।

### चालक की तलाश जारी

सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा लोगों को समझाने का प्रयास किया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो को जब्त कर लिया है, जबकि चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। ओबरा थानाध्यक्ष नीतीश कुमार और एसआई दीपक कुमार के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम समाप्त किया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और दोषी चालक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## टूटे बिजली तार की चपेट में आने से किसान की मौत, गांव में मातम



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गजाधर बिगहा गांव में गुरुवार को टूटे हुए बिजली के तार की चपेट में आने से एक किसान की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव निवासी रामाश्रय यादव के 40 वर्षीय पुत्र ललन यादव के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार ललन यादव खेती-किसानी के साथ पशु चारा की दुकान भी चलाते थे। गुरुवार दोपहर वह दुकान से घर पहुंचे और वहां से खेत जाने के लिए निकले। घर के समीप स्थित मंदिर के पास बिजली का एलटी तार पहले से टूटकर जमीन पर गिरा हुआ था। आशंका है कि जमीन पर पड़ा तार उन्हें दिखाई नहीं दिया और जैसे ही वह उसके संपर्क में आए, तेज करंट की चपेट में आ गए।

घटना को देख आसपास के लोगों और परिजनों ने शोर मचाया। स्थानीय लोगों ने तत्काल बिजली आपूर्ति बंद कराई और काफी मशक्कत के बाद उन्हें करंट की चपेट से बाहर निकाला। गंभीर रूप से झुलसे ललन यादव को आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। सदर अस्पताल में चिकित्सकों ने प्रारंभिक जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। हालांकि परिजनों का कहना था कि उनकी सांसें अभी चल रही हैं। इस पर ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ. अभिषेक कुमार ने दोबारा ईसीजी जांच कराने का निर्देश दिया। पुनः जांच के बाद भी चिकित्सकों ने उनकी मौत की पुष्टि कर दी। मौत की खबर मिलते ही अस्पताल परिसर में चीख-पुकार मच गई और परिजन शव से लिपटकर बिलख पड़े। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया। नगर थानाध्यक्ष बबन बैठा ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

## औरंगाबाद में बिहार सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ



- भ्रष्टाचार मुक्त एवं पारदर्शी प्रशासन के लिए 8 जुलाई तक चलेंगे जागरूकता कार्यक्रम

एसवीवी. संवाददता | औरंगाबाद

बिहार सतर्कता जागरूकता दिवस के अवसर पर गुरुवार को औरंगाबाद में बिहार सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026 का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 2 से 8 जुलाई तक पूरे जिले में संचालित होगा। राज्यस्तरीय कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना स्थित ज्ञान भवन से किया, जिसमें औरंगाबाद समाहरणालय के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष से जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। इस अवसर पर भ्रष्टाचार मुक्त, पारदर्शी एवं जवाबदेह प्रशासन के संकल्प को दोहराते हुए शासन-प्रशासन में ईमानदारी, पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में भ्रष्टाचार के विरुद्ध जन-जागरूकता बढ़ाने, आम नागरिकों को शिकायत निवारण प्रणाली एवं सतर्कता तंत्र से जोड़ने तथा जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम के दौरान ऑनलाइन शिकायत प्रणाली, हेल्पलाइन, निगरानी पोर्टल तथा जिला निगरानी कोषांग की कार्यप्रणाली की जानकारी भी अधिकारियों को दी गई। साथ ही शिकायतों के त्वरित निष्पादन और प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम के उपरांत जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि 2 से 8 जुलाई तक आयोजित सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान सभी सरकारी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर शपथ ग्रहण, परिचर्चा, जागरूकता अभियान, प्रचार-प्रसार तथा जनसहभागिता आधारित कार्यक्रमों का प्रभावी आयोजन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि इस अभियान की सफलता तभी संभव है, जब अधिक से अधिक नागरिक भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूक होकर शिकायत एवं सूचना तंत्र का प्रभावी उपयोग करें तथा ईमानदार, पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज उठाने और सुशासित बिहार के निर्माण में सहयोग देने की अपील की है।

## घरेलू विवाद में पति ने ट्रेन से कटकर दी जान

**ओबरा (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** ओबरा थाना क्षेत्र के शंकरपुर निवासी 30 वर्षीय मजदूर पिंटू साव शंकरपुर रेलवे गुमटी से पूरब ट्रेन से कटकर जान दे दी। बताया जाता है कि पिंटू साव की दो शादी थी पहली पत्नी अपनी तीन बच्चों के साथ बाहर में रहकर मजदूरी कर बच्चों का भरण-पोषण करती थी वहीं पिंटू अपनी दूसरी पत्नी गुड़िया देवी के साथ गांव पर ही रहकर मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था परंतु कुछ दिनों से पति पत्नी के बीच विवाद होता आ रहा था। आस पास के लोगों की माने तो पत्नी गुड़िया देवी अपने पति को नशा का सेवन करने पर रोक लगाने का दवाब बनाती थी परंतु पिंटू साव उसकी बातों को अनसुनी कर उसे हमेशा गाली गलौज करता था। ग्रामीणों के अनुसार पिंटू बुधवार की रात्रि 8 बजे घर से विवाद कर निकला परंतु पत्नी को क्या मालूम था कि वे ट्रेन से कटने जा रहे है। पत्नी ने सोची की गांव में कहीं चले गए होंगे परंतु जब गांव के ग्रामीण सुबह में रेलवे गुमटी की तरफ गए तो वहां लोगों की भीड़ इक्कठा को देखकर पहुंचा तो देखा कि यह गांव का ही पिंटू साव है। लोगों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इधर जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दी है।

## सोन नदी किनारे झाड़ियों में मिला वृद्ध का शव, मवेशी चराने निकले थे घर से

निज संवाददाता | बारूण (औरंगाबाद)

बारुण थाना क्षेत्र के जानपुर गांव के समीप सोन नदी किनारे गुरुवार की सुबह एक 65 वर्षीय वृद्ध का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान जानपुर गांव निवासी कामता राम (65 वर्ष) के रूप में हुई है। वह बुधवार को घर से मवेशी चराने के लिए निकले थे, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे। परिजनों द्वारा पूरी रात खोजबीन किए जाने के बावजूद उनका कोई पता नहीं चल सका। गुरुवार सुबह ग्रामीणों ने सोन नदी किनारे झाड़ियों में एक शव पड़े होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान कामता राम के रूप में की। घटना की जानकारी मिलने पर बारुण थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

परिजनों के अनुसार कामता राम प्रतिदिन की तरह मवेशी चराने के लिए निकले थे। उनका अनुमान है कि तेज गर्मी, उमस और लू के कारण रास्ते में उनकी तबीयत बिगड़ गई होगी, जिससे उनकी मौत हो गई। वहीं स्थानीय स्तर पर घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं भी हो रही हैं। कुछ लोगों का कहना है कि अत्यधिक शराब सेवन के कारण उनकी मौत हुई होगी। हालांकि इन दावों की अब तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। फिलहाल सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच की जा रही है। मृतक के दामाद के भाई बराही गांव निवासी संतोष कुमार ने बताया कि कामता राम अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके दो बेटे और चार बेटियां हैं।

## टीबी मुक्त औरंगाबाद अभियान को मिलेगी गति स्क्रीनिंग और पोषण सहयोग पर विशेष जोर

- मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में की समीक्षा, डीएम ने दिए मिशन मोड में कार्य करने के निर्देश

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत औरंगाबाद जिले में स्क्रीनिंग, समय पर उपचार और मरीजों को पोषण सहयोग उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास और तेज किए जाएंगे। गुरुवार को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित राज्यस्तरीय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिले में संचालित टीबी उन्मूलन अभियान की समीक्षा की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा, सिविल सर्जन एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में जिले में टीबी स्क्रीनिंग अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए, ताकि अधिक से अधिक लोगों की जांच कर संभावित मरीजों की समय पर पहचान एवं उपचार सुनिश्चित किया जा सके। विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों तथा संवेदनशील समूहों में व्यापक स्क्रीनिंग अभियान चलाने पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान टीबी मरीजों को उपचार अवधि में पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के लिए पोषण सहयोग (फूड बास्केट) व्यवस्था को और मजबूत बनाने पर भी विशेष बल दिया गया। इसके लिए सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, उद्योगों तथा जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि जनसहभागिता के माध्यम से मरीजों को बेहतर पोषण सहायता मिल सके। मुख्य सचिव ने कहा कि समय पर जांच, नियमित उपचार और पर्याप्त पोषण ही टीबी उन्मूलन की सबसे मजबूत आधारशिला है। सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए गए। बैठक के उपरांत जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मुख्य सचिव के सभी निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि टीबी स्क्रीनिंग, समयबद्ध उपचार और पोषण सहयोग कार्यक्रम को मिशन मोड में संचालित किया जाए, ताकि औरंगाबाद को शीघ्र टीबी मुक्त जिला बनाने के लक्ष्य को हासिल किया जा सके। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं और जनप्रतिनिधियों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील करते हुए कहा कि जनसहयोग से ही टीबी मुक्त औरंगाबाद और टीबी मुक्त भारत का संकल्प साकार किया जा सकता है।

## यूपीआई साइबर ठगी के शिकार व्यक्ति को मिले 20 हजार रुपये वापस

**औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)।** यूपीआई के माध्यम से हुई साइबर ठगी के एक मामले में औरंगाबाद साइबर थाना की त्वरित कार्रवाई से पीड़ित को बड़ी राहत मिली है। साइबर थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए ठगी की गई 20 हजार रुपये की राशि वापस करा दी। जानकारी के अनुसार, पीड़ित झुना कुमार साइबर ठगी का शिकार हो गए थे। शिकायत मिलने के बाद साइबर थाना की टीम ने मामले की जांच शुरू की और त्वरित कार्रवाई करते हुए बैंक एवं संबंधित एजेंसियों के समन्वय से ठगी गई 20,000 रुपये की राशि सफलतापूर्वक वापस कराई। औरंगाबाद पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक या यूपीआई धोखाधड़ी का शिकार होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं अथवा निकटतम साइबर थाना से संपर्क करें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर नुकसान से बचा जा सके।

**पीड़ित को पूरी राशि सफलतापूर्वक लौटाई गई**

## हसपुरा-मेहंदिया मार्ग पर अनियंत्रित होकर पलटा ई-रिक्शा, चालक समेत दो घायल

निज संवाददाता | हसपुरा (औरंगाबाद)

हसपुरा-मेहंदिया मुख्य मार्ग पर गुरुवार दोपहर गबसपुर पेट्रोल पंप के समीप एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक समेत दो लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हसपुरा पहुंचाया गया। घायलों में अरवल जिले के करपी थाना क्षेत्र निवासी रामपरिखा यादव के 25 वर्षीय पुत्र बीरबल कुमार, जो ई-रिक्शा चला रहे थे, गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं हसपुरा थाना क्षेत्र के अमझर शरीफ गांव निवासी जितेंद्र चौधरी की 25 वर्षीय पत्नी आशा देवी के पैर में चोट आई है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया। चालक बीरबल कुमार की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए गया रेफर कर दिया गया, जबकि आशा देवी का इलाज हसपुरा में किया गया। बताया जाता है कि ई-रिक्शा में सवार अन्य यात्रियों को भी मामूली चोटें आई थीं। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को घर भेज दिया गया। दुर्घटना के बाद कुछ देर के लिए मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।




## मतदाताओं की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें बीएलओ : मो.जफर इमाम



निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)

मतदाताओं की शिकायतों पर उसके समाधान की दिशा में संबंधित बीएलओ को त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करना है। उक्त फरमान दाउदनगर बीडीओ मो. जफर इमाम का है। बीडीओ ने गुरुवार को सभी 184 बीएलओ के साथ प्रखंड सभागार में दो शिफ्टों में बैठकें आयोजित की और जरूरी दिशा निर्देश जारी किए। मसलन मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने एवं संबंधित अन्य खास मसलों को लेकर विस्तार से दिशा - निर्देश दिए गए। बीएलओ से कहा गया कि संभव है किसी मतदाता की शिकायत आपके मोबाइल पर आया और इतिफाक आपने उसे तत्काल नहीं उठाया, तो कोई बात नहीं, मतदाता की शिकायत आपके मेसेज में चला जायेगा। आप उनकी शिकायतों को देखकर उसका समाधान तुरंत करें। कहा कि किसी भी मतदाता के नाम जोड़ने, हटाने अथवा संशोधन से संबंधित आवेदन मिलने पर उसका निष्पादन त्वरित सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में शुद्धिकरण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करना आवश्यक है।

बैठक में बताया गया कि नए मतदाताओं का नाम जोड़ने के लिए निर्धारित प्रपत्र छः भरना होगा तथा उम्र प्रमाण पत्र और एड्रेस प्रूफ जमा करना अनिवार्य रहेगा।

## दाउदनगर महाविद्यालय में वन महोत्सव सप्ताह की हुई शुरुआत, संगोष्ठी का भी आयोजन



- जलवायु परिवर्तन गंभीर चुनौती, चेतना जरूरी : डॉ. सुमित कुमार मिश्रा

निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)

दाउदनगर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा वन महोत्सव सप्ताह का आरंभ गुरुवार को किया गया। यह आगामी 7 जुलाई तक चलेगा। वहीं इस मौके पर महाविद्यालय के प्रेमचंद सभागार में 'जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में वनों का सामाजिक महत्व' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन प्राचार्य प्रो. डॉ. एम. एस. इस्लाम के मार्गदर्शन में किया गया। मनोविज्ञान विभाग के डॉ. श्रीनिवास सिंह ने स्वागत भाषण किया। इस दौरान उन्होंने अपने प्रयास से किये गये वृक्षारोपण के कार्यों की चर्चा की और इस संकल्प को दोहराया कि अगर प्रत्येक व्यक्ति अपने खास दिन के अवसर पर एक पेड़ भी लगाये तो वन महोत्सव सप्ताह के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। बतौर मुख्य वक्ता डॉ. सुमित कुमार मिश्रा, सहायक प्राचार्य, वनस्पति विज्ञान विभाग ने अपने व्याख्यान में कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन संपूर्ण विश्व के समक्ष एक गंभीर चुनौती है। इसके प्रभावों को कम करने में वनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। वन केवल पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में ही सहायक नहीं हैं, बल्कि जैव विविधता संरक्षण, जल स्रोतों की सुरक्षा, कार्बन अवशोषण, प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव को कम करने तथा समाज के आर्थिक एवं सांस्कृतिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।